RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 296
नई दिल्ली, रविवार, 3 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



जोकोविच अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में
स्पोर्ट्स-12

# चांद जीते, अब सूरज से मिलाएंगे नजर

● इसरो ने आदित्य एल-1 का सफल प्रक्षेपण किया, अंतरिक्ष यान 125 दिन में पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर लंबी यात्रा करने के बाद लैग्रेंजियन बिंदु एल1 के पास सूर्य के करीब स्थित प्रभामंडल कक्षा में स्थापित होगा

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कुछ दिन पहले चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग करने के बाद एक बार फिर इतिहास रचने के उद्देश्य से शनिवार को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल1 का यहां स्थित अंतरिक्ष केंद्र से सफल प्रक्षेपण किया।

इसरो ने बताया कि आदित्य-एल1 यान पीएसएलवी रॉकेट से सफलतापूर्वक अलग हो गया है। भारत का यह मिशन सूर्य से संबंधित रहस्यों से पर्दा हटाने में मदद करेगा। इसरो के अधिकारियों ने बताया कि जैसे ही 23.40 घंटे की उलटी गिनती समाप्त हुई, 44.4 मीटर लंबा ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से



श्रीहरिकोटा से सूर्य मिशन के लिए रवाना होता आदित्य एल-1

सुबह 11.50 बजे निर्धारित समय पर शानदार ढंग से आसमान की तरफ रवाना हुआ। इसरो के अनुसार, आदित्य-एल1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली अंतरिक्ष-आधारित वेधशाला है। यह अंतरिक्ष यान 125 दिन में पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर लंबी यात्रा करने के बाद लैग्रेंजियन बिंदु एल1 के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित होगा, जिसे सूर्य के सबसे करीब माना जाता है। यह वहीं से सूर्य पर होने वाली विभिन्न घटनाओं का अध्ययन करेगा।

पिछले महीने 23 अगस्त को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग में सफलता प्राप्त कर भारत ऐसा कीर्तिमान रचने वाला दुनिया का पहला और अब तक का एकमात्र देश बन गया है। आदित्य एल1 सूर्य के रहस्य जानने के लिए विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक अध्ययन करने के साथ ही विश्लेषण के वास्ते इसकी तस्वीरें भी धरती पर भेजेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक, पृथ्वी और सूर्य के बीच पांच लैग्रेंजियन बिंदु (या पार्किंग क्षेत्र) हैं, जहां पहुंचने पर कोई वस्तु वहीं रुक जाती है। लैग्रेंज बिंदुओं का नाम इतालवी-फ्रांसीसी गणितज्ञ जोसेफ-लुई लैग्रेंज के नाम पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले उनके अनुसंधान पत्र- एस्से सुर ले प्रोब्लेम डेस ट्रोइस कॉर्प्स, 1772 के लिए रखा गया है।

लैग्रेंज बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के बीच गुरुत्वाकर्षण बल संतुलित होता है, जिससे किसी उपग्रह को इस बिंदु पर रोकने में आसानी होती है। सूर्य मिशन को आदित्य एल-1 नाम इसलिए दिया गया है, क्योंकि यह पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर लैग्रेंजियन बिंदु। (एल1) क्षेत्र में रहकर अपने अध्ययन कार्य को अंजाम देगा। यहां स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुए अंतरिक्ष यान को वैज्ञानिक शुरू में पृथ्वी की निचली कक्षा में रखेंगे, और बाद में इसे अधिक दीर्घवृत्तकार किया जाएगा। अंतरिक्ष यान को फिर इसमें लगी प्रणोदन (शेष पेज 9)

## प्रधानमंत्री मोदी ने इसरो को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के पहले सूर्य मिशन के सफल प्रक्षेपण के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और इसके वैज्ञानिकों को शनिवार को बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए अतंरिक्ष की बेहतर समझ विकसित करने के वास्ते हमारे अथक वैज्ञानिक प्रयास जारी रहेंगे। प्रधानमंत्री ने लिखा, भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के लिए हमारे वैज्ञानिकों तथा इंजीनियरों को बधाई।

## सफल प्रक्षेपण पर देश गौरवान्वितः शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर देश गौरवान्वित और प्रसन्न है। शाह ने साथ ही इसके लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। शाह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, हमारे वैज्ञानिकों ने लगातार अपना पराक्रम और प्रतिभा साबित की है। पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण पर देश गौरवान्वित तथा प्रसन्न है। उन्होंने कहा कि इस अद्वितीय उपलब्धि के लिए इसरो की टीम को बधाई। यह अमृत काल में अंतरिक्ष (शेष पेज 9)

## योगी आदित्यनाथ ने पूरी टीम को दी बधाई

**लखनऊ।** भारतीय स्पेस मिशन की इस ऐतिहासिक सफलता पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसरो सहित पूरी टीम को बधाई देते हुए इसे आत्मनिर्भर भारत की शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक करार दिया। साथ ही इस मिशन की पूर्ण सफ लता की कामना भी की। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, 'संपूर्ण मानवता की सेवा के ध्येय के साथ आज 'नए भारत' की सामर्थ्य का प्रतीक आदित्य-एल1 मिशन सफलतापूर्वक लॉन्च हो गया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ देशवासियों (शेष पेज 9)

# जी-20: दिल्ली पुलिस ने की फुल ड्रेस रिहर्सल



नई दिल्ली में शनिवार को आगामी जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के मद्देनजर फुल ड्रेस कारकेड रिहर्सल किया गया।

● आज भी तीन रिहर्सल करेगी, सुबह 8 से 9 बजे तक, 9.30 से 10.30 बजे तक और दोपहर 12.30 से शाम 4 बजे तक

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**8 से** 10 सितंबर के बीच जी 20 शिखर बैठक से पहले, दिल्ली पुलिस ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न हिस्सों से नई दिल्ली जिले की ओर जाने वाले कारों के काफिलों को एस्कॉर्ट करते हुए फुल ड्रेस रिहर्सल की। रिहर्सल का समय सुबह 8.30 बजे से दोपहर 12 बजे, शाम 4.30 बजे से 6 बजे और शाम 7 बजे से 11 बजे तक था।

पुलिस रविवार को भी तीन रिहर्सल करेगी- सुबह 8 बजे से 9 बजे तक, सुबह 9.30 बजे से 10.30 बजे तक और दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए, आतंकवाद विरोधी क्रैक फोर्स राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) ने फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में विभिन्न स्थानों पर गुप्त तलाशी ली।

एनएसजी जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान ड्रोन खतरों को बेअसर करने और उनका मुकाबला करने के लिए अपनी ड्रोन रोधी टीमों को तैनात करेगा, साथ ही किसी भी आतंकी आकस्मिकता की स्थिति में शिखर सम्मेलन के आसपास अपनी हवाई टीमों को भी तैनात करेगा। एनएसजी को दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा योजनाओं में (शेष पेज 9)


# लैंडर और रोवर को निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू होगी

● चंद्रमा पर अब रात शुरू होने के कारण निष्क्रिय करने की प्रक्रिया चालू होगी, चांद की सतह पर लैंडर से सौ मीटर तक की दूरी तय कर चुका है रोवर

**एजेंसी।** श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि चंद्रमा पर भेजे गए चंद्रयान-3 के रोवर और लैंडर ठीक से काम कर रहे हैं और चूंकि चंद्रमा पर अब रात हो जाएगी इसलिए इन्हें निष्क्रिय किया जाएगा।

सोमनाथ ने कहा कि लैंडर विक्रम और रोवर प्रज्ञान अब भी काम कर रहे हैं और हमारी टीम अब वैज्ञानिक साजो-सामान के साथ ढेर




इसरो द्वारा भेजी गई तस्वीर में दिखाया है कि शिवशक्ति प्वाइंट से किस तरह सौ मीटर की दूरी रोवर ने तय की है

सारा काम कर रही है। उन्होंने कहा, अच्छी खबर यह है कि लैंडर से रोवर कम से कम 100 मीटर दूर हो गया है और हम आने वाले एक या दो दिन में इन्हें निष्क्रिय करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रहे हैं, क्योंकि वहां (चांद पर) रात होने वाली वाली है। इसरो प्रमुख ने (शेष पेज 9)

एक देश, एक चुनाव

# आठ सदस्यीय कमेटी में शाह, अधीर रंजन

● लोस, विस, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली कमेटी गौर करेगी

● अधीर रंजन चौधरी ने समिति का सदस्य बनने से इनकार कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर गौर करने और जल्द से जल्द सिफारिशें देने के लिए शनिवार को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति अधिसूचित कर दी। समिति तुरंत ही काम शुरू कर देगी और जल्द से जल्द सिफारिशें करेगी।

`समिति की अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे और इसमें गृहमंत्री अमित शाह, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद और वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एन के सिंह सदस्य होंगे। वहीं गृह मंत्री अमित शाह को लिखे पत्र में अधीर रंजन चौधरी ने समिति का सदस्य बनने से इनकार कर दिया। इसमें पूर्व लोकसभा महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी भी सदस्य होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में समिति की बैठकों में हिस्सा लेंगे, जबकि कानूनी मामलों के सचिव नितेन चंद्रा समिति के सचिव होंगे। समिति संविधान, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम और किसी भी अन्य कानून और नियमों की पड़ताल करेगी और (शेष पेज 9)

# बालासोर रेल हादसा मामले में रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो जून के बालासोर रेल दुर्घटना मामले में कथित गैर-इरादतन हत्या और सबूत नष्ट करने के सिलसिले में गिरफ्तार रेलवे के तीन अधिकारियों के खिलाफ शनिवार को आरोप-पत्र दाखिल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

सीबीआई ने ओडिशा के बालासोर जिले में पदस्थ तीन वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (सिग्नल) अरुण कुमार महंत, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर आमिर खान और तकनीशियन पप्पू कुमार को इस रेल हादसे की जांच के सिलसिले में सात जुलाई को गिरफ्तार किया था। दुर्घटना में 296 लोग मारे गए थे और।,200 से अधिक घायल हुए। यह दुर्घटना दो जून को उस वक्त हुई थी, जब कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन पर एक खड़ी एक मालगाड़ी से टकरा गई और पटरी से उतरे इसके कुछ डिब्बे बगल की पटरियों पर गिर गए तथा वहां से गुजर रही यशवंतपुर-



फाइल फोटो

हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गए। भुवनेश्वर में विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष दाखिल अपने आरोप पत्र में, जांच एजेंसी ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 304 भाग-दो (गैर-इरादतन हत्या), धारा 201 (साक्ष्य का विलोपन), धारा 34 तथा रेलवे अधिनियम की धारा 153 (जानबूझकर की गई चूक से रेलयात्रियों की सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत आरोप लगाए हैं।

सीबीआई ने आरोप लगाया कि आरोपी पर घटनास्थल बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के सिग्नल और दूरसंचार संपत्तियों के कुशल रखरखाव की सीधी जिम्मेदारी थी। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई ने आरोप लगाया है कि बाहानगा बाजार स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 94 पर मरम्मत कार्य महंत द्वारा एलसी गेट नंबर 79 के सर्किट आरेख का उपयोग करके किया गया था। उन्होंने कहा कि आरोपी का कर्तव्य यह सुनिश्चित करना था कि मौजूदा सिग्नल और इंटरलॉकिंग इंस्टॉलेशन का परीक्षण, मरम्मत और बदलाव स्वीकृत योजना और निर्देशों के अनुसार हो, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ओडिशा पुलिस से जांच अपने हाथ में ले ली थी।

एक उच्च-स्तरीय रेलवे जांच में दुर्घटना का मुख्य कारण गलत सिग्नलिंग पाया गया था और सिग्नलिंग तथा दूरसंचार विभाग में 'कई स्तरों पर चूकें को भी चिह्नित किया गया था, लेकिन संकेत दिया गया था कि यदि पिछले चेतावनी संकेतों की जानकारी दी जाती तो त्रासदी को टाला जा सकता था। रिपोर्ट में कहा गया है कि फील्ड पर्यवेक्षकों की एक टीम ने वायरिंग आरेख को संशोधित किया, लेकिन इसे दोहराने में विफल रही। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 16 मई, 2022 को दक्षिण पूर्व रेलवे (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### एएसआई ने सर्वेक्षण के लिए आठ सप्ताह का और समय मांगा

**वाराणसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण पूरा करने एवं सर्वेक्षण रिपोर्ट जमा करने के लिए आठ सप्ताह का और समय मांगा है। एएसआई ने शनिवार को जिला न्यायाधीश की अदालत में आवेदन दिया, जिस पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की गई है। जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम ने शनिवार को जिला न्यायाधीश की अदालत में सर्वेक्षण के कार्य को पूरा करने और सर्वेक्षण की रिपोर्ट जमा करने के लिए आठ सप्ताह का और समय दिए जाने की मांग की है। जिला न्यायाधीश ए के विश्वेश के अवकाश पर होने पर प्रभारी जिला न्यायाधीश एडीजे प्रथम संजीव सिन्हा ने इस मामले पर सुनवाई के लिए आठ सितंबर की तारीख तय की है। जिला न्यायाधीश की अदालत ने सील वजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी परिसर का सर्वेक्षण करने और उसकी रिपोर्ट चार सितंबर तक जमा करने के आदेश दिए थे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम चार अगस्त से ही सर्वेक्षण कर रही है।

# बाइडन सात को भारत आएंगे, पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे

● जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति वियतनाम की यात्रा पर जाएंगे

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आगामी बृहस्पतिवार (सात सितंबर) को भारत जाएंगे। व्हाइट हाउस के मुताबिक, बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ एक द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

जी20 समूह का मौजूदा अध्यक्ष भारत नई दिल्ली में नौ और दस सितंबर को होने वाले इस शिखर



सम्मेलन में वैश्विक नेताओं की मेजबानी करेगा। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार रात जारी एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन भारत में जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आगामी बृहस्पतिवार (सात सितंबर) को नई दिल्ली जाएंगे। इसमें कहा गया है कि सम्मेलन के दौरान बाइडन जी20 समूह के बेहतरीन नेतृत्व के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करेंगे। बयान के अनुसार, बाइडन आगामी शुक्रवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इसमें बताया गया है कि आगामी शनिवार (नौ सितंबर) और रविवार (दस सितंबर) को राष्ट्रपति जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे, जिसमें सदस्य देशों के नेता स्वच्छ ऊर्जा अपनाने और जलवायु परिवर्तन से निपटने सहित अन्य अहम वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने के लिए उठाए जा रहे संयुक्त कदमों पर चर्चा करेंगे।

बयान के मुताबिक, जी20 देशों के नेता यूक्रेन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आक्रमण के आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का भी आकलन करेंगे। इसमें कहा गया है कि जी20 नेता वैश्विक चुनौतियों से निपटने और गरीबी से बेहतर ढंग से लड़ने के लिए विश्व बैंक सहित अन्य बहुपक्षीय विकास बैंकों की क्षमता बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे। बयान के अनुसार, नई दिल्ली की यात्रा के (शेष पेज 9)

# अयोध्या में शीघ्र बनेगा मंदिर संग्रहालय

● प्रस्तावित संग्रहालय की दीर्घाओं में देश के प्रसिद्ध मंदिरों की विशिष्टताओं और वास्तुकला को चित्रों और भित्ति चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा

**भाषा।** अयोध्या

**उत्तर** प्रदेश सरकार ने देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों के इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए अयोध्या में एक संग्रहालय बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सरकार इस परियोजना के लिए एक विस्तृत खाका तैयार कर रही है। अयोध्या के आयुक्त गौरव दयाल ने पीटीआई-भाषा को



अयोध्या में निर्माणाधीन राममंदिर का फाइल चित्र

बताया कि यह मंदिर 10 एकड़ से अधिक भूमि पर बनाए जाने की योजना है और इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि का चयन अभी नहीं किया गया है। दयाल के अनुसार संग्रहालय में मंदिर के विभिन्न पहलुओं जैसे उसके डिजाइन, निर्माण आदि को प्रदर्शित करने वाली अलग-अलग दीर्घाएं होंगी। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित संग्रहालय की दीर्घाओं में देश के प्रसिद्ध मंदिरों की विशिष्टताओं और वास्तुकला को चित्रों और भित्ति चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें लाइट एंड साउंड शो भी आयोजित किया जाएगा। अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने संग्रहालय की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करनी शुरू कर दी है। कुमार ने कहा कि इस संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म और इसकी विरासत के बारे में जागरूकता लाना है, साथ ही दर्शन, धार्मिक व्यक्तित्व, धार्मिक केंद्र, हिंदू तीर्थस्थलों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि परिसर में एक बगीचा, तालाब, कैफेटेरिया और बेसमेंट में पार्किंग भी बनाए जाने की योजना हैं। तीर्थ नगरी अयोध्या में कम से कम छह हजार मंदिर हैं और सामान्य दिनों में लगभग तीन लाख लोग यहां आते हैं। जिला प्रशासन के सूत्रों ने बताया कि मकर संक्रांति, राम नवमी, जुलाई-अगस्त में सावन झूला मेला, चौदह कोसी परिक्रमा, अक्टूबर-नवंबर में पंच कोसी परिक्रमा और दीपों के पर्व दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान यहां आने वालों की संख्या लगभग 10 लाख तक हो जाती है। अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अगले साल जनवरी में खुलने की उम्मीद है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 3 सितंबर, 2023



# सपा और कांग्रेस को सिर्फ परिवार की चिंता: नड्डा

## भाजपा अध्यक्ष ने गाजियाबाद से 'मेरी माटी-मेरा देश अभियान' की शुरुआत की, विपक्षी पार्टियों पर बोला हमला

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गाजियाबाद से मेरी माटी-मेरा देश अभियान की शुरुआत की। शनिवार को वह मोहननगर में शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर पहुंचे और वहां से मिट्टी ली। इसके बाद एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कल कुछ लोग मुंबई आए थे।

कौन थे ये लोग ये वो लोग थे, जो परिवार को आगे ले जाना चाहते हैं। लालू को तेजस्वी, अखिलेश को डिंपल, सोनिया जी को राहुल की चिंता है। ये काहे की नेशनल पार्टियां ये तो परिवार की पार्टियां हैं, उन्होंने यह भी कहा उद्धव ठाकरे को किसकी चिंता है, महाराष्ट्र की या आदित्य की, शरद की पार्टी परिवार के कारण टूटी।

तृणमूल कांग्रेस बंगाल के लिए नहीं, भतीजे के लिए है। लालू यादव की पार्टी में कोई बाहर का नाम नहीं दिखता। किसी पर रेल भर्ती जमीन घोटाले, तो किसी पर चारा घोटाले का आरोप है। नेशनल हेराल्ड केस में मां-बेटा जमानत पर चल रहे हैं। जेपी नड्डा ने


मेरी माटी-मेरा देश अभियान के दौरान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सांसद वीके सक्सेना व अन्य।

चुटकी लेते हुए पूछा- मनीष सिसौदिया आजकल कहां हैं, अरविंद जी को नींद आती है, इन सब लोगों को देश से मतलब नहीं है।

इन्हें अपने आप को बचाने से मतलब है। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के बारे में बताते नड्डा ने कहा, श्राष्ट्रभक्तों को याद करना ही इसका मकसद है। हम वार्ड, गांव, नगर पंचायत तक जाएंगे। देश की प्रत्येक फोर्सेज में शहीद हुए लोगों के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलेंगे और ये एहसास कराएंगे कि वो अकेले नहीं हैं। पूरा देश उनके साथ खड़ा है। हर वार्ड में शहीदों के नाम की शिला पट्टिका लगेगी। हर वार्ड और नगर पंचायत में 75.75 पौधे लगाए जाएंगे। ये पौधे अक्टूबर-23 के आखिरी में दिल्ली पहुंचेंगे, जहां इन्हें अमृत वाटिका में लगाया जाएगा। यूपी से कुल 8 हजार मिट्टी से कलश भरकर दिल्ली पहुंचाए जाएंगे। जेपी नड्डा ने कहा, 10 साल पहले जब मैं गाजियाबाद के मोहननगर आता था, तो ऐसा लगता था कि पता नहीं दिल्ली से कौन सी दुनिया में जा रहा हूं। आज तमाम रोड हैं। ब्रेक मारने तक की जरूरत नहीं पड़ती। यही परिवर्तन है। गाजियाबाद के बगल में एशिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने जा रहा है। उन्होंने कहा 9 साल में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। स्टील उत्पादन में 14वें से दूसरे नंबर पर आ गया। ऑटोमोबाइल में जापान को पछाड़कर तीसरे स्थान पर है।

97 फीसदी मोबाइल आज भारत में बन रहे हैं। इससे पहले जेपी नड्डा शनिवार सुबह गाजियाबाद पहुंचे। साहिबाबाद इलाके उन्होंने श्मेरी माटी.मेरा देश अभियान का शुभारंभ किया। जेपी नड्डा ने कुपवाड़ा में शहीद हुए मेजर मोहित शर्मा के घर से मिट्टी लेकर कलश में भरी। इस दौरान आस.पास के घरों से भी मिट्टी एकत्र की गई। यहीं पर एक अमृत वाटिका में उन्होंने पौधारोपण भी किया है। नड्डा जिन शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर मिट्टी ली, वो देश की रक्षा के लिए शहीद हो गए थे। 13 जनवरी 1978 को पैदा हुए मोहित 1995 में सेना में भर्ती हुए थे। मोहित को बेस्ट बटालियन कैडेट चुना गया था।

21 मार्च-2009 को मेजर मोहित शर्मा की पोस्टिंग कुपवाड़ा में थी। एक मुठभेड़ में उन्होंने दो आतंकियों को ढेर किया और अपने दो साथियों की जान बचाई थी। इस दौरान वे वीरगति को प्राप्त हो गए थे। 26 जनवरी 2010 को शहीद मेजर मोहित शर्मा को मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया था। साल-2012 में गाजियाबाद की एक सड़क का नाम मोहित शर्मा के नाम पर रखा गया। 2019 में राजेंद्रनगर मेट्रो स्टेशन का नाम शहीद मेजर मोहित शर्मा मेट्रो स्टेशन रखा गया। साल-2021 में गाजियाबाद में करण गेट पुलिस चौकी चौराहे पर मेजर मोहित शर्मा की एक मूर्ति भी लगाई गई, जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया था। देश के वीरों को सम्मान देने के लिए मेरी माटी-मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर लगेंगे 10 वाच टावर



● 50 किमी के दायरे में दो पुलिस कर्मी, वायरलेस सेट, दूरबीन और सर्विलांस से जुड़े रहेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

एक से दो महीने में मौसम बदलेगा और ठंड बढ़ेगी। इसके साथ यमुना एक्सप्रेस वे पर कोहरा बढ़ेगा। दुर्घटना भी बढ़ सकती है। इसे रोकने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से पायलट प्रोजेक्ट पर दो वाच टावर लगाए गए थे।

जॉइंट सीपी आनंद कुलकर्णी ने बताया कि अब टावरों की संख्या बढ़ाकर 10 की जा रही है। ग्रेटर नोएडा के जीरो प्वाइंट से जेवर टोल करीब 50 कीमी में ये वॉच टावर लगाए जाएंगे। इसमें दोनों साइड प्रत्येक 10.10 झड पर वॉच टावर होगा। इन टावर की ऊंचाई करीब 15 फ ीट रखी गई है। जिस पर कैमरे और दूरबीन लगाई जाएगी। यहां यलो लाइट का प्रयोग होगा। सभी वॉच टावर एक दूसरे से इंटरनल लिंक होंगे। ताकि कोई भी सूचना का आदान प्रदान तुरंत किया जा सके। उदाहरण के तौर पर यदि कोई एक्सीडेंट जीरो पाइंट से 5.6 किमी पर होता है। सभी टावरों को अलर्ट पहुंच जाएगा और यहां ट्रैफि क को रोक दिया जाएगा। कोहरे में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। इसके जरिए यातायात को भी सुचारु रूप से चलाया जा सकेगा। यानी ऐसा समझे के सीसीटीवी कैमरों के अलावा अब एक्सप्रेस वे के 50 किमी की मैन्यू वली सर्विलांस होगा। इन वॉच टावर पर 8.8 घंटे पुलिस कर्मियों की डियूटी लगाई जाएगी। यानी 24 घंटे एक्सप्रेस वे की निगरानी की जाएगी। यमुना एक्सप्रेसवे पर एक बार फिर से रफ्तार का नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की संख्या बढ़ी है। बीते साल की तुलना में इस साल प्रत्येक माह में अधिक चालान हुए हैं। पिछले वर्ष 1205 चालान हुए थे। इस वर्ष अब तक 1560 चालान हो चुके हैं। चालान की जद में आए ज्यादातर वाहनों की गति 130 से 140 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई थी।

हल्के और भारी वाहनों के लिए अलग-अलग गति सीमा निर्धारित यमुना एक्सप्रेस वे पर हल्के और भारी वाहनों की अलग.अलग गति सीमा निर्धारित है। इसमें हल्के वाहनों की गति 100 किलोमीटर प्रति घंटा और भारी वाहनों की रफ्तार 80 किलोमीटर प्रति घंटा तय है। इससे अधिक गति में वाहन दौड़ते मिलने पर चालान किए जाते हैं।

परिवहन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि प्रति घंटा पांच से दस किलोमीटर अधिक रफ्तार पर चालान नहीं होते हैं। यदि रफ्तार इससे भी ऊपर पहुंच जाती है तो चालान किए जाते हैं। वहीं सर्दियो में इसकी स्पीड लिमिट 60 किमी प्रतिघंटा तक की जाती है। वॉच टावर पर तैनात पुलिसकर्मी मोबाइल यूनिट, डायल 112 और सर्विलांस टीम के साथ कोऑर्डिनेशन में काम करेंगे।

# प्राधिकरण के सीइओ ने लगाया जनता दरबार

● बीस दिन के अंदर सभी शिकायतों का निपटारा करने का दिया आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा प्राधिकरण की ओर से समाधान दिवस का आयोजन सेक्टर-47 सामुदायिक केंद्र में किया गया। इस मौके पर सेक्टर-38ए सेक्टर-51, सेक्टर-96 और सेक्टर-100 के निवासियों की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान किया गया।

समाधान दिवस में सीईओ लोकेश एम के अलावा प्राधिकरण के तीनों एसीईओ, ओएसडी और एडीसीपी मौजूद रहे। सीईओ ने कहा जो भी समस्या है उनका निपटारा करते हुए 20 दिन बाद कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अधिकतर सेक्टरों में खुले नाले व भूमिगत नालों से सीवर ओवर फ्लो होना, खुले नालों की साफ-सफाई नहीं होना, नालों को ढकने व खुले नालों में कचरा होने


सीईओ लोकेश एम

संबंधित शिकायत मिली। इस संबंध में ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए सलाहकार कंपनी नियुक्त कर सर्वे कराने के लिए कहा गया। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने सेक्टर के पार्क व ग्रीन बेल्ट के रखरखाव, चार दिवारी की मरम्मत, बैंच, झूले, पेड़ों की कटाई छटाई, बरसात में पार्क में पानी की निकासी की समस्या से अवगत कराया। सीईओ ने निर्देशित किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने, ग्रीन बेल्ट आसपास लगे छोटे पेड़ों में ट्री गार्ड लगाने, लाइटिंग करने के निर्देश दिए गए।

# शराब की तस्करी को रोकेंगे चौकीदार

● पुलिस और 22 गांवों के चौकीदारों की बैठक हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में आबकारी विभाग अवैध शराब की रोकथाम को लेकर लगातार अलग-अलग अभियान चला रहा है। साथ ही शराब तस्करों के खिलाफकार्रवाई भी कर रहा है।

तस्करी पर लगाम लगाने के लिए आबकारी विभाग ने 22 गांव के चौकीदारों के साथ बैठक की। यह लोग आबकारी विभाग के कान और आंख बनेंगे। आबकारी आयुक्त के आदेशानुसार जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर एवम पुलिस आयुक्त गौतम बुद्ध नगर के नेतृत्व में जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दादरी तहसील स्थित बादलपुर थाने पर आबकारी निरीक्षक सर्किल 7 एवं थानाध्यक्ष बादलपुर की उपस्थिति में बादलपुर के अंतर्गत आने वाले 22 गाँव के चौकीदारों की मीटिंग की गई।

सभी चौकीदारों को निर्देशित किया गया कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी तरह की जानकारी प्राप्त होने पर आबकारी विभाग को तुरंत सूचित करें। सभी चौकीदारों को आबकारी निरीक्षक का मोबाइल नंबर देते हुए ये सुनिश्चित किया गया कि बीट के सिपाही के साथ समय समय पर खाली पड़े मकानों एसंदिग्ध स्थलों पर निरीक्षण करें तथा गांव से सम्बंधित किसी भी व्यक्ति की अवैध शराब के कारोबार में संलिप्तता पाए जाने पर तुरंत सूचित करें। आबकारी विभाग द्वारा शराब की तस्करी को लेकर यह निर्णय लिया गया है। जिसमें गांव के चौकीदार आबकारी विभाग की मदद करेंगे। आबकारी अधिकारी ने बैठक करके सभी से कहा कि अवैध शराब पर लगाम लगाने के लिए विशेष रूप से गांव में ध्यान रखें और तस्करी करता है तो इसकी सूचना पुलिस को दे।

## महिला ने पंखे से लटककर दी जान

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद इलाके में कौशांबी थाना क्षेत्र के तहत वैशाली कॉलोनी में एक महिला ने अपने आवास पर पंखे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के मुताबिक पिंकी गुप्ता ने आत्महत्या कर ली। उसने बताया कि पुलिस को उसके कमरे से एक डायरी मिली है, जिसमें उसने अपने जीवन के पिछले चार साल की हर घटना के बारे में लिखा था। महिला साकिब नामक शख्स द्वारा चलाए जा रहे जिम में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम कर रही थी और उसके साथ रह रही थी। पुलिस ने शक के आधार पर साकिब को गिरफ्तार कर लिया है।

# नए मास्टर प्लान की स्वीकृति के लिए शासन जाएगी जीडीए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मास्टर प्लान 2031 को ग्रीन सिग्नल देने से पहले यूपी सरकार का स्वीकृति लेना होगा। जीडीए बोर्ड की बैठक में मास्टर प्लान का ड्राफ्ट पेश किया गया था। इस ड्राफ्ट को यूपी सरकार की कुछ आपत्ति के बाद जीडीए की ओर से संशोधन करने का प्लान तैयार किया गया था।

तीन प्वाइंट को लेकर मास्टर प्लान पर शासन के नियोजन विभाग की ओर से आपत्ति दर्ज कराई गई थी। इसके बाद जीडीए ने भी उन आपत्तियों के निस्तारण किया था। इसके बाद जीडीए की हाल ही में बोर्ड की हुई बैठक में मास्टर प्लान के ड्राफ्ट को पेश किया गया था। इस पर काफी डिटेल के साथ अधिकारियों ने विचार विमर्श किया गया। साथ ही सदस्यों ने भी इस पर काफी गंभीरता से विचार किया कि इसमें और क्या अच्छा प्रस्ताव जोड़ा जा सकता है। वहीं अब जीडीए का नियोजन विभाग बोर्ड की बैठक में जो राय आई है उसको भी समायोजित किया जा रहा है। इसके समायोजन की प्रक्रिया जल्दी ही पूरी हो जाएगी।

# अब नक्शों में बिल्डर नहीं कर सकेंगे गड़बड़ी

● राजस्व विभाग के मानचित्र से कराए जाएंगे सुपर इम्पोज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अक्सर देखा गया है कि बिल्डर प्राधिकरण से जो नक्शा पास कराते है उसके अनुसार वो निर्माण नहीं करते। बल्कि ज्यादा कमाने के चक्कर में कॉमन एरिया, ग्रीनरी के साथ खिलवाड़ करते हुए वहां भी निर्माण करते है। अब ऐसा नहीं होगा।

मसलन, प्राधिकरण द्वारा परियोजना के स्वीकृत मास्टर प्लान के नक्शे को राजस्व विभाग के नक्शे पर सुपर इम्पोज़ कराया जाएगा। इससे प्रमोटर अपनी परियोजना से संबंधित जो स्वीकृत अभिलेख व मानचित्र यूपी रेरा में उपलब्ध कराते हैं। उन्हें उसी के अनुसार परियोजना का निर्माण करने के लिए बाध्य होना



पड़ेगा। प्रमोटर द्वारा परियोजना के वास्तविक व स्वीकृत मानचित्र या नक्शे में किसी भी प्रकार का बदलाव करना असंभव हो जाएगा और इस प्रक्रिया की मदद से जांच में आसानी होगी। पहले फेज में यह प्रक्रिया जीआईएस ग्लोबल इन्फॉर्मेशन सिस्टम बेस्ड मास्टर प्लान वाले 13 शहरों में लागू होगी। जिसमें श्रिमोट सेंसिंग की सटीक तकनीकी का उपयोग कर परियोजना के नक्शों को राजस्व विभाग के नक्शो के ऊपर सुपर इम्पोजिशन किया जाएगा।

इससे भविष्य में परियोजना के मूल नक्शे में किसी भी बदलाव सम्बन्धित विवाद में सुपर इंपोस्ड मैप की मदद ली जाएगी जिससे कोई भी बदलाव स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

उप्र रेरा चेयरमैन संजय भूसरेड्डी ने कहा कि यूपी रेरा का प्रमुख उद्देश्य रियल एस्टेट सेक्टर को विनियमित कर विकास के पथ पर ले जाना है। यह तभी सम्भव है जब रेरा अधिनियम का अनुपालन प्रदेश भर में सुचारु रूप से हो सके।

परियोजना के नक्शों के सुपर इम्पोजीशन से होम बायर्स को भी प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हो सकेगा। प्रमोटर द्वारा जो नक्शा प्राधिकरण में उपलब्ध कराया गया होगा उसी के अनुसार निर्माण प्राप्त होने से होम बायर्स और प्रमोटर के बीच विवाद की संभावनाएं भी नहीं रह जाएंगी। यूपी रेरा को बिल्डर परियोजनाओं के बैंक खातों की सूचना उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी प्रमोटर्स के साथ-2 वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों की भी होगी। इसके लिए एक गाइडलाइन भी बनाई की जा रही है।

**Rungta Irrigation Limited**

SYMBOL OF QUALITY

**रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड**

सीआईएन : एल74899डीएल1986पीएलसी023934
पंजीकृत कार्यालय : 101, प्रगति टावर्स, राजेन्द्र प्लेस, नई दिल्ली 110008, भारत
फोन : +91-11-40453330/40453331 ; सम्पर्क व्यक्ति : श्रीमती आयुषी विजय, कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी, ई मेल आईडी : cs@rungtairrigation.in; वेबसाइट : www.rungtairrigation.in

39वीं एजीएम की सूचना तथा रिमोट ई वोटिंग की जानकारी

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी की 39वीं वार्षिक सामान्य बैठक मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 को अप. 01.00 बजे (आईएसटी) वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से, 39वीं एजीएम सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों और तदधीन विरचित नियमों के साथ पठित एमसीए/सेबी सर्कुलर्स के अनुपालन में किसी एक स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना आयोजित की जाएगी। उपरिवर्णित सर्कुलर्स के अनुसरण में, आभासी एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2022 23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट, केवल ई मेल द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जा चुकी है, जो अपना ई मेल पता अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास पंजीबद्ध करवा चुके हैं तथा यह कार्य 02 09 2023 को पूरा किया जा चुका है। एजीएम की सूचना की ई कॉपी वित्तीय वर्ष 2022 23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित कम्पनी की वेबसाइट www.rungtairrigation.in पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

कम्पनी मंगलवार, 19 सितम्बर, 2023 को शेयरों के धारक इसके सदस्यों को आगामी एजीएम में उनके मताधिकार के प्रयोग हेतु ई वोटिंग सुविधा उपलब्ध करा रही है। सदस्यगण अपना वोट बैठक के स्थान से इतर अन्य स्थान से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करते हुए डाल सकते हैं (ई वोटिंग)। कम्पनी ने रिमोट ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध कराने हेतु एनएसडीएल के साथ अनुबंध किया है। कम्पनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों और उसके नियमों के अनुसरण मे विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

1. ई वोटिंग अवधि शनिवार, 23 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा सोमवार, 25 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
2. 25 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे के बाद इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
3. एजीएम की सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय का निष्पादन ई वोटिंग अथवा एजीएम में ई वोटिंग द्वारा किया जा सकता है।
4. कम्पनी की शेयर अंतरण बहियां बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 से मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 तक (दोनों दिन सहित) वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।
5. वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम से जुड़ने की सुविधा बैठक आरंभ होने के निर्धारित समय से 30 मिनट पहले और बाद होगा तथा सदस्यों को यह सुविधा प्रथम आगत प्रथम स्वागत आधार पर उपलब्ध होगी।
6. सदस्यों का वोटिंग अधिकार कट ऑफ तिथि 19 सितम्बर, 2023 को कम्पनी की प्रदत्त शेयर पूंजी के साथ उनके द्वारा धारित शेयरों के अनुपात में होगा। कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट-ऑफ तिथि, 19 सितम्बर, 2023 को शेयर धारक है, वह evoting@nsdlindia.co.in को अथवा cs@rungtairrigation.in को अनुरोध भेज कर लॉगइन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। सदस्यों से रिमोट लॉगइन क्रेडेन्शियल्स का प्रयोग करते हुए https://eservices.nsdl.com/ लॉगइन करने का अनुरोध है। बैठक के दौरान वीसी/ओएवीएम के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक प्रतिभागिता हेतु लिंक शेयरधारक/सदस्य के लॉगइन पोर्टल में उपलब्ध होगा जहां कम्पनी का म्टम्छ प्रदर्शित किया जाएगा। सदस्यों द्वारा परोक्षी की नियुक्ति हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं होगी क्योंकि एजीएम का आयोजन वीसी/ओएवीएम के माध्यम से किया जा रहा है। ऐसा व्यक्ति जो कट ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसको एजीएम की सूचना जानकारी मात्र के निमित्त समझनी चाहिए।
7. ई-वोटिंग तथा वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने के संबंध में किसी संदेह अथवा शिकायत की स्थिति में, सदस्यगण श्री अमित विशाल, एनएसडीएल, ट्रेड वर्ल्ड-ए विंग, कमला मिल्स कम्पाउंड, लोअर परेल, मुंबई-400013, ई-मेल : evoting@nsdl.co.in, टोल फ्री नंबर : 1800 1020 990 तथा 1800 224430 से सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सदस्यगण श्री पुनीत मित्तल, महाप्रबंधक, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., आरटीए से beetalrta@gmail.com पर अथवा फोन नंबर : 011 29961281 283, 26051061 064 पर सम्पर्क कर सकते हैं। रिमोट ई वोटिंग के विस्तृत विवरण के लिए, कपया एजीएम की सूचना देखें। यदि आप रिमोट ई-वोटिंग के संबंध में कुछ पूछना चाहते हैं, कृपया https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू'ज") और ई वोटिंग यूजर मैनुअल देखें।
8. श्री नकुल प्रताप सिंह, कार्यरत कम्पनी सचिव (सदस्यता सं. ए55529), स्वामी मैसर्स एनपीएस ऐंड एसोसिएट्स को वोटिंग तथा रिमोट ई वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा एक निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
9. परिणामों की घोषणा बैठक के समापन से अधिकतम अड़तालीस घंटों के भीतर की जाएगी और उसी दिन कम्पनी की वेबसाइट www.rungtairrigation.in पर प्रकाशित किए जाएंगे और बीएसई लि. को भेजे जाएंगे।
10. सदस्य रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु बैठक में दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

जिन सदस्यों ने अपनी ई मेल आईडी पंजीबद्ध नहीं करवाई है, उनसे अनुरोध है कि उसके पंजीकरण हेतु निम्नवर्णित प्रक्रिया का पालन करें :

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | अपना विवरण कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट, बीटल फाइनैंशियल ऐंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि. के पास निर्धारित प्रपत्र आईएसआर-1 तथा अन्य संबद्ध प्रपत्रों में पंजीकृत/अद्यतन करवाएं। सदस्यगण निर्धारित प्रपत्र कम्पनी की वेबसाइट https://www.rungtairrigation.in/investor-information/download-category/kyc-compliance-for-shareholders/ से डाउनलोड कर सकते हैं। |
| अभौतिक धारण | कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट (डीपी) से सम्पर्क करें और अपना ई मेल पता डीपी द्वारा सुझाई गई प्रक्रिया के अनुसार पंजीकृत करवाएं। कृपया अपना बैंक विवरण भी अपने डीपी के पास एनएसीएच द्वारा लाभांश, यदि कम्पनी द्वारा घोषित किया जाता है, एनएसीएच द्वारा भुगतान हेतु अद्यतन करवाएं। |

वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित सभी शेयरधारकों/सदस्यों, जो कुछ कहना या प्रश्न पूछना चाहते हैं, को कम्पनी की ई मेल आईडी पर अपने फोलियो नंबर डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, फोलियो नंबर, पैन, मोबाइल नंबर तथा शेयरों की संख्या के साथ अपना पंजीकरण 25 सितम्बर, 2023 को अथवा पूर्व करवाएं तथा अपने प्रश्न, यदि कोई, कम्पनी की ई मेल आईडी cs@rungtairrigation.in पर भेज दें तथा सब्जेक्ट लाइन Speaker Registration of Rungta Irrigation Limited होनी चाहिए।

वास्ते रूंगटा इर्रिगेशन लिमिटेड
हस्ता./-
आयुषी विजय
कम्पनी सचिव
एम नंबर : ए55853

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 03-09-2023

**SUNLOC**

**सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662/ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com/ वेब : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087

बुधवार, दिनांक 27 सितम्बर, 2023 को मध्या. 12.30 बजे/आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजनार्थ निर्धारित 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग तथा बही बंदी की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 49वीं वार्षिक साधारण बैठक बुधवार, 27 सितम्बर, 2023 को अप. 12.30 बजे/आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसके लिए पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252-ए, विजय टावर, तृतीय तल, पंचशील कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049 बैठक का स्थान माना जाएगा, जिसमें एजीएम सूचना में सूचीबद्ध व्यवसाय निष्पादित किया जाएगा।

कार्पोरेट मंत्रालय (एमसीए) के जनरल सर्कुलर नंबर 14/2020 दिनांकित 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांकित 05 मई, 2020, 02/2021 दिनांकित 13 जनवरी, 2021 तथा इस संबंध में जारी किए गए अनुवर्ती सर्कुलर्स, जिनमें नवीनतम 02/2022 दिनांकित 5 मई, 2022 तथा 10/2022 दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 हैं, और सेबी द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 तथा सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 के अनुसरण में, कम्पनियों को वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) का आयोजन, किसी एक स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से करने की अनुमति दी गई है।

उपरोक्त सर्कुलर्स के अनुपालन में, एजीएम की सूचना, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसार व्याख्यात्मक विवरण सहित, तथा रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग प्रक्रिया का विस्तृत विवरण, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थिति का विवरण, वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि सहित, उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक विधि से शनिवार, 02 सितम्बर, 2023 को भेजी जा चुकी है जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/आरटीए/ डिपॉजिटरी प्रतिभागी (डीपी) के पास पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त उक्त विवरण कम्पनी की वेबसाइट https://www.sunilhealthcare.com/annual-reports, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. की वेबसाइट https://instavote.linkintime.co.in पर भी उपलब्ध है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 44 और भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठक पर सचिवीय मानक के अनुसरण में, कम्पनी सदस्यों को 49वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) में विचार हेतु प्रस्तावित प्रस्तावों पर ई-वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोट डालने की सुविधा प्रदान कर रही है। कम्पनी ने "रिमोट ई-वोटिंग"/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए इंस्टावोट प्लेटफार्म उपलब्ध कराने हेतु लिंकइनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सेवाएं अनुबंधित की हैं।

वे सदस्य, जो विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 को भौतिक अथवा अभौतिक रूप में शेयरों के धारक हैं, एजीएम में सूचीबद्ध व्यवसायों पर अपना वोट लिंक इनटाइम प्राइवेट लिमिटेड के इलेक्ट्रॉनिक इंस्टावोट प्लेटफार्म : https://instavote.linkintime.co.in के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक विधि से डाल सकते हैं।

सूचीबद्ध कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-वोटिंग सुविधा के विषय में सेबी सर्कुलर दिनांकित 9 दिसम्बर, 2020 के अनुसरण में, डीमैट रूप में प्रतिभूतियों के धारक व्यक्तिगत शेयरधारक केवल 9 जून, 2021 के बाद डिपॉजिटरीज तथा डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अनुरक्षित अपने डीमैट खाते के माध्यम से अपना वोट डाल सकते हैं। विस्तृत रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के लिए, कृपया 49वीं एजीएम की सूचना का नोट नंबर 20 देखें।

सदस्यगण नोट करें कि :

i) रिमोट ई-वोटिंग अवधि रविवार, 24 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 9.00 बजे आरंभ होगी तथा मंगलवार, 26 सितम्बर, 2023 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी और उसके बाद ई-वोटिंग मॉड्यूल ई-वोटिंग एजेन्सी द्वारा वोटिंग के लिए निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
ii) शेयरधारक द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी।
iii) सदस्यों के वोटिंग अधिकार कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी में विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 को उनके शेयरों के अनुपात में होंगे।
iii) कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना प्रेषित किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) अर्थात बुधवार, 20 सितम्बर, 2023 को शेयरधारक है, एजीएम की सूचना के नोट नंबर 20 मे दिए गए रिमोट ई-वोटिंग के अनुदेशों का अनुपालन कर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
iv) कोई व्यक्ति, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों की पंजिका में अथवा सदस्यों की पंजिका में विच्छेदन तिथि (कट-ऑफ डेट) को दर्ज मौजूद है, केवल वही व्यक्ति रिमोट ई-वोटिंग/वार्षिक सामान्य बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा।
v) सदस्य रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डालने के बाद भी एजीएम में भाग ले सकता है, परंतु एजीएम में पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होगा।
vi) श्री तारा चंद शर्मा, कार्यरत कम्पनी सेक्रेटरी (सदस्यता संख्या 5749 और सीपी संख्या 4078 है) तथा मैसर्स जैन शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज, जयपुर के स्वामी, को ई-वोटिंग तथा रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
vii) यदि भौतिक रूप मे प्रतिभूतियों के धारक शेयरधारकों/सदस्यों/संस्थागत सदस्यों को ई-वोटिंग के संबंध में कोई शंका है, वे https://instavote.linkintime.co.in पर हेल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू'ज) तथा इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा enotices@linkintime.co.in पर ई-मेल भेज सकते हैं अथवा फोन : 022-4918 6000 पर सम्पर्क कर सकते हैं। सदस्यगण delhi@linkintime.co.in, cs@sunilhealthcare.com पर अथवा हमारे आरटीए से भी rta@alankit.com अथवा lalitap@alankit.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।
viii) ई-वोटिंग तथा वीसी अथवा ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने के विस्तृत अनुदेशों के लिए, सदस्यों से बैठक की सूचना (विशेषकर नोट नंबर 21) पढ़ने का अनुरोध किया जाता है।

आगे सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और संचालन) नियमावली, 2014 के नियम 10 तथा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां बृहस्पतिवार, 21-09-2023 से बुधवार, 27-09-2023 तक (दोनों दिन सहित) कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजनार्थ बंद रहेंगी।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
हस्ता./-
सत्येन्दु पट्टनाइक
कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
एफ7736
स्थान - नई दिल्ली
दिनांकित - 02 सितम्बर, 2023

पंजीकृत कार्यालय :38ई/252-ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली-110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
फोन : +91-11-49435555/00, फैक्स : +91-11-43850087
ई-मेल आईडी : info@sunilhealthcare.com
वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com

**डेल्टन केबल्स लिमिटेड**

सीआईएन: एल31300डीएल1964पीएलसी004255
पंजी. कार्यालय : डेल्टन हाउस 4801, भरत राम रोड 24 दरियागंज, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.deltoncables.com, ई-मेल : cs@deltoncables.com,

सूचना

(डेल्टन केबल्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ)

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि डेल्टन केबल्स लिमिटेड के सदस्यों की अठ्ठावनवीं (58वीं) वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम), शनिवार, 30 सितम्बर, 2023 को पूर्वा. 11.00 बजे, कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों एवं तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (सूचीयन दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015, समय समय पर संशोधित, के साथ पठित कार्पोरेट मंत्रालय द्वारा जारी सर्कुलर नंबर 14/2020, दिनांकित 08 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 17/2020, दिनांकित 13 अप्रैल, 2020, सर्कुलर नंबर 20/2020, दिनांकित 05 मई, 2020, सर्कुलर नंबर 22/2020, दिनांकित 15 जून, 2020, सर्कुलर नंबर 33/2020, दिनांकित 28 सितम्बर, 2020, सर्कुलर नंबर 39/2020, दिनांकित 31 दिसम्बर, 2020, सर्कुलर नंबर 02/2021, दिनांकित 13 जनवरी, 2021, सर्कुलर नंबर 10/2021, दिनांकित 23 जून, 2021, सर्कुलर नंबर 19/2021, दिनांकित 8 दिसम्बर, 2021, सर्कुलर नंबर 21/2021, दिनांकित 14 दिसम्बर, 2021, सर्कुलर नंबर 02/2022, दिनांकित 5 मई, 2022, सर्कुलर नंबर 10/2022 तथा 11/2022, दिनांकित 28 दिसम्बर, 2022 (सामूहिक रूप से "एमसीए सर्कुलर्स" कहे गए हैं) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी1/सीआईआर/पी/2020/79 दिनांकित 12 मई, 2020, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2 /सीआईआर /पी/2021/11 दिनांकित 15 जनवरी, 2021, सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर /पी/2022/62 दिनांकित 13 मई, 2022 और सर्कुलर नंबर सेबी/एचओ/सीएफडी/पीओडी-2/पी/सीआईआर/2023/4 दिनांकित 5 जनवरी, 2023 (सामूहिक रूप से "सेबी सर्कुलर्स" कहे गए हैं) के अनुपालन में, किसी उभय स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से, एजीएम की सूचना दिनांकित 11 अगस्त, 2023 में सूचीबद्ध व्यवसाय के निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

उपरिवर्णित एमसीए तथा सेबी सर्कुलर (सर्कुलर्स) के अनुसरण में, 58वीं एजीएम की सूचना, जिसमें अन्य के साथ, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने हेतु प्रक्रिया तथा अनुदेशों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग (ई-वोटिंग) हेतु प्रक्रिया एव अनुदेशों की व्याख्या, निष्पादित की जाने वाली व्यवसाय मदों और वित्तीय वर्ष 2022 23 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित व्याख्यात्मक विवरण शामिल है, उन सदस्यों को केवल इलेक्ट्रॉनिक विधि द्वारा भेजी जाएगी जिनका ई-मेल पता कम्पनी/डिपॉजिटरीज के पास पंजीबद्ध है। सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता एमसीए सर्कुलर्स तथा सेबी सर्कुलर द्वारा वर्ष 2023 हेतु समाप्त कर दी गई है। उपरोक्त दस्तावेजों की इलेक्ट्रॉनिक मेलिंग 7 सितम्बर, 2023 को अथवा पूर्व पूर्ण करने की आशा की जाती है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियमावली, 2014, समय समय पर संशोधित, के नियम 20, और सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 (सूचीयन विनियमावली) के विनियम 44 के अनुसरण में, कम्पनी, इसके सदस्यों को, एजीएम में पारित किए जाने हेतु प्रस्तावित सभी प्रस्तावों पर सदस्यों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए रिमोट ई-वोटिंग सुविधा तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग की सुविधा सीडीएसएल के माध्यम से उपलब्ध करा रही है।

जिन सदस्यों के पास शेयर भौतिक/इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और जिनका ई-मेल पता कम्पनी/उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट के पास पंजीबद्ध नहीं है, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे सदस्य द्वारा सम्यक् हस्ताक्षरित पत्र की स्कैन प्रति अपना नाम, पूरा पता, फोलियो नंबर, कम्पनी के धारित शेयरों की संख्या का उल्लेख करते हुए, पैन कार्ड की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति तथा निम्नलिखित किसी एक दस्तावेज नामतः आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, निर्वाचन कार्ड, पासपोर्ट, यूटिलिटी बिल अथवा कम्पनी के पंजीकृत सदस्य के पता प्रमाण के समर्थन में किसी अन्य सरकारी दस्तावेज की स्व-सत्यापित स्कैन प्रति cs@deltoncables.com अथवा investor@beetalfinancial.com को भेजकर अपना ई मेल पता यथाशीघ्र पंजीकृत करवा लें, ताकि एजीएम की सूचना तथा 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट ई मेल द्वारा प्राप्त कर सकें। जिन सदस्यों के पास शेयर डीमैट रूप में हैं, वे अपना ई मेल पता अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपैंट्स के पास अद्यतन करवा सकते हैं।

कृपया नोट करें कि उपरोक्त स्कैन दस्तावेजों के आधार पर ई मेल पता का अद्यतनीकरण/पंजीकरण केवल 58वीं एजीएम की सूचना तथा वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक रिपोर्ट भेजने के उद्देश्यार्थ होगा और तदुपरांत 58वीं एजीएम के तत्काल पश्चात आरटीए के रेकार्ड से निष्क्रिय कर दिए जाएंगे। अतएव आपको कम्पनी से सभी भावी सूचनाएं, जिनमें वार्षिक रिपोर्ट्स, सूचनाएं, सर्कुलर्स इत्यादि शामिल हैं, इलेक्ट्रॉनिक विधि से प्राप्त करने के लिए रेकार्ड में स्थायी पंजीकरण के लिए उपरोक्त दस्तावेजों की हार्ड कॉपीज आरटीए के पास भेजनी होंगी।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

क) रिमोट ई-वोटिंग 27-09-2023 को पूर्वा. 10.00 बजे आरंभ होगी ;
ख) रिमोट ई-वोटिंग 29-09-2023 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी ;
ग) रिमोट ई वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए ग्राह्यता निर्धारण हेतु कट-ऑफ तिथि 23-09-2023 है ;
घ) कोई व्यक्ति, जो कम्पनी द्वारा सूचना ई मेल किए जाने के बाद कम्पनी के शेयर अर्जित करता है तथा कम्पनी का सदस्य बनता है और विच्छेदन तिथि को भौतिक/डीमैट शेयरों का धारक है, helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेज कर अथवा टोल फ्री नंबर 1800 22 55 23 पर कॉल करके लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यही प्रक्रिया डीमैट/भौतिक रूप में शेयरों के धारक सदस्यों द्वारा अपनाई जा सकती है, जिनके द्वारा अपनी ई-मेल आईडीज पंजीकृत/अद्यतन नहीं करवाई गई है। इस हेतु सत्यापन विवरण जैसे कि फोलियो नंबर, डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी, पैन (स्कैन प्रति), डीमैट खाता विवरण भेजना होगा ;
ङ) रिमोट ई-वोटिंग 29-09-2023 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी और तथा उसके बाद सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दी जाएगी। सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर एक बार वोट डाल दिए जाने के बाद, सदस्य को उसमें कोई परिवर्तन करने की अनुमति नहीं होगी ;
च) ई वोटिंग सुविधा एजीएम के दौरान भी उन सदस्यों के लिए उपलबध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला गया है। वे सदस्य जो एजीएम से पूर्व रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके होंगे, वे वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग ले सकते हैं, परंतु पुनः अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे ;
छ) केवल वह व्यक्ति रिमोट ई वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने का हकदार होगा, जिसका नाम डिपॉजिटरीज द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों अथवा सदस्यों की पंजिका में, कट-ऑफ तिथि को, दर्ज मौजूद होगा ;
ज) श्री वैभव शर्मा, स्वामी मैसर्स वैभव शर्मा ऐंड एसोशिएट्स, कम्पनी सेक्रेटरीज (सीपी नंबर 10831) को रिमोट ई वोटिंग तथा ई वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से करने हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।
झ) यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई वोटिंग के लिए सीडीएसएल के साथ पहले से पंजीकृत है, तो विद्यमान यूजर आईडी तथा पासवर्ड/पिन का प्रयोग वोट डालने के लिए किया जा सकता है। यदि कोई सदस्य पासवर्ड भूल जाता है, तो वह www.evotingindia.com पर उपलब्ध "Forgot User Details/Password" का प्रयोग कर पासवर्ड दोबारा बना सकता है। एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट (i) कम्पनी की वेबसाइट www.deltoncables.com (ii) सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com (iii) स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध होगी।

एजीएम से पहले अथवा उसके दौरान किसी संदेह की स्थिति में आप www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूजर मैनुअल तथा बहुधा पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू'ज़") का संदर्भ ग्रहण कर सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिख सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग के लिए सुविधा संबंधी सभी शिकायतें श्री राकेश दाल्वी, प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वां तल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कम्पाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (ईस्ट), मुम्बई 400013 को संबोधित की जा सकती हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेजी जा सकती है अथवा टोलफ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल की जा सकती है।

कृते डेल्टन केबल्स लिमिटेड
हस्ता./-
विकास रावत
कम्पनी सचिव तथा अनुपालनाधिकारी

स्थान : दिल्ली
तिथि : 02-09-2023

# हरियाली से घिरे आईटीसी ग्रैंड भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के तहत शेरपा की चौथी बैठक आज से

### आईटीसी ग्रैंड भारत होटल की तरफ जाने वाला रास्ता चकाचक

### नौरंगपुर गांव के बीच से गुजरता है यह रास्ता

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**जी-20** शिखर सम्मेलन के तहत शेरपा की चौथी बैठक रविवार से शुरू होगी। गुरुग्राम-तावडू रोड पर बने आईटीसी ग्रैंड भारत होटल में इस बैठक की भव्य तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। भारत की अतिथि देवो भव: की समृद्ध परंपरा के अनुरूप सरहौल बॉर्डर से आयोजन स्थल होटल तक के रूट पर हरियाणा सरकार ने की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं।

सप्ताह भर पहले तक जो रोड टूटा-फूटा नजर आता था, अब उसकी सूरत इतनी बदल दी गई है कि लोग भी हैरान हैं। साथ ही खुश हैं कि शिखर सम्मेलन के बहाने उनकी सड़क में सुधार तो हुआ है। आईटीसी ग्रैंड भारत में 3 से 7 सितंबर तक आयोजित होगी। आयोजन स्थल की कनेक्टिविटी गुरुग्राम से अच्छी होने के कारण सभी तैयारियां शनिवार को पूरी कर ली गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमा पर सिरहौल बॉर्डर से लेकर खेड़की दौला टोल प्लाजा, रामपुरा फ्लाइओवर से आयोजन स्थल तक के रूट पर हरियाणा सरकार की ओर से विशेष सजावट की गई है। वहीं भगवान श्री कृष्ण के विराट स्वरूप को भी आयोजन स्थल पर प्रदर्शित किया गया है। खेड़की दौला टोल प्लाजा पर भी जी-20 बैठक के लिए दोनों ओर दो-दो लाइन निर्धारित की गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस उच्च स्तरीय बैठक में जी-20 शिखर सम्मेलन के सदस्य देशों के अलावा आमंत्रित देशों के शेरपा तथा अन्य डेलीगेट्स भाग लेंगे। हरियाणा अपनी अतिथि देवो भव: की समृद्ध परंपरा के अनुरूप विदेशी मेहमानों के स्वागत तथा रहन-सहन के प्रबंध करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। हरियाणा सरकार चौथी शेरपा बैठक के सफल आयोजन में भरपूर सहयोग दे रही है। उन्होंने बताया कि इस बैठक के लिए मुख्य रूप से सड़क सुधारीकरण कार्य, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट, सुरक्षा, मेहमानों के आवागमन आदि को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए है। बैठक के प्रतिभागियों की सुविधा के लिए उनके साथ 23 लायजन ऑफिसर भी लगाए गए है, जिनमें 19 एचसीएस तथा 4 आईएएस स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इस बैठक के लिए इन अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। डीसी ने बताया गया कि चौथी शेरपा बैठक के दौरान 4 सितंबर को सभी प्रतिभागी अतिथियों को हरियाणा सरकार की तरफ से रात्रिभोज दिया जाएगा। इसमें राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी भागीदारी करेंगे।



गुरुग्राम जिला में एनएच-48 से आईटीसी ग्रैंड भारत होटल की ओर जाने वाले मार्ग पर हरियाणा सरकार की ओर से किया गया ब्रैंडिंग का कार्य।


होटल आईटीसी ग्रैंड भारत के गेट पर लगाई गई भगवान विष्णु की विशालकाय कलाकृति।

### कई किलोमीटर के क्षेत्र में लगाई गई हैं स्ट्रीट लाइट्स

### गमले रखकर प्राकृतिक रूप से की गई है सजावट

## संक्षिप्त समाचार

### महिला के अंडाशय से निकाली 3 किलो की गांठ

**गुरुग्राम।** सिल्वर स्ट्रीक अस्पताल के डॉक्टर्स ने एक महिला के अंडाशय से 3 किलो की गांठ निकालकर जीवनदान दिया है। अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम ने गुरुग्राम निवासी महिला के अंडाशय से गांठ निकालने का सफल ऑपरेशन किया। इतनी बड़ी गांठ के होने के कारण महिला को चलने-फिरने, सांस लेने और पाचन-क्रिया तक में परेशानी आ रही थी। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-87 में स्थित सिल्वर स्ट्रीक मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल में मंजू देवी धर्म पत्नी विनोद कुमार निवासी राजेन्द्र पार्क गुरुग्राम को पेट दर्द के चलते भर्ती कराया गया। जिसके चलते उनकी अल्ट्रासाउंड की जांच कराई गई। जिसमें पता चला कि महिला के दाहिने अडांशय में तीन किलो वजनी गांठ है। उसकी सभी प्री-ऑपरेटिव जांच की गई। मरीज मंजू देवी को सर्जरी के लिए तैयार किया गया। मरीज की गांठ सफलतापूर्वक निकाली गई। डॉक्टर वीके गुप्ता (न्यूरो सर्जन) ने बताया कि इलाज के बाद मरीज ठीक है। यह सर्जरी डा. अर्चना चौधरी (गायनीकॉलोजिस्ट) और उनकी टीम के सहयोग से सफलता पूर्वक की गई।


महिला का ऑपरेशन करते चिकित्सक।

### सांचौली में पानी पाइप को लेकर दो गुटों के बीच बरसे पत्थर

**सोहना।** सदर थाना सोहना के गांव सांचौली में पानी के पाइप को लेकर दो गुटों में हुआ झगड़े में लाठी, डंडा, सरिया चलने के साथ-साथ मकानों के छत पर खड़ें होकर पत्थर बरसाएं गए। इस झगड़े में पिता व पुत्री गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हे पहले सोहना और बाद में गुरुग्राम के सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। गांव सांचौली निवासी युसुफ ने सदर थाना पुलिस को बताया कि उसके पडोसी अल्लाद्दीन ने अपने चाचा के घर से पानी आपूर्ति का पाइप ले रखा है। वह पाइप अल्लाद्दीन ने उसके मकान में लगा जंगले में बांधा हुआ है। पाइन नीचे होने के कारण रास्ते से निकलने वाले वाहनों को टच करता है। जिससे उनका जंगला बार-बार उखड़ने लगता है। जिसके उसने पडोसी अल्लाद्दीन को खोलने 28 अगस्त को पाइप खोलने को कहा था। । अल्लाद्दीन ने उसकी पत्नी सरजीना से ही खोलने को कह दिया। सरजीना ने पाइप को खोल दिया। जिसको लेकर गुस्साएं अल्लाद्दीन और उसके भाई-भतीजों ने अपने हाथों में लोहे की सरिया, लाठी व डंडा लेकर आए और उसके घर में घुसकर परिजनों को पिटना शुरु कर दिया। आरोपियों ने अपने मकानों की छत पर रखें पत्थरों को भी उनके घर में फेंके। झगड़े में घायल पिता युसुफ व पुत्री मनतसा को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हे गुरुग्राम के सेक्टर दस के लिए रेफर कर दिया। जहा पर तीन दिन चला उपचार के बाद युसुफ ने सदर थाना सोहना में आकर अपने ब्यान दर्ज करा दिए। पुलिस ने युसुफ द्वारा दिए गए ब्यानों के आधार पर मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी है।

### राज्यस्तरीय तीरंदाजी में सोहना से 31 खिलाड़ी लगाएंगे निशाना

**सोहना।** राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता 12 से 14 सितम्बर के बीच जींद में होगी। सोहना खेल स्टेडियम में तीरंदाजी के 31 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्थानीय खेल स्टेडियम में 26 और 27 अगस्त को हुई जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 31 खिलाड़ियों ने अलग-अलग वर्ग में जीत हासिल की थी। तीरंदाज कोच भगवत सिंह ने बताया कि स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में हुई तीरंदाजी प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ियों में अंडर-19 रिकरव राउंड में गर्ल्स वर्ग में श्वेता, कोमल। लड़कों के वर्ग में यश, इंद्रजीत व तरुण ने जीत हासिल की थी। कंपाउंड राउंड लड़कियों में वंदना व दीपांशी तथा लड़कों में सोमेश- दीप भाग लेंगे। इंडियन राउंड लड़कियों में एंजेल व महक तथा जगत भाग लेगा। अंडर-17 में रिकरव राउंड लड़कियों में कनिका व कनिष्का तथा लड़कों में सिद्धार्थ भाग लेगा। कंपाउंड राउंड लड़कियों में जिया, तन्वी व स्वस्ति था। इंडियन राउंड लड़कियों में रिशा मेहता व गुंजन। लड़कों में समीर, भविष्य, भावया। अंडर-14 रिकरव राउंड लड़कियों में ऐसा व वेद। नैंसी व प्रियंका। कंपाउंड राउंड लड़कियों में नव्या व देवकी। इंडियन राउंड लड़कियों में पावनी व लडकों में मयंक आदि खिलाड़ी भाग लेंगे।

## नप कार्यकारी अधिकारी का फिर हुआ तबादला, पांच माह में चार अधिकारी बदले

**पायनियर समाचार सेवा। सोहना**

**नगर** परिषद कार्यकारी अधिकारी को फिर हुआ तबादला। बीतें पांच माह में परिषद के मुख्य प्रशासक का चौथी बार तबादला हुआ है। कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा ने दो माह पहले ही स्थानीय परिषद कार्यालय का कार्यभार संभाला था। नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में कार्यकारी अधिकारी की मुख्य भूमिका होती है। इसके अलावा परिषद के प्रशासनिक कार्य भी कार्यकारी अधिकारी की मौजूदगी में होते है। एक बार फिर से नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा का तबादला हो जाने से 21 वार्डों में होने वाले विकास कार्यों की गति प्रभावित हो सकती है। निशा शर्मा का वापस गोहाना परिषद कार्यालय में तबादला हुआ है। निशा शर्मा ने गोहाना से तबादला सोहना होने पर 3 जुलाई को कार्यभार संभाला था।

### सदन की बैठक हो सकती है रदद

**जानकार** सूत्रों के अनुसार निशा शर्मा सोमवार को स्थानीय नगर परिषद कार्यालय का कार्यभार छोड़कर मंगलवार को गोहाना का परिषद का कार्य संभाल लेंगी। जबकि स्थानीय परिषद कार्यालय में सोमवार को सदन की बैठक होनी है। जिसमें विकास कार्यों से लेकर कई नई योजनाओं के प्रस्ताव मोहर लगने वाली है। लेकिन कार्यकारी अधिकारी का तबादला हो जाने से सदन की बैठक होने या न होने की आशंका के बादल मंढराने लगे है।


सोहना नगरपरिषद की कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा।

### तीन माह में बदले तीन अधिकारी

**31 मार्च** को नगर परिषद के कार्यकारी अधिकार अतरसिंह को तबादला यमुनानकर हो गया था। उसके बाद पटौदी में रहे सचिव राजेश मेहता व अरुण नादल को स्थानीय नगर परिषद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। लेकिन पटौदी से अरुण नादल का तबदाल हो जाने पर यहा से भी उनका कार्यभार समाप्त हो गया था। अरुण नादल के बाद नूंह में कार्यकारी अधिकारी रहे सुरेश चंद को अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था। फिर तीन जुलाई को निशा शर्मा के स्थाई कार्यकारी अधिकारी के तौर पर आदेश होने के बाद अधिकारियों के आवागमन पर रोक लग गई थी। लेकिन मात्र दो माह में निशा शर्मा का भी तबादला हो जाने से यह पद फिर खाली हो गया है।

## रात को घर के बाहर लेटे व्यक्ति पर दागी गोलियां

### घायल होकर भी पीड़ित ने खुद पुलिस को दी घटना की जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**शहर** के शक्ति नगर में शुक्रवार की देर रात को अपने घर के बाद लेटे एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ गोलियां दाग दीं। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने खुद ही घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार शक्ति नगर निवासी अजय भारद्वाज अपने घर के बाहर लेटा हुआ था। शुक्रवार देर रात कुछ बदमाश वहां पर आए। उन्होंने आते ही अजय पर डंडों से हमला कर दिया। इसी दौरान उस पर गोली भी दागी। उसे बुरी तरह से पीटकर, घायल करके आरोपी वहां से फरार हो गये। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। बुरी तरह से घायल अजय भारद्वाज ने खुद ही पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची शिवाजी नगर थाना पुलिस ने अजय को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गोली चलने की सूचना के बाद क्षेत्र में भी दहशत का माहौल पैदा हो गया। मौके पर पहुंचे एसीपी शिवा अर्चन शर्मा ने सीसीटीवी फुटेज देखे। अजय भारद्वाज की पत्नी कुसुम ने बताया कि पार्क में कुछ गलत आचरण के लोग बैठते हैं। उनके पति अजय भारद्वाज ऐसे लोगों का विरोध करते हैं। उन्हें शक है कि पार्क की रंजिश के कारण ही किसी ने उनके पति के साथ मारपीट और गोली मारी है। दो बच्चों के पिता अजय भारद्वाज एक बस के ड्राइवर हैं। पुलिस घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।


गुरुग्राम के शक्ति नगर में हुई वारदात सीसीटीवी में कैद।

## नाट्य वृक्ष ने मनाया कृष्ण चेतना का उत्सव



### गोविंद गतिता में पद्मश्री गीता चंद्रन ने अपने प्रदर्शन से लुभाया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**श्रीकृष्ण** स्वयं में प्रेम की नदी हैं। कृष्ण चेतना के प्रतीक उत्सव के रूप में नाट्य वृक्ष ने गोविंद गतिता का आयोजन किया। नई दिल्ली स्थित चिन्मय मिशन ऑडिटोरियम में 2 सितंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित नृत्यांगना गीता चंद्रन ने प्रस्तुति दी। जन्माष्टमी ने भगवान कृष्ण के जन्म को चिह्नित किया है और पूरे भारत में इसे आनंद और उत्साह के साथ मनाया जाता है। कृष्ण अवतार भारतीय पौराणिक कथाओं में अद्वितीय है क्योंकि यह सृजन के इनामों का आनंद लेने और सुंदरता और अच्छाई को संरक्षित करने के लिए पृथ्वी पर दिव्य के वंश को चिह्नित करता है। कृष्ण एक पसंदीदा देवता भी हैं, उनकी पूजा का एक अनूठा रूप है।

डांसर (पद्मश्री) गीता चंद्रन द्वारा वैचारिक और क्यूरेट किये गये गोविंदा गतिता को नृत्य, गीत, कविता, दर्शन और शिल्प मनाते हुए कृष्णा की एक अनुभवात्मक शाम के रूप में योजना बनाई गई है। गोविंद गतिता कला प्रेमियों के लिए अद्भुत शाम थी, जिसमें श्रीकृष्ण को समर्पित नृत्य, गायन, काव्य, दर्शन और शिल्प का अनुभव मिला। गोविंद गतिता अर्थात कृष्ण की नदी में गीता चंद्रन श्रीकृष्ण के साथ भारतवर्ष के संबंधों को दर्शाया।

प्रस्तुति की शुरुआत श्री महाविष्णु के सम्मान में रचित कविता से हुई। श्री महाविष्णु ने ही श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया था। परमानन्द और विद्यापति की रचित कविताओं से श्रीकृष्ण के बचपन को प्रस्तुत किया गया। गीता चंद्रन ने वल्लभाचार्य के श्री नंदकुमारशतकम् से श्लोकों का चयन किया और इसे भाव, कथा, अभिनय और नाट्य के संपूर्ण स्वरूप के साथ कृष्ण चेतना के उत्सव के रूप में तैयार किया। सूरदास और विद्यापति की कविताओं के माध्यम से शृंगार भाव दर्शाया गया। मीराबाई के पदों का भी गायन हुआ। श्रीकृष्ण संकीर्तन के साथ गोविंद गतिता संपन्न हुआ। गीता चंद्रन ने कहा, 'मैं कृष्ण से प्रभावित हूं और ऐसे गीत लिखती रही हूं, जो कृष्ण के साथ हमारे संबंधों के विभिन्न पहलुओं को उजागर करते हैं। गोविंदा गतिता उस जुनून का एक भव्य योग है।'

गीता चंद्रन ने 5 वर्ष की आयु से दासी परंपरा की गुरु श्रीमती स्वर्ण सरस्वती के शिष्यत्व में भरतनाट्यम की शुरुआत की थी और पिछले 55 वर्षों में शास्त्रीय नृत्य का पर्याय बनकर सामने आई हैं। उन्होंने भरतनाट्यम को नई ऊंचाई और पहचान दी है। नाट्य वृक्ष के इस नवीनतम प्रोडक्शन की अवधारणा और प्रदर्शन पद्मश्री नृत्यांगना गीता चन्द्रन द्वारा की गयी।

मंच पर उनका साथ दिया सुधा रघुरामन, वरुण राजशेखरन, मनोहर बालाचन्द्रिने, जी. रघुरामन और जी. राघवेंद्र प्रसाद ने। वहीं शिल्प जुगल किशोर, वृंदावन, लाइटिंग मिलिंद श्रीवास्तव, कॉस्टयूम: संध्या रमन और मेकअप बृज ने किया। प्रलेखन सरबजीत सिंह द्वारा किया गया, जबकि शाम का संचालन राजीव चन्द्रन ने किया।

## भाजपा आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

**गौतम** बुद्ध नगर भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार को आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि सोशल मीडिया के प्रदेश सहसंयोजक हिमांशु राज पंडित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने किया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विजय भाटी ने की।

कार्यशाला में एवं सोशल मीडिया के सभी बिंदुओं को लेकर मुख्य अतिथि हिमांशु राज पंडित ने विस्तार से समझाया। भारतीय जनता पार्टी के जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने सरल और नमो ऐप के बारे में जिले के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चंद्रयान की उपलब्धि हम सभी भारतवासियों के लिए गौरव की बात है। इससे हमारा मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि ने कई विशेष बिंदुओं पर चर्चा की 9 साल बेमिसाल केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां को हम सभी मिलकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। इसमें सोशल मीडिया और आईटी का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने सभी सोशल मीडिया इट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र नगर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता मनजीत सिंह, सोशल मीडिया के जिला संयोजक वरुण धीमान, जेवर मंडल के महामंत्री रोहित ठाकुर, जिला मंत्री गुरुदेव भाटी, जिला महामंत्री धर्मेंद्र करी, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रजनी तोमर, नरेश त्यागी आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।


गौतम बुद्ध नगर में आईटी एवं सोशल मीडिया कार्यशाला में मुख्य अतिथि सोशल मीडिया के प्रदेश सह-संयोजक हिमांशु राज पंडित का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## जीएल शर्मा ने टेकचंद नगर में चलाया महाजनसंपर्क अभियान

### सीवर जाम की समस्या का भी होगा स्थाई समाधान

**प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम**

**भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हरियाणा डेयरी सहकारी प्रसंघ के पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार ने अपने साढ़े आठ साल के कार्यकाल में शहर की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी का मनोहर तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि शहर के विस्तार और आबादी के अनुपात को देखते हुए अब शहर वासियों को पर्याप्त स्वास्थ सुविधाओं का लाभ मिलने वाला है। जीएल शर्मा टेकचंद नगर में अपने महाजनसंपर्क अभियान के तहत कॉलोनी वासियों से रूबरू होकर सीधा संवाद कर रहे थे।

कॉलोनी में पहुंचने पर स्थानीय निवासियों ने जीएल शर्मा का पगड़ी बांध कर और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान और स्वागत किया। स्वागत और सम्मान से अभिभूत जीएल शर्मा ने स्थानीय निवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि समय आने पर कॉलोनी वासियों का यह सम्मान, प्यार और स्नेह वह सूद समेत लौटाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शहर में जल्द ही 700 बिस्तर के अतिआधुनिक अस्पताल का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने न केवल 700 बेड के अस्पताल बल्कि शहर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अन्य सौगातें देने का भी लक्ष्य तय किया हुआ है।


गुरुग्राम के टेकचंद नगर में महाजनसंपर्क अभियान के दौरान जीएल शर्मा का स्वागत करते लोग।

## रीड-ए-थॉन: रूम टू रीड इंडिया द्वारा सामूहिक पठन के लिए शुरू की गई पहल ने कीर्तिमान बनाया

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**रूम** टू रीड इंडिया ने अपने इंडिया गेट्स रीडिंग फ्लैगशिप रीडिंग अभियान के तहत आज 1 सितंबर, 2023 को सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे तक रीड-ए-थॉन कार्यक्रम का आयोजन किया। रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन 2023 कार्यक्रम के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया है, जिसमें इस संस्थान ने व्यक्तिगत रूप बैठकर पढ़ने की व्यवस्था वाले परिवेश में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा है। इस आयोजन के तहत देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई है, जिनमें 11 राज्य शामिल हैं, जहां यह संगठन सक्रिय रूप से कार्यरत है।

रूम टू रीड इंडिया ने पिछले साल कीर्तिमान स्थापित करने के अत्यंत सफल प्रयास में 170,000 से अधिक भागीदारों, यानी बच्चों, माता पिता, समुदाय, सरकारी निकायों, दानदाताओं और अन्य समर्थकों को एकजुट किया था।

इस सफल प्रयास के बाद, रूम टू रीड इंडिया ने इस साल रीड-ए-थॉन 2023 के माध्यम से देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों की बड़ी संख्या में भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इस मौके पर सुश्री पूर्णिमा गर्ग, डिप्टी कंट्री डायरेक्टर, रूम टू रीड, कहती हैं, रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन पहल के माध्यम से बच्चों की पढ़ने की आदतों को प्रोत्साहन देने के अपने संकृप को दोहराया है।

यह दिन अपने आप में बेहद अनोखा है, जब हम पूरे भारत से बच्चों को अलग-अलग स्थानों पर एक साथ पढ़ने के लिए एकजुट करते हैं। यह केवल एकजुट होकर पढ़ने का रिकॉर्ड स्थापित करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह सीखने और उन्नति के लिए हमारी असीमित क्षमता की एक मिसाल भी है।




## टमाटर के बढ़ते मूल्य का संकट और इसके समग्र समाधान में अभिनव बीज टेक्नोलॉजी की भूमिका

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

**भारत** में टमाटर का बाजार सूखा और बाढ़ जैसे मौसमों की अत्यधिक गंभीर परिस्थितियों के कारण अनिश्चित बना रहता है। इसके कारण कीमतों में भारी अनिश्चितता रहती है, और कुछ इलाकों में टमाटर का मूल्य 300 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। इस संकट को दूर करना अतिआवश्यक हो गया है क्योंकि पिछले कुछ हफ्तों में थोड़े समय में ही टमाटर के मूल्य 200 रु. प्रति किलोग्राम को पार कर गए हैं, जिससे उपभोक्ताओं पर गहरी मार पड़ी है। कभी-कभी इसका बाजार मूल्य बिल्कुल धरातल में पहुंचकर देश के कुछ हिस्सों में 1 रु. से भी नीचे चला जाता है, जिससे किसान को भारी नुकसान झेलना पड़ता है।

टमाटर के उत्पादन में भारत दुनिया में दूसरे स्थान पर है, जहां 8.4 लाख हेक्टेयर जमीन पर 20 मिलियन टन से ज्यादा उत्पादन (2022 में) हुआ है, और प्रति हेक्टेयर औसत उत्पादकता लगभग 24.5 टन रही। कई दशकों से भारत सरकार कई अभियान चला रही है, जैसे उच्च पैदावार वाली किस्मों और संकर बीजों के उपयोग, कृषि की आधुनिक विधियों, संरक्षित खेती और सूक्ष्म खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, सिंचाई के ढांचे में निवेश किया जा रहा है, तथा कटाई के बाद फसल के प्रबंधन और मूल्य संवर्धन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके बाद भी भारत में टमाटर का मौजूदा संकट सामान्य उपायों के अलावा अन्य अभिनव समाधानों को खोजने की आवश्यकता पर बल दे रहा है। शोध एवं विकास पर ध्यान केंद्रित करके टमाटर फसल की उत्पादकता में काफी सुधार लाया जा सकता है, जिससे मूल्यों को स्थिर रखने और किसानों एवं उपभोक्ताओं, दोनों के संकट को दूर करने में मदद मिलेगी। शोध एवं विकास में अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी की मदद से पौधों के प्रजनन में स्थिर निवेश किए बिना किसी भी फसल में किसी भी समय इसी तरह के संकट आ सकते हैं, और केवल एक बार खराब बारिश का मौसम इस कुचक्र को शुरू कर सकता है।



प्रजनन की नई तकनीकें (एनबीटी) अपनी अभूतपूर्व क्षमताओं के साथ उम्मीद की एक किरण लेकर आई हैं। उदाहरण के लिए, क्रिस्पर (क्लस्टर्ड रैगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स) एक संभावनापूर्ण जीन-एडिटिंग टूल है, जिसमें फल को कीट एवं बीमारी प्रतिरोधी बनाने, उनकी शेल्फ-लाईफ बढ़ाने, और उत्पादकता बढ़ाकर मूल्यों को स्थिर रखने तथा फल की गुणवत्ता बढ़ाने जैसे कृषि अर्थव्यवस्था संबंधी गुणों का विकास करने की अपार क्षमता है। वांग टी., झांग एच., और झुएच., (2019) द्वारा किए गए एक अध्ययन में सामने आया है कि टमाटर के प्रजनन में यह तकनीक काफी कारगर रही है।

# मजबूत सड़क तंत्र के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सरकार सजग : मनोहर लाल

### मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद में 93 करोड़ की 11 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को जिला फरीदाबाद के नागरिकों को करीब 93 करोड़ रुपये से ज्यादा की 11 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए मनोहर सौगात दी। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की 66 करोड़ 50 लाख रुपये की छह सड़क परियोजनाओं, 19 करोड़ 62 लाख रुपये से बनने वाले चार स्कूल भवन और छह करोड़ 99 लाख 75 हजार की लागत से एचएसवीपी के सेक्टर-48 में बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क तंत्र की मजबूती के साथ ही बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदेश के बच्चों को दिया जा रहा है। युवा शक्ति को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के साथ उनके लिए रोजगार के अवसर सृजित किये जा रहे हैं।



**इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास :** मुख्यमंत्री ने 7.25 किलोमीटर लंबे फरीदाबाद-मंगरोला सड़क के पुन:निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिस पर कुल 17 करोड़ 51 लाख 58 हजार की राशि खर्च की जाएगी। इसी प्रकार चार मार्गीय 7.99 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण पर 27 करोड़ 15 लाख 20 हजार की राशि खर्च की जाएगी। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने अटाली से अरवा सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया। 3.86 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर पांच करोड़ 10 लाख 58 हजार रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इसी प्रकार 2.76 किलोमीटर लंबे सीकरी से प्याला सड़क के सुदृढ़ीकरण पर एक करोड़ 39 लाख दो हजार की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री ने एनआईटी -1 फरीदाबाद के राजकीय उच्च विद्यालय के भवन का भी शिलान्यास किया। लगभग 3.78 लाख रुपये की राशि से इस विद्यालय में क्लास रूम, विज्ञान प्रयोगशाला, प्राचार्य कक्ष, स्टाफ रूम, स्थापना शाखा, शौचालय और रैंप का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने राजकीय माध्यमिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडौली में तीन करोड़ 60 लाख की लागत से बनने वाले नए भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसी प्रकार शहीद लेफ्टिनेंट राजेश थापा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के भवन निर्माण कार्य पर सात करोड़ 68 लाख से स्कूल में कमरे, प्रयोगशाला सहित अन्य जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। वहीं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तिगांव में चार करोड़ 80 लाख की लागत से स्कूल भवन सहित विज्ञान प्रयोगशाला का निर्माण कराया जाएगा।

**18 माह में बनकर तैयार होगा सामुदायिक भवन :** मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर 48 में बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। इस भवन के निर्माण पर छह करोड़ 99 लाख 75 हजार की राशि खर्च की जाएगी। इस सामुदायिक भवन में टेबल टेनिस, जिम, बैडमिंटन हॉल सहित अन्य जरूरी सुविधाएं आमजन को मिलेंगी। उन्होंने बताया कि 18 महीने में इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, ओल्ड फरीदाबाद से विधायक नरेंद्र गुप्ता, तिगांव से विधायक राजेश नागर, पृथला से विधायक नयनपाल रावत, एफएमडीए के सीईओ ए श्रीनिवास, उपायुक्त विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त राकेश आर्य, नगर निगम आयुक्त ए मोना श्रीनिवास सहित अधिकारीगण मौजूद थे।

# कैंटर की टक्कर से ऑटो सवार मां बेटे की मौत, पांच घायल

### यूपी से शनिदेव के दर्शन कर लौट रहे थे

### अन्य दुर्घटना में कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत





पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कोकिला** वन कोसीकलां से शनिदेव के दर्शन कर लौट रहे एक ऑटो की पलवल के नेशनल हाईवे-19 पर होडल के हसनपुर चौक के निकट कैंटर से भिड़ंत हो गई। जिसमें मां-बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, परिवार के पांच अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद ऑटो में चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने घायलों को ऑटो से निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला के बेटे की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

बल्लभगढ़ सेक्टर तीन निवासी अंकित ने बताया कि उसका 28 वर्षीय भाई गौरव ऑटो चलाता था। गौरव अपने ऑटो में 55 वर्षीय मां श्यामवती, 29 वर्षीय बहन पूनम, 35 वर्षीय बहन पुष्पा, 10 वर्षीय भांजी नितिशा, आठ वर्षीय पीहू और पड़ोस में रहने वाले 20 वर्षीय साहिल को लेकर कोकिलावन कोसीकलां शनिदेव के दर्शन कराने लेकर गया था। शनिवार को शनिदेव के दर्शन करने के बाद जब सभी ऑटो में सवार होकर वापस लौट रहे थे। तभी नेशनल हाईवे-19 पर होडल के हसनपुर चौक के पास ऑटो कैंटर से भिड़ गया। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि ऑटो में सवार सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पास के ही एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी मां श्यामवती व भाई गौरव को मृत घोषित कर दिया। जबकि, अन्य घायलों को उपचार के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करा दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। होडल थाना प्रभारी महेंद्र सिंह के अनुसार, शनिवार को सुबह नेशनल हाईवे-19 पर सड़क किनारे खड़े एक कैंटर से ऑटो भिड़ गया, जिससे ऑटो में सवार श्यामवती व गौरव की मौत हो गई। जबकि, अन्य पांच सवारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। दोनों शवों को कब्जे में लेकर जिला नागरिक अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस ने कैंटर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया।

दूसरी तरफ पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर बहरोला फ्लाइओवर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार एक भाई की मौत हो गई। जबकि, दूसरा भाई घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

सदर थाना प्रभारी विश्व गौरव के अनुसार, होडल रोहता पट्टी निवासी चंदर ने दी शिकायत में कहा है कि वह और उसका भाई मोहन अपनी बाइक से किसी निजी कार्य के लिए चांदपुर गांव गए थे। कार्य निपटाने के बाद वापस अपने होडल रोहता पट्टी लौटकर जा रहे थे। बाइक चंदर चला रहा था और उसका भाई मोहन बाइक पर पीछे बैठा हुआ था। जब उनकी बाइक नेशनल हाईवे-19 पर बहरोला मोड़ के निकट पहुंची, तभी पीछे से एक कार चालक अपनी कार को तेज गति व लापरवाही से चलाता हुआ आया और उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाई सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। उसने गंभीर रूप से घायल अपने भाई मोहन को राहगीरों की मदद से अस्पताल पहुंचा दिया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

# कोरियर डिलीवरी ब्वॉय सवा लाख का सामान लेकर लापता



### तीन युवकों ने असली सामान बदलकर रखा नकली, चार के खिलाफ मुकदमा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**इस्टाकार्ट** कोरियर कंपनी का एक डिलीवरी ब्वॉय सवा लाख का सामान को लेकर लापता हो गया। वहीं, तीन डिलीवरी युवकों ने असली सामान को अपने पास रखकर उसके स्थान पर नकली सामान मालिक को पहुंचा दिया। कैंप थाना पुलिस ने कंपनी के पलवल कार्यालय इंचार्ज की शिकायत पर चार डिलीवरी ब्वॉय के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण के अनुसार, जिला अलवर राजस्थान टाउन हॉल निवासी समीर वालिया ने दी शिकायत में कहा कि वह इस्टाकार्ट प्राइवेट लिमिटेड न्यू कॉलोनी पलवल में हब इंचार्ज के पद पर तैनात है। इस्टाकार्ट कंपनी में रजपुरा गांव निवासी राहुल, बहीन गांव निवासी रवि व इस्लामाबाद निवासी बिजेंद्र डिलीवरी ब्वॉय कार्यरत हैं। डिलीवरी ब्वॉय रवि 31 अगस्त को एक लाख 17 हजार रुपए का सामान लेकर डिलीवरी करने गया था, लेकिन न तो सामान मालिक के पास पहुंचा और न ही वापस उनके पास। आरोपी डिलीवरी ब्वॉय रवि सामान को लेकर लापता है। जिसने कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। जबकि, बाकी डिलीवरी बॉय बिजेंद्र, राहुल और जसवंत डिलीवरी के लिए असली सामान लेकर गए।

लेकिन, असली सामान को बदलकर उसके स्थान पर नकली सामान रखकर कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने कंपनी के कहने व मैनेजर के पद पर होने के नाते इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मैनेजर की शिकायत पर चारों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि टीम जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगी।

# सरस्वती महिला महाविद्यालय में मनाया ओरिएंटेशन व टेलेंट हंट




**पलवल।** सरस्वती महिला महाविद्यालय पलवल में ओरिएंटेशन दिवस व टेलेंट हंट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनकी छिपी हुई प्रतिभाएं दिखाने का मंच प्रदान करना तथा महाविद्यालय की सभी सुविधाओं व शैक्षिणक गतिविधियों, अनुशासन नियमों व अन्य सभी उपयोगी जानकारियों से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनीषा मंगला, निदेशिका सरस्वती महिला महाविद्यालय, प्राचार्या डॉ. वंदना त्यागी द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। प्राचार्या ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्या ने छात्राओं का महाविद्यालय में स्वागत करते हुए विभिन्न कोर्स व सेल जैसे सांस्कृतिक सेल, सीजीपीसी, इको क्लब, वाईआरसी, एनएसएस, महिला सेल, स्वास्थ्य सेल, कानूनी साक्षरता सेल, यौन उत्पीड़न सेल से परिचित करवाया।

# प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**अग्रवाल** महाविद्यालय में बीकॉम तथा बीवॉक रिटेल मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आगमन समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली गतिविधियों, प्रतियोगिताओं, विभिन्न योजनाओं से नए विद्यार्थियों को अवगत कराना होता है। महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले स्नातक तथा परास्नातक कोर्स के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष यह समारोह आयोजित किया जाता है।

दो सितंबर को यह समारोह वाणिज्य तथा बैचलर आफ वोकेशनल रिटेल प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन द्वारा प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर कृष्णकांत गुप्ता प्राचार्य अग्रवाल महाविद्यालय रहे तथा एमपी सिंह, आजीवन सदस्य रेडक्रॉस सोसाइटी, मास्टर ट्रेनर तथा लेक्चरर नर्सिंग एड विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। प्राचार्य डॉक्टर कृष्णकांत गुप्ता ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को जीवन में सतत प्रयास करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जुझारू होना चाहिए और निरंतर अपने लक्ष्य के प्रति प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के सफल भविष्य की कामना करते हुए स्वाध्याय का मूल मंत्र दिया।



# महाविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रबंधन विभाग ने बीबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया। देवेंद्र गुप्ता अध्यक्ष अग्रवाल विद्या प्रचारणी सभा और डॉ. कृष्णकांत गुप्ता प्राचार्य अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के नेतृत्व में महाविद्यालय ऐसे आयोजन करता रहता है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधन विभाग की डीन और एचओडी डॉ. शिल्पा गोयल द्वारा मुख्य अतिथि डॉ. संजीव गुप्ता, प्रभारी विंग के स्वागत के साथ हुई। पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन की मदद से छात्रों को संस्थान के विभिन्न विभागों, उनके संबंधित एचओडी कॉलेज के बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं, विभागीय पुस्तकालय छात्र संघों, पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों, क्लबों और छात्र के जीवन में उनके महत्व से परिचित कराया गया।

# भडाना चौक पर चार साल से भरा है सीवर का पानी

### स्थानीय लोगों सहित आप नेताओं ने किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**भडाना** चौक पर भरे सीवर के पानी को लेकर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्हें जब पता चला कि फरीदाबाद में सीएम आए हैं तो उन्होंने सरकार को कोसा व सीएम से भडाना चौक का दौरान करने की मांग की।

इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा का विकास नहीं विनाश कर डाला है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा का असली चेहरा नहीं देखा। शनिवार फरीदाबाद के दौरे पर आए सीएम खट्टर को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के उन स्थानों का दौरा करना चाहिए था जो नर्क बने हुए हैं। उनके साथ लोागें ने सीएम खट्टर, विधायक नीरज शर्मा और पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना मुर्दाबाद के नारे लगाए। धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि भड़ाना चौक से प्रिंस स्कूल की तरफ जाने वाली सड़क पर चार साल से सीवर का पानी भरा हुआ है। स्कूल में 2000 बच्चे पढ़ते हैं, जिन्होंने चार साल से जूते नहीं पहने, क्योंकि सड़क पर हमेशा एक फीट से ज्यादा सीवर का पानी भरा रहता है। सैकड़ों छात्र इस सीवर के पानी में गिरकर घायल हो चुके हैं। स्कूल की अध्यापिकाएं और स्कूल के प्रिंसिपल भी बहुत परेशान हैं। सड़क के दोनों तरफ रहने वाले हजारों लोग घर से निकल नहीं पाते हैं। बड़ी-बड़ी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा यहां कभी दिखाई ही नहीं पड़े। वो नौटंकी करने और क्षेत्र की जनता पर एफआईआर दर्ज करवाने में व्यस्त रहते हैं।

स्कूल के अध्यक्ष राजकुमार भारद्वाज ने बताया कि हमारे स्कूल के हजारों छात्र बहुत दुखी हैं। अब यहां के निवासियों के घरों में रिश्तेदारों ने आना बंद कर दिया है। युवाओं की शादियां रुक गई है। सैकड़ों बार संबंधित अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन सब अपनी मस्ती में मस्त हैं और हमारे स्कूल के हजारों बच्चे त्रस्त हैं। इस मौके पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, प्रदेश प्रवक्ता नरेश शर्मा, व्यापारी सेल उपाध्यक्ष सुभाष बघेल, जिला उपाध्यक्ष राम गौड़, हरजिंदर सिंह मेंहदीरत्ता, वाईके शर्मा, नवीन कौशिक, भीम बघेल, विनोद कुमार, श्यामवीर, शाहिद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त ने पोषण माह 2023 का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**उपायुक्त** विक्रम सिंह ने फरीदाबाद में पोषण माह-2023 का शुभारंभ किया। जिसके साथ ही पोषण अभियान से जुड़े सभी विभागों की संयुक्त बैठक ली गयी तथा मुख्यालय द्वारा भेजे गए एक्टिविटी कैलेंडर के अनुसार जिले में गतिविधियों को करने बारे निर्देश दिए गए।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि प्रति वर्ष सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है। जिसे राष्ट्रीय पोषण माह भी कहा जाता है। पोषण माह का प्राथमिक उद्देश्य पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और परिवारों द्वारा आसानी से अपने बच्चों और गर्भवती या स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण के पूरक के लिए सरकारी सेवाओं तक पहुंचने में सहायता करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू श्योरण द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान 30 सितंबर तक जिला फरीदाबाद में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से कई गतिविधियां करवाई जायंगी। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की सहायता से महिलाओं एवं किशोरियों के अनीमिया कैंप, आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका, अति कुपोषित बच्चों की खास देखभाल करने के बारे में माता पिता को सचेत करना, प्रभात फेरियां निकालना, जन्म के बाद मां एवं बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए संदेश, स्कूलों में बच्चों के साथ खेलों और पढ़ो गतिविधि, आयुष विभाग के साथ मिलकर योग को अपनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला महाविद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन




**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद के कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ द्वारा जन जन साक्षर और उल्लास अभियान के अंतर्गत वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विभाग की 14 छात्राओं ने हिस्सा लिया तथा बाल विवाह एवं सूचना का अधिकार व कानूनी साक्षरता पर अपने विचार सांझा कि। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कानूनी जागरूकता के अभाव में हजारों महिलाएं घरेलू हिंसा एवं सामाजिक प्रताड़ना का शिकार होती हैं। यदि उन्हें कानून की जानकारी हो तो इस प्रकार की समस्याओं का समाधान आसानी से हो सकता है। बीए तृतीय वर्ष छात्रा संजना ने बाल विवाह के विरोध में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चों से उनका बचपन छीन लेता है, उसके बदले में उन्हें कई प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक परेशानियां देता है। वहीं बीटीटीएम की छात्रा रिंकी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के सपनों की उड़ान को रोक देता है। जिस तरह किसी पक्षी के पंख काटने पर उसका जीवन निस्सहाय हो जाता है। उसी प्रकार बाल विवाह से मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक विकास रुक जाता है। इसी प्रकार अन्य छात्राओं ने भी सूचना अधिकार अधिनियम एवं कानूनी जागरूकता पर अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की इंचार्ज डॉ. प्रीति रैना, सोनिया, सविता नागर आदि मौजूद रहे।

### बदमाशों ने टोल प्लाजा पर स्टाफ से की मारपीट

**पलवल।** नेशनल हाईवे-19 स्थित गदपुरी टोल पर टोल प्लाजा के सीआरओ, सेफ्टी इंचार्ज व एक स्टाफ के साथ मारपीट कर तीनों से पैर पकड़वा कर माफी मंगवाई। बीती रात हुई इस घटना के बाद टोल के कर्मी काफी दहशत में है। फिलहाल इसकी शिकायत टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर और रामरतन भारद्वाज ने पुलिस से की है। टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर नरेंद्र चौधरी ने बताया कि रात को दो अज्ञात बदमाश टोल प्लाजा के सीआरओ इकबाल के केबिन में घुस गए। टोल सेफ्टी इंचार्ज अमर सिंह व एक अन्य स्टाफ के साथ उन्होंने मारपीट की। उन्होंने दबंगई दिखाते हुए उनसे पैर छुआकर माफी भी मंगवाई। प्रोजेक्ट मैनेजर रामरतन भारद्वाज ने बताया कि इस घटना की उन्होंने पुलिस को शिकायत दी है। आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। नरेंद्र चौधरी ने बताया की बीती रात कंट्रोल रूम में घुसकर मारपीट करने वाले बदमाश पास के ही पृथला गांव के रहने वाले प्रवीण और छोटू हैं।

### स्लम क्षेत्र के बच्चों के पुनर्वास कैंप का समापन हुआ

**फरीदाबाद।** एडीसी आनंद शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सुबह नौ से शाम पांच बजे तक 10वां कैंप बेसहारा एवं झुग्गी झोपड़ियों व स्लम क्षेत्र में रहने वाले बच्चों के पुनर्वास के लिए किया गया। अंतिम दिन नव सृष्टि संस्था के सीएसआर कार्यक्रम जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री और जिला बाल संरक्षण अधिकारी गरिमा के साथ कोर्डिनेशन करके बड़खल के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगाया गया। एडीसी आनंद शर्मा ने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक गरीब बच्चों को जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के बीच है, उनको लाभ दिलाना और सरकार की मुख्यधारा में शामिल करना है। कैंप में स्ट्रीट बच्चों के लिए जन्मप्रमाण पत्र हेल्थ चेकअप, आधार कार्ड, दिव्यांग सर्टिफिकेट, ड्रॉपआउट बच्चों के दाखिले, फैमिली आईडी मौके पर बनाने के प्रयास किये गए हैं। एडीसी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन कैंपों का आयोजन चार सितंबर को बल्लभगढ़ के आदर्श नगर राजकीय प्राथमिक स्कूल तथा पांच सितंबर को राजकीय प्राइमरी स्कूल आटोपिन झुग्गी फरीदाबाद व सात सितंबर को संजय कॉलोनी राजकीय प्राथमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

### गांवों में आयोजित किए जाएंगे जनसंवाद कार्यक्रम

**पलवल।** डीसी नेहा सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के जन संवाद कार्यक्रम के तहत चार सितंबर को हथीन विधानसभा क्षेत्र के गांव घर्रोट, गहलब, मानपुर, घुड़ावली व लखनाका में जनसंवाद प्रोग्राम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने गांवों में जनसंवाद कार्यक्रमों के सफल आयोजन, आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के संदर्भ में सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि चार सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा की अध्यक्षता रहेगी। पहला जनसंवाद कार्यक्रम खंड हथीन के गांव घर्रोट में सुबह नौ बजे, दूसरा कार्यक्रम गांव गहलब में सुबह 11 बजे आयोजित किया जाएगा। तीसरा कार्यक्रम इसी दिन खंड हथीन के गांव मानपुर में दोपहर एक बजे, चौथा कार्यक्रम गांव घुड़ावाली में दोपहर तीन बजे तथा पांचवां जनसंवाद कार्यक्रम गांव लखनाका में शाम पांच बजे आयोजित होगा।

### 13 केंद्रों पर 3677 परीक्षार्थी आज देंगे की परीक्षाएं

**फरीदाबाद।** सीटीएम कम एसडीएम अमित मान ने फाइनल रिहर्सल में अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए टिप्स देते हुए कहा कि जिला में तीन सितंबर को संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करें। एसडीएम अमित मान द्वारा फाइनल रिहर्सल बैठक का आयोजन किया गया। जहां उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन के लिए आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों और यूपीएससी की गाइड लाइन के अनुसार दिशा निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि संघ लोक सेवा आयोग द्वारा फरीदाबाद में एनडीए, एनए व सीडीएस की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जहां लिखित परीक्षा के आयोजन के लिए जिला फरीदाबाद में 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, वहीं परीक्षा की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्र वार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं।

### गरिमा मित्तल से शहर के विकास को सुझाव रखे

**फरीदाबाद।** विभिन्न सामाजिक संगठनों ने स्मार्ट सिटी ऑफिस सेक्टर 20बी फरीदाबाद में सीईओ गरिमा मित्तल के साथ एक अहम बैठक का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक के हरियाणा संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन फरीदाबाद के वाइस प्रेसिडेंट श्रीराम अग्रवाल, जय सेवा फाउंडेशन के संस्थापक विमल खंडेलवाल, रामकृष्ण फाउंडेशन के महासचिव गोपाल कृष्ण आहूजा, वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन विभाग अध्यक्ष आरसी चौधरी, न्यू डीएलएफ इंडस्ट्री एसोसिएशन कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, माधव राष्ट्रीय सेवा समिति एवं अन्य सामाजिक संगठनों के लोगों ने उपस्थित होकर शहर के विकास के लिए सीईओ स्मार्ट सिटी गरिमा मित्तल के साथ वार्ता की और फरीदाबाद शहर में एंट्री करते समय एक मुख्य द्वार बनाने का आग्रह किया। फरीदाबाद में और भी विभिन्न द्वार हैं, जहां पर आने और जाने वाले लोगों को स्वागतम एवं पुन: पधारने के स्लोगन से उनका स्वागत किया जाए। इस अवसर पर गरिमा मित्तल ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर विचार कर मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा।

## कानून व्यवस्था का उलंघन करने पर होगी कार्रवाई

मुसाफिरखाना एअमेठी।आगामी त्योहारों जन्माष्टमी व चेहल्लुम को लेकर कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित हुई।बैठक में शांति व्यवस्था बनाए रखने व त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया।पीस कमेटी की बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस हर संभव प्रयास करते हुए आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर पैनी नजर बनाए हुए है।कानून तोड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी ।वही उन्होंने स्थानीय कस्बा सहित क्षेत्र के सभी प्रमुख चौराहों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की दिशा में काम किया जा रहा है।इसके साथ ही उन्होंने त्योहारों को लेकर कहा कि परंपरागत तरीके से त्योहार मनाए जाने चाहिए वही कोई नई परम्परा न शुरू करने की अपील की ।बैठक में इंस्पेक्टर हंसराज कुशवाहा एसआई संतोष मिश्र राजेश कुमार तिवारी देवेंद्र सिंह चौहान अंबिका सिंह चेयरमैन बृजेश कुमार गुप्ता गुड्डू यादव आका खान राजेश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ट्रक ड्राइवरों को सही गुणवत्ता वाला इंजन ऑयल चुनने में मदद करता है मोबिल

ध्वाराणसी› मोबिल ने आज अपना नया अभियान ट्रकिंग इज हार्डय चूजिंग इंजन ऑयल शूडन्ट बी लॉन्च किया जिसका उद्देश्य ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने में मदद करना है। अपने ट्रक की जरूरतों एवं उसकी उम्र के आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लेने में ट्रक ड्राइवरों को पहले स्थान पर रख कर मोबिल उनकी मदद कर रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए एक्जॉनमोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विपिन राणा ने कहा अपने व्यापार भागीदारों और उपभोक्ताओं को विशेष ऑफर प्रदान करने के साथ ट्रक ड्राइवरों को अपने ट्रक के लिए सही गुणवत्ता वाले इंजन ऑयल चुनने का निर्णय लेने में मदद करने पर हम वास्तव में उत्साहित हैं। सभी परिस्थितियों में ट्रक के इंजन को खराब होने से बचाने और ट्रक ड्राइवरों एवं व्यवसायों को फलने.फूलने में मदद करने के लिए मोबिल डेलवाक100 वर्षों से अग्रणी रह कर प्रयासरत है।

## जीवाणुओं से रक्षा के लिए विशेष जागरूकता अभियान

वाराणसी। जीवाणुओं से रक्षा के लिए अपनी प्रभावकारिता के लिए मशहूर आईटीसी सैवलॉन ने अपने नब्बे प्रतिशत प्राकृतिक मूल की सामग्री पोर्टफोलियो के साथ हैंड वाश का नेक्स्ट-जनरेशन लॉन्च किया है। नए फायदों से भरपूर आकर्षक नए पैक में सैवलॉन हैण्डवाश ने कोमलए नमीयुक्त हाथों के त्वचा-अनुकूल फायदों के साथ अपने विश्वसनीय जीवाणु से रक्षा के गुण को बहाल रखा है। समीर सतपथी ने कहा कि हमने यह अक्सर सुना है कि बदलाव ही एक ऐसी चीज है जो सतत होती रहती है।

## डा. सलीम आगरा में आयोजित होम्योपैथी सेमिनार में प्रस्तुत करेंगे अपना शोध

लालगंज रायबरेली। प्रसिद्ध होम्योपैथिक डाक्टर मोहम्मद सलीम ऑल इंडिया होम्योपैथिक कांफ्रेंस होटल क्रिस्टल सरोवर प्रीमियर आगरा में अयोजित किया जा रहा है। जिसमे तत्काल विकलांगता, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर पैरालिसिस में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति की भूमिका नामक शोध को पेश करने के लिए डाक्टर मोहम्मद सलीम को डा.हैनीमैन एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी इंडिया के द्वारा बतौर रिसर्च स्पीकर के लिए बुलाया गया है। जिसमे आज के आधुनिक जीवन में तेजी से बढ़ रहे पैरालिसिस के रोग से बचाव और उपचार कैसे करें इसके लिए उन्हें अपने तथ्यों एवं शोध को पेश करने के लिए बुलाया गया है। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय होम्योपैथिक कान्फ्रेंस में देश भर से 500 से अधिक प्रसिद्ध चिकित्सकों को विशेष रूप से बुलाए गए हैं। जिनके सामने डा. सलीम को बतौर रिसर्च स्पीकर अपना शोध रखने का मौका मिलेगा।

## जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता और जागरुकता शिविर

रायबरेली। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध्जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया।अपर जिला जजध्सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार जिला कारागार की पाकशाला व बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। बन्दियों को जागरुक करने के उद्देश्य से विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा शिविर में बताया गया कि यदि जेल में निरुद्ध किसी बन्दी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह जरिये जेल अधीक्षक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सकता है।

# लेखनी को राष्ट्र के साथ जोड़कर देखें

### ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और सुलभ साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 46 वें वार्षिक अधिवेशन व अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**अंतर.विश्विद्यालय** अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयूए सुन्दरपुर में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह कार्यक्रम ऑथर्स गिल्ड ऑफ़इंडिया हिंदी विभाग काशी हिन्दू विश्विद्यालय वाराणसी एवं सुलभ साहित्य अकादमी नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में ष्46 वें वार्षिक अधिवेशन तथा अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठीका आयोजन किया गया। जिसमें देशभर से लगभग डेढ़ सौ से अधिक बुद्धिजीवी पधारे। आरम्भ में 15 मिनट के लिए सुलभ शौचालय के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि सुलभ शौचालय के संस्थापक पद्म भूषण बिंदेश्वर पाठक का निधन बीते 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन दिल्ली में हो गया था। बहुमुखी प्रतिभा के धनी बिंदेश्वर पाठक 15 वर्षों तक ऑथर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष रहे थे।इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री डॉ श्याम सिंह शशि की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुआ। पहले सत्र के मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वशिष्ठ द्विवेदी अनूप थे और विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच पर डॉ उदय प्रताप सिंह ;पूर्व अध्यक्षए हिंदुस्तानी ऐकडमीए प्रयागराज और डॉ सुनील बी कुलकर्णी ;निदेशकए केंद्रीय हिंदी संस्थानए आगराद्ध उपस्थित थे। डॉ उदय प्रताप सिंह ने राष्ट्र का महत्त्व बताते हुए कहा कि लेखनी को राष्ट्र के साथ जोड़कर देखना चाहिए। तो वहीं स्वतंत्रता संग्राम में साहित्यकारों के योगदान का महत्त्व बताते हुएए डॉ सुनील बी कुलकर्णी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में जितना योगदान क्रांतकारियों का रहा उतना ही साहित्यकारों का भी रहा हैं।

मौजूद अतिथियों का स्वागत काशी हिन्दू विश्विद्यालय के हिंदी विभाग के शिक्षक डॉ अशोक ज्योति ने किया। उन्होंने अपने विस्तृत स्वागत वक्तव्य में बनारस की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की चर्चा करते हुएए कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए हर्ष जताया। मंच संचालन ऑथर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया के महासचिव शिव शंकर अवस्थी ने किया। आयोजित संगोष्ठी का मुख्य विषय श्भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय चेतनाश् है। द्वितीय सत्र का उप विषय श्भारतीय साहित्यकार एवं राष्ट्रीय चेतनाश् की अध्यक्षता डॉ अहिल्या मिश्र और संचालन डॉ किरण पोपकार ने किया। इस सत्र के वक्तागण नेहा भंडारकर ने नेशनल कांशसनेस इन दि लिटरेचर ऑफ़ सुब्रह्मण्य भारती इन इंग्लिश पर चर्चा की। तो वहीं डॉ अशोक पंड्या ने महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय चेतनाए डॉ अपराजिता शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम में महर्षि दयानन्द का योगदानए डॉ दीपक दीक्षित ने आचार्य चाणक्य और भारतीय एकताए डॉ लक्ष्मण प्रसाद डेहरिया ने महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय चेतना ए डॉ राजलक्ष्मी कृष्णन ने स्वतंत्रता संग्राम में महाकवि सुब्रह्मण्य भारती की राष्ट्रीय एकता पर अपनी बात विस्तार से रखते हुएए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में सुब्रह्मण्य भारती ने साहित्य के माध्यम से ताउम्र राष्ट्रीय एकता स्थापित करने का प्रयास करते रहे। सत्र के अंत में श्रुति सिन्हा ने द्वारिका प्रसाद माहेश्वरी के बाल साहित्य में राष्ट्रीय चेतना के स्वर विषय पर अपनी बात रखी।

दूसरे सत्र के दौरान उप विषय श्बाल साहित्यए लोक साहित्य एवं धार्मिक पर्यटन रू राष्ट्रीय चेतनाश् की अध्यक्षता डॉ हरिसिंह पाल और मंच संचालन डॉ उषा रानी राव ने किया। इस सत्र के वक्तागणों में डॉ अनिल कुमार सिंहए प्रकाश काशिवए अरुण कुमार पासवानए डॉ सलमा जमालए प्रो आश्वाना सक्सेनाए शिखा सिंह और दीपिका दास ने बाल साहित्यए लोक साहित्य एवं धार्मिक पर्यटन से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी।

श्राष्ट्रीय चेतनाश् उप विषय के अंतर्गत तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ मुकेश अग्रवाल और संचालन डॉ युवराज सिंह ने किया। इस सत्र के वक्तागणों में डॉ नवलकिशोर भाभड़ाए प्रो ट । टंतहीमेम ए क्त च्ववतदंजीतंलमम श्रंलचतीों ँतिउं ए डॉ चेल्लमए डॉ धीरेन्द्र कुमार रायए ब्यूटी यादवए डॉ देवी प्रसाद तिवारीए प्रजापति रेणुका कैलास और सर्वेश ओझा ने अपनी बात रखी।

तीसरे सत्र के पश्चात श्बहुभाषी काव्यधाराश् के अंतर्गत विभिन्न भाषा का काव्य पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न भाषा के कवि काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किए गए।

ऑथर्स गिल्ड ऑफ इंडियाए सुलभ साहित्य अकादमीए नई दिल्ली एवं हिंदी विभागए बीएचयू के संयुक्त तत्त्वावधान में अंतर.विश्विद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्रए बीएचयूए सुन्दरपुरए वाराणसी में दो दिवसीय ;2.3 सितम्बरद्ध कार्यक्रम के तहत श्बहुभाषी काव्यधाराश् का आयोजन किया गया जिसमें बीएचयूए हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोण् वशिष्ठ अनूप ने अपनी गजल सुनाई। 'हमेशा रँग बदलने की कलाकारी नहीं आतीए बदलते दौर की मुझको अदाकारी नहीं आती।'दिल्ली के मोहन द्विवेदी ने अपनी कविता श्तन का नाश तनाव सेए खेती खरपतवार। कलह नष्ट करती सदाए अपना घर परिवार।श् के माध्यम से अपनी बातें रखीं। वहीं दिल्ली के ही सत्य पाल चावला ने अपनी कविता श्दिल्ली शेष भी कुछ विशेष हैश् के माध्यम से अपने दिल की बात कही। आगरा के डाण् अशोक अश्रु ने अपनी कविता श्चंदा मामा पास केश् डाण् सुषमा सिंह ने श्बात बनाइबौश्ए रामवर्मा श्याम ने श्जिया ले गयौ उधारो चतुर बलमाश् एवं श्यशोधरा यादवश् यशोश् ने सिसकते हैं दर्द, केरल की संध्या ए के ने श्वैकुन्ना कामनकलश् कविता सुनाई।

# सुरक्षा, स्थिरता उपलब्ध नहीं करा सकता सह जीवन संबंध: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** सह-जीवन संबंध के एक मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि विवाह रूपी संस्था जो सुरक्षा, सामाजिक स्वीकार्यता, प्रगति और स्थिरता उपलब्ध करा सकती है, वह सह-जीवन संबंध द्वारा कभी उपलब्ध नहीं कराया जा सकता। दुष्कर्म के आरोपी सह-जीवन साथी अदनान की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने कहा कि ज्यादातर मामलों में युगल के बीच संबंध टूट जाते हैं जिसके बाद महिला साथी के लिए समाज का सामना करना कठिन हो जाता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालतों में ऐसे मामलों की भरमार है जहां सहजीवन संबंधों में रहने वाली महिला साथी समाज के व्यवहार से परेशान होकर खुदकुशी कर लेती है। अदालत ने कहा कि इस देश में विवाह रूपी संस्था के अप्रचलित होने के बाद ही सह-जीवन संबंध को सामान्य माना जाएगा जैसा कि विकसित देशों में है।याचिकाकर्ता अदनान के वकील ने दलील दी कि पीड़िता ने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत दर्ज बयान में स्वीकार किया है कि वह याचिकाकर्ता के साथ एक साल से सहजीवन संबंध में रह रही थी और अपनी इच्छा से शारीरिक संबंध बनाया एवं वह गर्भवती हो गई। उन्होंने कहा कि जब याचिकाकर्ता ने लड़की के साथ शादी करने से इनकार कर दिया तो उसने याचिकाकर्ता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई और आरोप लगाया कि याचिकाकर्ता और उसके दो साथियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। मेडिकल जांच में लड़की 19 वर्ष आयु की पाई गई, इसलिए वह बालिग है। लड़की के वकील ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कक्षा आठ की पढ़ाई पूरी कर स्कूल छोड़ते समय जारी प्रमाण पत्र के मुताबिक, पीडिता की आयु 16 वर्ष और आठ महीने है। उन्होंने कहा कि इसलिए याचिकाकर्ता को पीड़िता के साथ विवाह करने के लिए निर्देश दिया जा सकता है क्योंकि उसने पीड़िता का जीवन बर्बाद किया। यह आदेश पिछले मंगलवार को दिया गया और हाल ही में उसे उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया।

# शाहजहांपुर में दो वर्षों में गिद्धों की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले में गिद्धों की संख्या पिछले दो वर्षों से शून्य से एकाएक बढ़कर 51 हो गई है। आज देश में गिद्ध दिवस मनाया जा रहा है शाहजहांपुर जिले में भी गिद्ध दिवस की वन विभाग द्वारा गोष्ठियां की जा रही हैं।जिला वन अधिकारी प्रखर गुप्ता ने शनिवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि शाहजहांपुर में गिद्ध पिछले दो वर्ष पूर्व करीब करीब विलुप्त हो गए थे, परंतु 2021 के अंत में थाना सदर बाजार के ककरा कलां बूचड़खाना पर कुछ गिद्ध देखे गए थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद उनकी संख्या बढ़ती गई और गर्व की बात है कि जिले में अब गिद्धों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इस समय जिले में 51 गिद्ध है और पूरे जिले को पांच क्षेत्रों में बांटा गया है। उन्होंने कहा कि आज गिद्ध दिवस पर सभी क्षेत्रों में लोगों के साथ गोष्ठियां आयोजित कर उन्हें गिद्धों के संरक्षण तथा उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जा रहा है।गुप्ता ने बताया कि डाइक्लोफिन नामक दवाई को जानवरों को दिया गया था जिसके बाद मृत जानवरों का गोश्त खाने पर गिद्धों में बीमारी पनप गई और उनकी मौत हो गई।उन्होंने कहा कि गिद्ध देश से विलुप्त होते चले गए जबकि गिद्ध वातावरण को शुद्ध करते हैं , वे मृत जानवरों के गोश्त को खाकर वहां की गंदगी साफ करते हैं।



## डंपर की टक्कर से दो सगी बहनों की मौत

सहारनपुर,। सहारनपुर जिले के सरसावा थाना क्षेत्र मे शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ट्रक ने दो सगी बहनों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी के मुताबिक, घटना के बाद डंपर चालक फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने बताया कि सरसावा थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी संजय कुमार की दो बेटियां- अवनिका (12) और अवन्या (10) गुरुकुल गंगा इंटरनेशनल स्कूल मे कक्षा छह और चार में पढ़ती थी। जैन के मुताबिक, दोनों बहनें शनिवार सुबह रोजाना की तरह स्कूल जाने से पहले मंदिर गई थी, जहां से लौटते समय वे एक डंपर की चपेट मे आ गई, जिससे एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी ने अस्पताल मे इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जैन के अनुसार, डंपर की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों बहनों को कुचलने के बाद यह बिजली के एक खंभे से टकरा गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या, दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज

प्रतापगढ़। जिले के दिलीपपुर थाना क्षेत्र के कोठियाही फतेहपुर गांव मे एक युवक ने अपने दोस्त की कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्व) विद्यासागर मिश्रा ने शनिवार को बताया कि अनिल पटेल (23) शुक्रवार रात अपने साथी पंकज पटेल के साथ शराब पीकर कोठियाही फतेहपुर पहुंचा था। उन्होने बताया कि किसी बात को लेकर दोनों मे कहासुनी हुई, जिसके बाद पंकज ने अनिल पर कथित तौर पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मिश्रा के मुताबिक, अनिल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया। मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनो की तहरीर पर आरोपी पंकज के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

## चार थानों की पुलिस ने इनामी पूर्व भाजयुमो उपाध्यक्ष के घर दी दबिश

फर्रुखाबाद। बीते लगभग 10 दिन से चौकी इंचार्ज के साथ अभद्रता करनें के मामले में फरार खनन माफिया व उसके साथी पूर्व भाजयुमों उपाध्यक्ष की तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है । लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ नाकामी ही लगी है। बीती रात में भी पुलिस नें दबिश दीए लेकिन आरोपी पुलिस के हाथ नही आया। पुलिस नें कुर्की की कार्यवाही की चेतवानी दी है। आईटीआई चौकी इंचार्ज सुरजीत सिंह के साथ अभद्रता करनें के मामले में मुख्य आरोपी सचिन ठाकुर निवासी कादरी गेट थाना क्षेत्र के नरायनपुर व पूर्व भाजयुमो उपाध्यक्ष अमित ठाकुर निवासी भुवनपुर ताजपुर थाना अमृतपुर की तलाश में पुलिस तेजी के साथ लगी है। लेकिन अभी तक पुलिस उन्हें गिरफ्तार नही कर सकी। जिससे पुलिस की काफी फजीयत हो रही है। मुख्य आरोपी सचिन ठाकुर के ऊपर 25 हजार व अमित ठाकुर के ऊपर एसपी नें 15 हजार का ईनाम रखा है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की सख्ती के चलते बीते शुक्रवार रात लगभग लगभग 8 बजे कादरी गेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला के साथ कोतवाली फतेहगढ़ए थाना राजेपुर, अमृतपुर की पुलिस टीम नें लगभग आधा सैकड़ा पुलिस कर्मियों के साथ अमित ठाकुर के घर पर दबिश दी। लेकिन घर में ताला पड़ा मिला। जिसके बाद पुलिस नें मुनादी कर ग्रामीणों से थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला नें चेतावनी दी कि यदि ईनामी आरोपी हाजिर नही होते हैं तो उनके खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही घर पर नोटिस भी चस्पा किया है। थानाध्यक्ष नें आरोपी को दो दिन के भीतर हाजिर होनें की चेतावनी दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 109 के सापेक्ष 7 का निस्तारण

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद तहसील का संपूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक विकास कुमारएमुख्य चिकित्साधिकारी अवनिंद्र कुमारए एस डी एम संजय सिंहएतहसीलदार श्रद्धा पांडेय सहित सभी विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। समाधान दिवस में 109 शिकायते आई जिसमे मौके पर केवल सात का निस्तारण किया गया। ज्यादातर शिकायतो में दबंगों द्वारा मकानों पर कब्जेएबजबजाती नालियांएजल भराव सहित कई समस्याओं की शिकायते आई। शेष बची शिकायतो को विभिन्न विभागों में निस्तारण के लिए भेज दिया गया।

## सफल सर्जरी से बचाया मरीज का पैर

कानपुर। एक रोचक मामले मेंए कानपुर स्थित रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने सफल सर्जरी से मरीज के दायें पैर को बचा लिया है। इस मरीज को दायीं ओर की बाहरी इलियाक आर्टरी में चोट लगी थी। इस चोट की वजह किसी अन्य अस्पताल में पहले हो चुकी सर्जरी थी। दरअसल, वहां एपेंडिक्स को निकालने के लिए किए गए सर्जिकल ऑपरेशन एपेंडिसेक्टॉमी के दौरान यह चोट लगी थी। रीजेंसी हॉस्पिटल में कार्डियो थोरैसिक एंड वैस्कुलर सर्जन डॉ. सुमित नारंग के नेतृत्व में डॉक्टर्स की टीम ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। इलियाक आर्टरीज ऐसी ब्लड वेसेल्स होती हैं, जो पैर,ए पेल्विस, प्रजनन अंगों और पेल्विक क्षेत्र के अन्य अंगों को रक्त की आपूर्ति करती हैं। पेल्विसए धड़ का निचला हिस्सा हैए जो हिप्स पर पैरों के जुड़ने के स्थान से एकदम ऊपर होता है।

## एनसीसी कैडेटों का हुआ वार्षिक प्रशिक्षण

फतेहपुर। एनसीसी कैडेटों का वार्षिक प्रशिक्षण शनिवार को आयोजित हुआ। शिविर अधिनायक कर्नल बृजेश पठानिया ने बांदा, अर्तरा, बिंदकी व फतेहपुर से आये कैडेटों के साथ-साथ एएनओ का स्वागत किया। उन्होने एनसीसी शिविर के लिए हिदायतें, लक्ष्य व उद्देश्य का उल्लेख करते हुए शिविर के तीन लक्ष्य अनुशासन, समय की पाबंदी व स्वास्थ्य की जानकारी दी। शिविर अधिनायक पठानिया ने कैडेटों को अनुशासन का पालन व अपने सीनियर के आदेशों का अनुसरण पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से करने की बात कही। कैंप कमांडेट ने अपने संबोधन में बताया कि वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन वर्ष में एक बार होता है। एनसीसी ट्रेनिंग का एक महत्वपूर्ण अंश है। कैंप का महत्व एवं कैंप का उद्देश्य दैनिक सैन्य जीवन का अनुभव कराना है। शिविर अधिनायक ने कैडेटों को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान हथियारों के बारे में विस्तृत जान दिया जायेगा। ड्रिल, मैप रीडिंग, युद्ध कौशल, क्षेत्र रक्षण की जानकारी भी दी जायेगी। बताया कि इस कैंप के दौरान कैडेटों में नेतृत्व के गुणों को भी विकसित किया जायेगा।

# महराजगंज में तालाब में डूबने से दो बहनों की मौत

महराजगंज। महराजगंज जिले के सदर कोतवाली थाना इलाके के एक गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से दो युवतियों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आतिश कुमार सिंह ने बताया कि रुधौली गांव में दो सगी बहनें तालाब में हाथ धोते समय डूब गईं जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने कहा,"पुष्पा (30) और रीता (20) तालाब में हाथ धोते समय फिसलकर गहरे पानी में डूब गईं" सिंह ने बताया कि दोनों सगी बहनों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं।

**बलिया में किशोरी से नाबालिग छात्र ने दुष्कर्म किया, मामला दर्ज**

बलिया। जिले के बांसडीह रोड थाना क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी के साथ कथित रूप से उसके गांव के 15 वर्षीय एक किशोर द्वारा दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास शुरू कर दिया गया है। उसके अनुसार बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के एक गांव में 13 वर्षीया एक किशोरी के साथ उसके गांव के ही 15 वर्षीय एक किशोर ने 31 अगस्त की शाम को बलात्कार किया। तब किशोरी अपने पिता से मिलने के लिए खेत जा रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राज कपूर सिंह ने बताया कि घटना के बाद शुक्रवार को किशोरी के पिता ने आरोपी के घर जाकर जब अपनी नाराजगी जताई तो उसे अपशब्द कहे गए तथा जान से मारने की धमकी दी गई।उन्होंने बताया कि किशोर के विरुद्ध अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की सुसंगत धारा में नामजद मामला दर्ज किया गया है। आरोपी कक्षा नौ का छात्र है।

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक व महिला समेत दो की मौत, किशोर घायल

**जौनपुर।** जौनपुर जिले के बक्सा थानाक्षेत्र में शनिवार को एक बोलेरो जीप की टक्कर से मोटरसाइकिल पर युवक और एक महिला की मौत हो गई, जबकि महिला का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। सदर के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) एसपी उपाध्याय ने बताया कि महिमापुर गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोटरसाइकिल और जीप की जोरदार टक्कर हो गई और इस हादसे में अगरौरा गांव के अरविंद यादव (28), संगीता देवी (42) और संगीता का बेटा शिवम प्रजापति (14) गंभीर रूप से घायल हो गए। ए तीनों मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे।सीओ ने बताया कि स्थानीय लोगों ने पुलिस के अलावा एम्बुलेंस को फोन पर सूचना दी और एम्बुलेंस वाहन सभी को नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सक ने संगीता को मृत घोषित कर दिया जबकि गम्भीर रूप से घायल अरविन्द एवं शिवम को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। उपाध्याय ने बताया कि परिजन जिला अस्पताल से दोनों घायलों को एक निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने अरविन्द यादव को भी मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि शिवम प्रजापति कक्षा नौ में चुरावनपुर के एक विद्यालय में पढ़ता है। शनिवार को विद्यालय में माता-पिता बैठक होने के कारण शिवम अपनी मां संगीता देवी के साथ मोटरसाइकिल से विद्यालय के लिए पड़ोसी अरविन्द यादव के साथ निकला था, तभी यह हादसा हो गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस बोलेरो जीप को बरामद कर थाने ले गई जबकि चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने कहा कि मामले में अग्रिम विधिक कार्वाई की जा रही है।

## बरेली में जंगल में घास काटने गए तीन किशोर लापता, मामला दर्ज

बरेली। जिले में मल्लपुरम के जंगल में घास काटने गए तीन किशोर लापता हो गए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि काफी तलाश के बाद भी तीनों का अब तक सुराग हाथ नहीं लगा है।पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजकुमार अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि हाफिजगंज थाना क्षेत्र के चैनामुरारपुर गांव के अर्जन सिंह (14), अनुज शर्मा (12) और सुरेंद्र यादव (13) शुक्रवार दोपहर साइकिल से मल्लपुरम में घास काटने गए थे, जिसके बाद से ही तीनों लापता हो गए। अग्रवाल ने बताया कि तीनों बच्चों की गुमशुदगी की सूचना दर्ज की गई है।

### स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाने का आरोप

# तीस से अधिक हिंदू कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी हुई दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** जिला मुख्यालय के सिविल लाइंस थाना पुलिस ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाने और निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने के आरोप में 30 से अधिक हिंदू कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। सिविल लाइंस थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) संजय कुमार सिंह ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत आदेश की अवज्ञा) के तहत हिंदू क्रांति सेना के राष्ट्रीय महासचिव मनोज सैनी सहित आठ लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है, जबकि 25 अज्ञात हिंदू कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसआई देवकी नंदन द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि शुक्रवार को निषेधाज्ञा के दौरान कार्यकर्ताओं ने बिना अनुमति के जुलूस निकाला और स्वामी प्रसाद मौर्य का पुतला जलाया। ए कार्यकर्ता स्वामी प्रसाद मौर्य की कुछ टिप्पणियों का विरोध कर रहे थे। मौर्य की हाल की टिप्पणियों ने विवाद पैदा कर दिया है। अगस्त के आखिरी सप्ताह में मौर्य ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, ब्राह्मणवाद की जड़ें बहुत गहरी है और सारी विषमता का कारण भी ब्राह्मणवाद ही है। हिंदू नाम का कोई धर्म है ही नहीं, हिंदू धर्म केवल धोखा है। सही मायने में जो ब्राह्मण धर्म है, उसी ब्राह्मण धर्म को हिंदू धर्म कहकर के इस देश के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों को अपने धर्म के मकड़जाल में फंसाने की एक साजिश है। अगर हिंदू धर्म होता तो आदिवासियों का भी सम्मान होता है, दलितों का भी सम्मान होता, पिछड़ों का भी सम्मान होता लेकिन क्या विडंबना है...। इसके पहले रामचरित मानस की एक चौपाई पर अपनी विवादित टिप्पणी को लेकर स्वामी प्रसाद मौर्य चर्चा में रहे थे।

**समस्या ग्रस्त व्यक्ति की संतुष्टि ही है समाधान: अभिषेक आनंद:**चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार कर्वी में हुआ। शनिवार को जिलाधिकारी ने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण कर आख्या देखी।

# रोडवेज बस ने स्कूल वैन को टक्कर मारी, 10 बच्चे घायल


कौशांबी। कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने शनिवार को एक स्कूल गाड़ी में टक्कर मार दी, जिससे 10 बच्चे घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। संदीपन घाट के थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-2 जीटी रोड स्थित सकाढ़ा मोड़ पर आज लगभग डेढ़ कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रही एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मूरतगंज के एक स्कूल के वाहन में जोरदार टक्कर मार दी। थाना प्रभारी ने बताया कि इस हादसे में स्कूल के वाहन में सवार 10 बच्चे घायल हो गए, जिनको मूरतगंज स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। उन्होंने बताया कि मामूली रूप से घायल आठ बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।थाना प्रभारी के अनुसार मोहम्मद गौस तथा अब्दुल नाम के दो बच्चों को गंभीर हालत में डॉक्टर ने प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले जाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि रोडवेज बस चालक मौके से भाग गया जबकि पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि मामले में तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। पुलिस के मुताबिक हादसे में घायल सभी बच्चों की उम्र 10 से 12 वर्ष के बीच हैं।

**पटाखे के भंडारण में आग लगने से एक महिला मजदूर की मौत**

मुजफ्फरनगर (उप्र) दो सितम्बर (भाषा) उत्तर प्रदेश में शामली के आनन्द नगर मोहल्ले में एक घर में शनिवार को पटाखों के भंडार में आग लगने से एक महिला मजदूर की जलकर मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। शामली जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक ने शनिवार को यहां पत्रकारों को बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान घटनास्थल से एक महिला का शव बरामद किया गया जिसकी पहचान मजदूर करतारी देवी (75) के रूप में की गई। एसपी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 3 सितंबर, 2023






## नहीं पूरी हुई आस

करीब 40 वर्षों तक फूल, पत्ती, फल के क्षेत्र में कार्य करने वाले डॉक्टर साहब की उम्मीद आखिरकार पूरी नहीं हो सकी। बीते कुछ माह से डॉक्टर साहब को काफी उम्मीद थी कि उनका कार्यकाल बढ़ेगा। इसके लिए काम के अच्छे प्रदर्शन के साथ ही डॉक्टर साहब मंत्री जी के इर्द-गिर्द भ्रमण करते नजर आने लगे थे। सही मायने में कहा जाए तो फल, फूल, पत्ती वाले मंत्री जी भी चाहते थे कि डॉक्टर साहब का कार्यकाल बढ़ जाए। बस यहीं से डॉक्टर साहब की उम्मीदों को और बड़े पंख लग गए। डॉक्टर साहब भी ऊंची-ऊंची उड़ान भरने लगे थे। उनको इस बात की पूरी उम्मीद थी कि उनका कार्यकाल जरूर बढ़ जाएगा। सही मायने में डॉक्टर साहब सेवानिवृत्त तो पिछले महीने हो चुके थे, बस उनकी फाइल पर मुहर लगने की देर थी। इसी के चलते उन्हें करीब 15 दिन तक यथावत पद पर रखा गया कि शायद मुख्यमंत्री हरी झंडी दे दें लेकिन अफसोस मुख्यमंत्री की सहमति नहीं मिली और बड़े बेमन से डॉक्टर साहब को सेवानिवृत्त होना पड़ा।




## जोर का झटका

शासन के एक निर्णय से खाकी महकमे के कप्तानों को जोर का झटका लगा है। दरअसल अभी तक जो व्यवस्था चली आ रही थी उसमें कप्तान साहब लोग ही जिले में अपराध और कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करते चले आ रहे थे लेकिन पिछले दिनों ऊपर से एक आदेश जारी हुआ कि अब से जिलों में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर साहबान करेंगे। कप्तान सिर्फ बैठक में शामिल रहेंगे। इस आदेश के बाद कप्तानों को जोर का झटका लगा लेकिन मजबूरी यह कि वह मुखर होकर इस बारे में अपना विरोध भी नहीं जता सकते। प्रदेश में सात जिलों में कमिश्नरेट सिस्टम लागू है। यहां पर खाकी महकमे का प्रभारी एडीजी स्तर का अधिकारी है। सवाल यह उठने लगा कि इतने उच्च स्तर के अधिकारी के सामने उनसे जूनियर स्तर के कलेक्टर बैठक की अध्यक्षता कैसे कर सकते हैं। शासन के कानों तक भी यह चर्चा पहुंची और तुरंत आदेश को स्पष्ट करते हुए कहा गया कि जहां कमिश्नरेट सिस्टम है वहां बैठक की अध्यक्षता पुलिस कमिश्नर ही करेंगे।

## मिलनी थी सजा मिला इनाम

एलडीए में बुजुर्ग को थप्पड़ मारने वाले अधिकारी को सजा मिलने के बजाए इनाम से नवाजा गया और अब अहम कार्य की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। वहीं पीड़ित बुजुर्ग आज भी इधर-उधर अपनी फाइल लेकर टहल रहा है। उसे अभी तक न्याय नहीं मिला। सरेआम अपमानित होने के बाद शनिवार को लगने वाले सिंगल विंडो कार्यक्रम में लोगों का आना कम हो गया। एलडीए के बड़े साहब ने बुजुर्ग के साथ हुई घटना के बाद उन्हें अपने केबिन में बुलाकर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बुजुर्ग को तो न्याय मिला नहीं, बल्कि दोषी अधिकारी को नया पद देकर सम्मानित कर दिया। आलम यह है कि इस घटना के बाद अधिकारियों का एक वर्ग फरियादियों की समस्याओं को हल करने के बजाए समस्याओं को टालने में जुटा है। आलम यह है कि अब एलडीए में आवंटियों और जनता की समस्याओं को हल करने के लिए बड़े साहब को 'चार दिवसों' जैसा अधिकारियों का जमावड़ा हर महीने करना पड़ रहा है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।



## साहेब की दरियादिली

चिकित्सा संस्थान में आए दिनों मरीजों की भर्ती को लेकर रोना लगा रहता है। संस्थान में ही एक विभाग के प्रमुख हैं। महोदय लावारिस मरीजों का इलाज ढूंढ ढूंढ कर करते हैं। पहले तो भर्ती करते हैं फिर उसके बारे में पता करने की जिम्मेदारी मीडिया को सौंप देते हैं। अंत मे मीडिया तो नही पर साहेब खुद ढूंढ कर मरीज को उसके परिवार वालों से मिला देते हैं। इस कार्य मे उन्हें एलओसी भी पार कर पता लगाना पड़े तो गुरेज नही है। अपने मातहतों को पता लगाने के लिए भेज देते हैं। अंत मे फोटो के साथ न्यूज शेयर करते हैं। ताकि तालियां भी मिले और खबर की हेडलाइन भी मिले। यह तो रही साहेब की दरियादिली पर जहां लाचार मरीजों को भर्ती कराने का मामला आता है, वहां साहेब गायब हो जाते हैं। भर्ती के अभाव में मरीज भले मर जाए पर साहेब का पता नहीं चलता है। अब यह नहीं समझ मे आ रहा है कि साहेब की दरियादिली खबरों को लेकर रहती है या मरीजों को लेकर। अगर दरियादिली मरीजों को लेकर रहती है तो फिर लाचार मरीजों के मामले में चुप्पी क्यों साध लेते हैं। फिलहाल, साहेब की दरियादिली कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।

# दंगों की आग लगाने वाले अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं

## योगी ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन में की जनसभा

● कहा, घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास रहा है विपक्ष का एजेंडा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ घोसी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि घोसी का महत्व वही समझ पाएगा जिसने 2005 में मऊ दंगों को देखा है। तब सपा की सरकार थी और वह कुछ न कर पाई थी। तब भी इन दंगाबाजों के खिलाफ हमने ही मोर्चा खोला। हम कोई जाति समाज नहीं देखते थे। जो यहां दंगों की आग लगाते थे वो अब व्हीलचेयर पर जान की भीख मांगते दिखते हैं।

सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को घोसी विधानसभा उपचुनाव के तहत आयोजित विशाल जनसभा रैली को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार दारा सिंह चौहान के समर्थन के साथ ही विपक्ष पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि घोसी का विकास नहीं, खुद का विकास विपक्ष का एजेंडा रहा है। उन्होंने कहा कि लोग पीडीए की बात



करते हैं, हमने तो सबका साथ सबका विकास किया है। हम बिना भेदभाव की शासन प्रक्रिया को पीएम के मार्गदर्शन में स्थापित कर रहे हैं। घोसी की धरती को ऋषियों की पावन धरा बताते हुए सीएम योगी ने कहा, संकट की घड़ी में ही असली पहचान होती है। कोरोना संकट में कांग्रेस का चरित्र किसी से छुपा नहीं हैए सपा सुप्रीमो भी अपने घर में दुबक गए थे। तब याद कीजिए यही मोदी और योगी आपकी सेवा के लिए तत्पर थे। हम हर जगह जाते थे और 2 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन की खुराकें हमने मुफ्त में दीं। एक तरफ देश ने आपदा से लड़ाई की, वहीं हमने गरीबों के कल्याण के लिए भी काम किया। अब कोई गरीबों का हक नहीं मार सकताए बड़ी.बड़ी परियोजनाओं का लाभ सबको पूरी निष्पक्षता से मिल रहा है। सीएम योगी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो चीनी मिलों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया लेकिन हम यहां चीनी मिलों के एक्सपैंशन के लिए भी काम कर रहे हैं। इसी घोसी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र होए आईटीआई हो या पॉलेटेक्निक हो, यह सभी कार्यक्रम यहां के बीजेपी के प्रतिनिधियों के कार्यकाल में ही बने। हम घोसी को बुलेट ट्रेन से जोड़ने आए हैं। सपा से पूछिए, जन्माष्टमी के आयोजन पर सपा ने रोक लगा दी थी। हमने इसे वापस भव्यता से मनाने का मार्ग सुनिश्चित किया। ये राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले लोग हैं और हमने राम मंदिर का निर्माण करके दिखा दिया। आज घोसी में 4 लेन सड़कें हैं और गोरखपुर हो या वाराणसी हमने ऐसी सड़कें बनाई हैं कि लखनऊ से उनकी दूरी अब बेहद कम हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस.सपा के लोग तो इस क्षेत्र में झांकते तक नहीं है। सपा ने तो भीमराव अंबेडकर व कांशीराम विश्वविद्यालय का नाम अपने लिहाज से बदल दिया था। महापुरुषों का इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता है। सामाजिक अन्याय का शंखनाद समाजवादी पार्टी ने किया था। इनके जीन्स में ही नफरत है। ऐसे में विकास की बातें इनके मुंह से हास्यास्पद लगती है। इनके काल में केवल चाचा-भतीजा और एक परिवार का ही विकास हुआ। प्रदेश के विकास को बाधित किया, युवाओं के सामने रोजगार संकट खड़ा किया। आज केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। विकास की इस रफ्तार को हर गांव, हर कोने में पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

आपने नगर निकाय में देखा होगा, सभी दिशाओं में भाजपा का ही परचम लहराया था। सभी 17 निकायों में एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इसी को घोसी में भी लागू करना होगा।

दारा सिंह चौहान के बारे में सीएम योगी ने कहा कि जो सुबह का भूला शाम को घर आ जाए तो उसे भटका हुआ नहीं कहा जाता। दारा सिंह भी घर वापस आ गए हैं और राजनीति के दिग्गज हैं। सीएम ने कहा कि घोसी के कल्याण के लिए आपको किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं है। हम आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। कोई भी आपके और घोसी के विकास के बीच नहीं आ सकता है। ये कार्य केवल हम ही कर सकते हैं। यहां ऐसा विकास हुआ है कि कब आप मऊ में बैठे और कब लखनऊ पहुंच गए पता ही नहीं लगेगा। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण हो, श्री काशी विश्वनाथ में पहले कितनी पतली गली थी, अब देखिये कितना भव्य गलियारा है।

# मोदी की राह रोकने को दंगाबाज और दगाबाज लगा रहे बैरियर: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

● मुख्यमंत्री ने गोरखपुर को शुद्ध पेयजल व रोड कनेक्टिविटी से जुड़ी 629 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात दी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक तरफ विकास और राष्ट्रवाद का अलख जग रहा है तो दूसरी तरफऐसे लोग भी हैं जिन्हें गरीबों का विकास व कमजोरों का उत्थान अच्छा नहीं लग रहा है। उन लोगों को नौजवानों को मिल रहा रोजगारए किसानों की खुशहाली अच्छी नहीं लग रही। समर्थ, सक्षम और सशक्त भारत अच्छा नहीं लग रहा। दंगाबाज और दगाबाज लोग मोदी जी की राह रोकने के लिए बैरियर लगा रहे हैं। जनता को जागरूक रहकर हर बैरियर हटाना है और सबका साथ सबका विकास की भावना से कार्यक्रमों को आगे बढ़ाते रहने के लिए डबल इंजन सरकार को अवसर प्रदान करते रहना होगा।

सीएम योगी शनिवार अपराह्न महंत महंत दिग्विजय नाथ स्मृति पार्क में 629 करोड़ रुपए की लागत वाली जल निगम व लोक निर्माण विभाग की 195 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने के बाद जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर से नकहा ओवरब्रिज होते हुए स्पोर्ट्स कॉलेज तक मार्ग का 41.20 करोड़ रुपए की लागत से फोरलेन में चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण तथा 20.18 करोड़ रुपउ की लागत से चौड़ीकृत व सुदृढ़ीकृत महावनखोर-नेतवर बाजार-कैम्पियरगंज मार्ग का लोकार्पण और 567.21 करोड़ रुपए की लागत से 193 ग्राम पंचायतों के लिए नल से शुद्ध पेयजल की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। लोकार्पण व शिलान्यास को जन्माष्टमी गिफ्ट बताने के साथ सीएम योगी ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए सभी के लिए मंगलकामना की और कहा कि डबल इंजन की सरकार सिर्फ शिलान्यास ही नहीं करती, शिलान्यास वाले कार्यों का उद्घाटन भी करती है। उन्होंने कहा कि देश, दुनिया में नई आभा के साथ चमक रहा है। भारत के प्रति दुनिया की धारणा बदली है। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान बढ़ा है। सीएम योगी ने कहा कि देश की आबादी के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के लोगों के सामने 2017 से पूर्व पहचान का संकट था। यह गंभीर संकट भाई भतीजावाद, परिवारवाद, जातिवाद, माफि यावाद, भ्रष्टाचारवाद की राजनीति के चलते था। यूपी की जनता ने अब उन लोगों के सामने ही पहचान का संकट खड़ा कर दिया है जिन्होंने यूपी के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था।

मुख्यमंत्री ने हर घर नल से जल योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक योजना ही नहीं है। प्राचीन काल से ही पानी पिलाने को पुण्य का कार्य माना गया है। हर घर नल से जल योजना में सरकार आरओ से भी शुद्ध पानी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत यूपी में आधे से अधिक कार्य सम्पन्न हो चुका है। बुंदेलखंड में जहां पानी नहीं पहुंचता था वहां सभी चार हजार गांवों में व्यवस्था अंतिम चरण में है। पहले यहां ट्रेन से पानी भेजना पड़ता था। महिलाएं पांच किमी दूर से सिर पर गगरी रखकर पानी लाती थीं। योजना का गोरखपुर के संदर्भ में उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्यूट इनसेफेलाइटिस सिंड्रोम का प्रमुख कारण अशुद्ध पेयजल था। अब एक तरफ इनसेफेलाइटिस का उन्मूलन अंतिम चरण में है तो वहीं हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचाने का कार्यक्रम भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सीएम योगी ने गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि नए भारत के नए यूपी में नया गोरखपुर नई आभा से चमक बिखेर रहा है।

## सपा अल्पसंख्यक सभा में पदाधिकारी नामित

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर मौलाना मो. इक़बाल खां क़ादरी राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा द्वारा अनवर अली उर्फ पप्पू मिर्जा निवासी कानपुर को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मो. जीशान अंसारी निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने दी।

## सपा ने आयोग को लिखा पत्र, घोसी में मंत्री बांट रहे हैं पैसा व शराब

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ को पत्र लिखकर घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपनिर्वाचन में भाजपा सरकार द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल प्रभावी कार्यवाही किये जाने की मांग की है। राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का उपनिर्वाचन 2023 में मतदान के दिन मतदान स्थल पर उपलब्ध रहने वाली मतदाता सूची में प्रदेश सरकार के मंत्रियों के इशारे पर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम काटने, मतदाताओं का नाम दूसरी सूची में डालने एवं मतदाताओं के फोटो बदलने की साजिश की जानकारी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा दी जा रही है।

निर्वाचन क्षेत्र के अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में सपा समर्थक मतदाताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी से समाजवादी पार्टी ने मांग की हैं कि निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के मंत्रियों, नेताओं द्वारा पैसा बांटने और शराब बांटने पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की जाए और अल्पसंख्यक बाहुल्य वालों क्षेत्रों में दहशत फैलाने वाले अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाए और स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक चुनाव सम्पन्न हो सके। ज्ञापन केके श्रीवास्तव एवं राधेश्याम सिंह द्वारा सौंपा गया।

# यूपी में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है, अपराधी और दबंग सरेआम हत्याएं कर रहे हैं। गाजियाबाद से लेकर गाज़ीपुर और गोरखपुर तक अपराधी खूनी खेल-खेल रहे है। महिलाएं, बेटियां और आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में हालात तो यह हो गये है कि बहन और बेटियां घर में सुरक्षित नहीं है। अपराधी घर में घुसकर गोलियां मार रहे हैं और हत्या कर रहे हैं। महिलाएं और बेटियां दहशत में है।

अखिलेश यादव ने कहा कि गाजियाबाद में बेटियों ने अपने ही स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ खून से पत्र लिखकर अपने दर्द और व्यथा का इजहार किया लेकिन भाजपा सरकार संवेदनशून्य बनी रही। बेटियों ने प्रिंसिपल पर अपने कमरे में बुलाकर यौन शोषण का आरोप लगाया। बलिया में दबंग ने घर में घुसकर बेटी की हत्या कर दी।



उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था में अव्वल होने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में महिला सिपाही भी सुरक्षित नहीं। अयोध्या में पैसेंजर ट्रेन में महिला हेड कांस्टेबल से रेप की वारदात दिल दहलाने वाली घटना है।

लखनऊ में मंत्री आवास पर बेटे के दोस्त की हत्या हुई। कानपुर दक्षिण में थाने के सामने ट्रांसपोर्ट भवन में युवक का कत्ल हो गया। औरैया में ईंट से कूचकर दोस्त को मार डाला। गाजीपुर में बुजुर्ग की ईंट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। अखिलेश ने कहा कि लखनऊ में सरेराह लड़की को स्कूटी से खींचकर रेप का प्रयास किया गया, विरोध पर चाकू से 16 वार किए। पीजीआई क्षेत्र में सैन्य कर्मी की बेटी से पहले भी आरोपित ने छेड़छाड़ की थी पर पुलिस लापरवाह बनी रही। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रयागराज में छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगों ने एक भाई की हत्या कर दी। जौनपुर में ही पिछले दिनों सरेआम छात्र नेता के पिता की हत्या कर दी गई।

प्रदेश में हत्या, लूट, दबंगई और छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है, क्या यही भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस है, घूम-घूम कर कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा सरकार कहां है। अखिलेश यादव ने कहा कि ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की चीज नहीं है। अपराधी जो चाहे, जहां कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री पिछले 7 सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है, उत्तर प्रदेश में अपराधी बेखौफ है। उनमें कानून का डर नहीं है।

# चाकू से हमले में घायल छात्रा के पिता से मिला कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के पीजीआई थाना क्षेत्र के अन्तर्गत सेनानी विहार कालोनी में एक युवक द्वारा अपने दो साथियों के साथ मिलकर स्कूटी से जा रही पूर्व सैनिक परिवार की छात्रा पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर बुरी तरह घायल किए जाने सम्बन्धी घटना की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कड़े शब्दों में निंदा की है। उनके निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने कमांड हास्पिटल में भर्ती पीड़ित छात्रा के पिता से मिलकर इस अमानवीय घटना एवं पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली और पीड़िता के पिता को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी उन्हें न्याय दिलाने और हर सम्भव मदद के लिए उनके साथ खड़ी है। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, उप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव (प्रभारी-प्रशासन) दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रूद्र दमन सिंह, सोमेश सिंह, डॉ. शहजाद आलम, डॉ. एके रजा, नितान्त 'सिंह नितिन', शिव कुमार यादव एवं अकील अहमद शामिल रहे।

## मायावती ने राजस्थान में महिला के साथ हुई अभद्रता की निंदा की

**लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने राजस्थान में महिला के साथ हुई अभद्रता की निंदा की हैं। उन्होंने गहलोत सरकार से मांग किया है कि सरकार इसका संज्ञान लेकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करे। बसपा प्रमुख ने शनिवार को अपने अधिकारिक ट्विटर हैंडल से दो ट्वीट किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान के प्रतापगढ़ में महिला के साथ अभद्र, असभ्य व्यवहार की जितनी भी निन्दा की जाए वह कम है। सरकारें इनकी रोकथाम के लिए बसपा सरकार जैसी कठोर कार्रवाई क्यों नहीं कर पाती हैं, यह सोचने वाली बात है। विभिन्न राज्यों में इस प्रकार की जघन्य घटनाओं का लगातार होना अति-शर्मनाक है। उल्लेखनीय है कि आगामी वर्ष-2024 में लोकसभा चुनाव समय पूर्व होने की संभावना के मद्देनजर बसपा अपने संगठन को मजबूत करने में जुटी है। वहीं, सर्वसमाज में जनाधार को बढ़ाने की अनवरत प्रक्रिया के साथ ही उम्मीदवारों के चयन आदि को लेकर उत्तर प्रदेश के बाद उत्तराखण्ड राज्य में छोटे-बड़े सभी पदाधिकारियों की बैठकों में मायावती हिस्सा ले रही हैं। जो आगे भी राज्यवार जारी रहेगा।

# जन समस्या निराकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य: सीएम

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि जनता की समस्याओं का निराकरण सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। अधिकारी जनता की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराएं।

सीएम योगी ने उक्त निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद गए और एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। मुख्यमंत्री ने इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात की। आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, सबकी समस्या का समाधान हरहाल में किया जाएगा। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में प्रार्थना पत्र लेकर



पहुंची थीं। कुछ की समस्या घरेलू जमीन विवाद की थी तो कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पारिवारिक सम्पत्ति विवाद का निस्तारण पहले दोनों पक्ष के बीच बातचीत कराकर किया जाए। न होने पर कानूनी तरीके से हल निकाला जाए। जमीन कब्जा की शिकायत पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो उदाहरण बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान कुछ महिलाओं संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार.दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया। उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# रालोद नेता सुरेंद्रनाथ त्रिवेदी के निधन पर पार्टी नेताओं ने शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के वरिष्ठ नेता एवं मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ त्रिवेदी का शनिवार को संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान में सुबह निधन हो गया। उनके निधन पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय, राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे आदि नेताओं ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने पार्टी जनों के साथ उनके आवास पर पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय लोकदल का झंडा व पुष्पांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी।

उनके निधन की सूचना पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने उनके पुत्र मयंक त्रिवेदी को फोन पर शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि उनके निधन से पार्टी को अपूर्णनीय क्षति हुयी है। शोक व्यक्त




करने वालों में पार्टी के पूर्व विधायक शिव करन सिंह, राष्ट्रीय सचिव ओंकार सिंह एवं विजय श्रीवास्तव, टीम आरएलडी के राष्ट्रीय संयोजक अनुपम मिश्रा, वरिष्ठ नेता वसीम हैदर, रजनीकांत मिश्रा, चन्द्रबली यादव, मनोज सिंह चौहान, अम्बुज पटेल, रोहित अग्रवाल, बीएल प्रेमी, आदित्य विक्रम सिंह, चंद्रकांत अवस्थी, अभिषेक सिंह, अमन पाण्डेय, रमावती तिवारी, रणविजय मौर्य, आरपी सिंह चौहान, मो. आमिर, विपिन द्विवेदी, अमित गुप्ता प्रमुख थे।

# जिलाधिकारी ने फरियादें सुनकर समस्या निस्तारण को भेजीं पुलिस व राजस्व की टीमें

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**आमजन** की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में जिले की सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील गोला गोकर्णनाथ सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी व अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए।

डीएम ने समाधान दिवस में आए फरियादियों से समस्याओं की सुनवाई की। डीएम ने कई मामलों में समस्या निस्तारण को पुलिस व राजस्व टीमें भेजी। डीएम ने मामलों के समाधान को सम्बन्धित अफसरों को जरूरी हिदायतें दीं।

जनसमस्याओं का निस्तारण मुख्यमंत्री व शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी जनसमस्याओं के निस्तारण की गुणवत्ता व समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें। आने वाले फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवायी कर उसका समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित कराये ताकि फरियादी को अनावश्यक रूप से भाग-दौड़ न करनी पड़े। समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही पर इस बात पर विशेष ध्यान रखा जाय कि निस्तारण की कार्यवाही से फरियादी भी संतुष्ट दिखे। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व एवं आपदा 21, पुलिस 10, ग्राम्य विकास 08, खाद्य एवं रसद व विद्युत 03- 03, बेसिक शिक्षा 02, नगर विकास, गन्ना, लोक निर्माण, पंचायती राज की एक-एक, अन्य के 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अजय मिश्र टैनी ने कई विकास कार्यो का किया लोकार्पण

## ● ब्लाक सभागार में सरकार की गिनाई उपलब्धियां

संवाददाता। निघासन-खीरी



**शनिवार** को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने क्षेत्र पंचायत की आठ सड़कों, एक पुलिया, एक सुलभ शौचालय, पीएचसी,नवीन मण्डी स्थल की बाउण्ड्री वाल व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से बनी सड़क का लोकार्पण किया।

ब्लाक सभागार में बैठक को सम्बोधित करते हुये केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टैनी ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आगे बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार में डूबे लोग तिलमिला रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं से लोग तरक्की की राह पर हैं। पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसानों की आय बढ़ी है। बेरोजगारों को रोजगार मिला है वहीं राष्ट्र व समाज विरोधी लोगों को जेल की सलाखों में भेज दिया गया है। श्री टेनी ने क्षेत्र पंचायत से बनी आठ सड़कों व बौधिया खुर्द में बनी एक पुलिया व कोदी बाबा नामक स्थान पर बने सुलभ शौचालय का शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान धात्री महिलाओं को फलों की किट भी प्रदान किया। इसके बाद वह लुधौरी पहुंचे जहां नवीन मण्डी स्थल की बाउण्ड्री वाल, पीएचसी व लुधौरी से मदनापुर के लिये बनी सड़क का शिलान्यास किया। लुधौरी में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि सरकार सभी के स्वास्थ्य की बेहतर देखभाल के लिये जगह जगह अस्पताल खोल रही है। लोगों को रोजगार देने के कटिबद्ध है। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान केपी राना, बद्री प्रसाद, नगेंद्र सिंह सेंगर,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह,दीपक तलवार, संजय गिरि, दयाशंकर मौर्य, दिग्विजय गुप्ता, प्रज्ञानंद, केके तिवारी, रंगी लाल, संतोष शुक्ला, अवधराम ब्रम्हादीन, तोताराम आदि तमाम लोग मौजूद रहा।

# डीएम-एसपी ने सैम श्रेणी के नौ बच्चों को बांटी सुपोषण किट

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**तहसील** गोला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह, पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा व मुख्य विकास अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने अभिनव पहल संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी (अति कुपोषित) के 09 बच्चों को न केवल दुलारा बल्कि उनके अभिभावकों सुपोषण किट प्रदान की। डीएम ने कहा कि आज प्रदान की जा रही सुपोषण किट सामग्री का नियमित सेवन कराए, यह किट बच्चों को सुपोषित बनाने के लिए वरदान साबित होगी। डीएम ने सीडीपीओ-आंगनबाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि वह इन बच्चों का नियमित मॉनिटरिंग करके यह सुनिश्चित कराएं कि सुपोषित किट एवं केंद्र से मिलने वाले पोषाहार का बच्चे को नियमित सेवन कराए। इस अवसर जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद, उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता, सीडीपीओ सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम करे भूमि विवादों का निस्तारण



**संडीला( हरदोई )।** अपर जिलाधिकारी ने तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतें सुनकर उनके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी ने की। समाधान दिवस में बड़ी संख्या में भूमि संबंधी शिकायतों के आने पर अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम इस विवदों का निस्तारण करने के लिए गंभीरता से कार्रवाई करे। उन्होंनें उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे भूमि संबंधी छोटी शिकायतों की भी अनदेखी न करें क्योंकि कई बार छोटी घटनाएं ही बड़ी घटना बन जाती हैं और शांति व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करतीं हैं। इसके अलावा उन्होंनें सरकारी जमीनों पर अवैध कब्ज़ों, चरागाहों पर अतिक्रमण के मामलों पर भी लेखपाल एवं अन्य राजस्व अधिकारियों से नजर बनाए रखने के लिए कहा। इस समाधान दिवस में कुल 52 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 3 का तत्काल निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में एसडीएम तान्या सिंह, सीओ तहसीलदार तथा अन्य स्थानीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# अवैध शराब कारोबारियों पर चला हंटर, आठ अभियोग दर्ज

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**अवैध** मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के उद्देश्य से आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित प्रशासन, पुलिस, आबकारी महकमे की संयुक्त टीम ने सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। जो 05 सितंबर तक चलेगा।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, इस प्रकार जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 08 अभियोगो को पंजीकृत किया। 240 लीटर अवैध शराब और 2000 किग्रा लहन बरामद की।

शनिवार को जनपद खीरी के जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह, आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर, आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी, आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला, आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा ने दल बल के साथ संयुक्त रूप टीम बनाकर ग्राम जहानपुर, भुसौरिया, कुंदवा, कुम्हारन टोला, पसियाना, भटपुरवा थाना गोला में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों, संदिग्ध खेतों, संदिग्ध स्थानों एवं उसके आस पास के स्थानों से भारी मात्रा में कच्ची शराब प्लास्टिक के जरिकेनों से, चढ़ी भट्ठियां, प्लास्टिक की थैलियों एवं लोहे के ड्रमों में लहन बरामद की। मौके पर चढ़ी भट्ठियों, ड्रमों एवं लहन को नष्ट किया। मौके पर एक अभियुक्त को कच्ची शराब व्यापार में लिप्त पाते हुए गिरफ्तार किया। इसके साथ ही आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र 3 निघासन ने मय स्टाफ द्वारा ग्राम पुरैना थाना निघासन में दबिश दी। दबिश में नाले किनारे से कच्ची शराब की चढ़ी भट्ठियों और लहन को बरामद करते हुए मौके पर नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक केपी सिंह क्षेत्र 4 पलिया ने मय स्टाफ ग्राम टेहरा थाना पलिया में दबिश दी, दबिश में संदिग्ध घर से कच्ची शराब प्लास्टिक की बोतल में बरामद की।

# पसगवां पुलिस की बड़ी सफलता



**मोहम्मदी खीरी।** पुलिस उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा के निर्देशन पर पसगवां प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत कुमार सिंह व उनकी टीम को मिली बड़ी सफलता ,दबिश के दौरान जेवीगज चौकी के इलाके मे बडी संख्या में पटाखे और बारूद हुआ बरामदएक गोडाउन से पुलिस ने बडी मात्रा में पटाखे व बारूद किया प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जेबी गज मे पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ जगहो पर बारुद औ अबैध रूप से निर्मित पटाखे रखे हुए हैं लगातार दविश देने के उपरांत बडी सफलता हाथ लगी है ,बरामदगी मे 1 किलो 600 ग्राम बारूद, 2 बोरे बड़े पटाखे जिनका वजन 51 किलो, छोटे पटाखे चार बोरों में जिनका वजन 95किलो,है जिसमे जेवीगज और कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है।

# उर्से रजवी का तीन दिवसीय कार्यक्रम जारी परचम कुशाई से होगा उर्से रजवी का आगाज

संवाददाता। बरेली

**आला** हजरत फाजिले बरेलवी का 105 वा उर्से रजवी बरेली में 10,11 व 12 सितंबर को मनाया जाएगा। उर्स की सभी रस्में दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना अल्हाज सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत और सय्यद आसिफ मिया की निगरानी में दरगाह परिसर व इस्लामिया मैदान में अदा की जाएगी। मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स का आगाज परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। समापन 12 सितंबर को 2.38 मिनट पर आला हजरत के कुल शरीफ के साथ होगा।10 सितंबर(रविवार)रू- उर्स का आगाज इस्लामिया मैदान में परचम कुशाई की रस्म के साथ होगा। इससे पहले आजम नगर स्थित हाजी अल्लाह बख्श के निवास से परचमी जुलूस 4 बजे दरगाह के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां की कयादत में कुमार टाकीज,इंदिरा मार्केट होते हुए बिहारीपुर के ढाल के रास्ते दरगाह पहुँचेगा। यहाँ सलामी देने के बाद जुलूस दरगाह से दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां की कयादत में वापिस इस्लामिया मैदान पहुँचेगा। दुनियाभर के उलेमा की

## ● रात में नातिया मुशायरा कुल शरीफ की रस्म से समापन

मौजूदगी में हजरत सुब्हानी मियां यहाँ परचम कुशाई की रस्म अदा करेंगे। इसी के साथ उर्स का विधिवत ऐलान हो जाएगा। बाद नमाज ए मगरिब महफिल ए मिलाद होगी। रात में 10 बजकर 35 मिनट पर आला हजरत के बड़े साहिबजादे हुज्जातुल इस्लाम के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद नातिया मुशायरा हजरत अहसन मियां की सदारत में मुफ्ती आकिल रजवी,मुफ्ती सलीम नूरी,मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी,मुफ्ती मोइनुद्दीन, मुफ्ती अफरोज आलम,कारी अब्दुर्रहमान कादरी,मुफ्ती अनवर अली,मौलाना डॉक्टर एजाज अंजुम की निगरानी में शुरू होगा। मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने बताया कि मुशायरा का मिसरा तरही ष्उंगलियां कानों में दे दे कर सुना करते है ष' होगा। देश विदेश के शायर इसी मिसरे पर अपने-अपने कलाम पेश करेंगे। मुशायरा देर रात तक जारी रहेगा। 11 सितम्बर (सोमवार) बाद नमाज ए फज्र कुरानख्वानी। इसके बाद कांफ्रेंस। सुबह 9.58 मिनट पर रेहाने मिल्लत व 10.30 बजे मुफस्सिर-ए आजम के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। इसके बाद आपसी सौहार्द कॉन्फ्रेंस होगी। दिन में कार्यक्रम व चादरपोशी का सिलसिला जारी रहेगा। रात में दुनियाभर के मशहूर उलेमा की तकरीर होगी।

देर रात 1 बजकर 40 मिनट पर मुफ्ती आजम-ए-हिन्द के कुल शरीफ की रस्म अदा होगी। 12 सितंबर (मंगल) बाद नमाज ए फज्र कुरानख्वानी। सुबह 8 बजे से नात ओ मनकबत व तकरीर का सिलसिला शुरू होगा। जो 2 बजकर 38 मिनट तक जारी रहेगा। आला हजरत के कुल शरीफके साथ तीन रोजा उर्स का समापन होगा।

# सपा पार्षद ने फरीदपुर टोल प्लाजा को 60 किलोमीटर के दायरे से बाहर करने की मांग की

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के पार्षद राजेश अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को एक पत्र प्रेषित कर टोल प्लाजा पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की है उन्होंने कहा कि फरीदपुर टोल प्लाजा नियम के दायरे के विरुद्ध स्थापित किया गया है एन एच 24 पर यह टोल प्लाजा 60 किलोमीटर के दायरे बाहर किया जाना चाहिए फतेहगंज पश्चिमी न 24 पर जो प्लाजा है वह 44 किलोमीटर की दूरी पर है और 26 किलोमीटर की दूरी पर एक और टोल प्लाजा फरीदपुर रोड पर बना दिया गया है जो नियम 2008 के विरुद्ध है उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी ने लोकसभा में 2022 में आश्वासन दिया था कि 60 किलोमीटर के दायरे के अंदर कोई टोल प्लाजा नहीं होगा बरेली में दोनों टोल प्लाजा नियम विरोध है और जनता से अवैध धन वसूली की जा रही है उन्होंने अपने वक्ताफ्त पर पुन: विचार करने और जनता को टोल प्लाजा से राहत दिलाने की मांग की है डसना से लखनऊ तक 60 किलोमीटर से कम दायरे में अगर कोई टोल प्लाजा है तो उसको बंद किया जाए और वहां वसूली पर रोक लगाई जाए।

# जीवनधारा पुनर्वास व शोध संस्थान के स्पेशल बच्चों ने किया वृक्षारोपण

संवाददाता। बरेली

**जीवनधारा** पुनर्वास एवं शोध संस्थान के स्पेशल बच्चों द्वारा वृक्षारोपण किया गया , जीवनधारा पुनर्वास एवं शोध संस्थान, डेलापीर शाखा में डा अरूण कुमार सक्सेना, वन एवं गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम से पहले राज्यमंत्री डा अरूण कुमार सक्सेना ने संस्थान का भ्रमण किया उन्होंने संस्थान के सभी स्पेशल बच्चों, अध्यापकगणों से मुलाकात की तथा कक्षा में उनके द्वारा की जाने वाले क्रियाकलापों को ध्यान से देखा व



पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन श्राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार , अनिल कुमार सक्सेना, वरिष्ठ भाजपा नेता, वन विभाग के चीफ डी एफओ तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों एवं संस्थान के स्पेशल बच्चों वासु तिवारी, हनी सिंह, जिगर वर्मा, एमी, शशांक, हर्ष भाटिया तथा विशेष शिक्षिका फरिया खानम द्वारा संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया समझा। इसके उपरान्त दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्सिस विशेष शिक्षा मानसिक मंदित एवं श्रवण बाधिर के छात्र , छात्राओं एवं अध्यापकगणों से भी भेट की।कार्यक्रम में राम सिंह, हर्ष चौहान, अमित विश्वकर्मा, धीरेन्द्र पाल, मोहम्मद गौहर अब्बास, सोनल भाटिया, हेमा चौहान, प्रीति गंगवार, ममता दिवाकर, रूकसार खान, रजनी गंगवार आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

**संडीला(हरदोई)।** दहेज में मोटरसाइकिल और सोने की चेन न लाने के कारण एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम उमरहरी निवासी रोशनी ने कोतवाली बेनीगंज ने तहरीर देकर कहा कि उसका विवाह डेढ वर्ष पूर्व ग्राम करीमनगर निवासी नेकराम के साथ हुआ था। विवाह के अवसर पर उसके पिता द्वारा हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया था। लेकिन इस तमाम दहेज को प्राप्त करके भी उसके पति और अन्य ससुरालीजन संतुष्ट नहीं हुए और मोटरसाइकिल और सोने की जंजीर लाकर देने की मांग की। जब यह मांग पूरी नहीं हुए तो ससुराल में उसका उत्पीड़न किया जाने लगा और अंततः उसे मारपीटकर घर से निकाल दिया गया। पीड़िता ने अपने पति नेकराम, सास सरोजिनी, ससुर रामबिलास और जेठ सरवान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गयी है हांलाकि अब तक किसी नामजद व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### चारपाई से गिरा मासूम तो पति ने पीटा, लगाई फांसी

**बरेली।** आठ माह का मासूम चारपाई से गिर गया उसे काफी चोट आई गुस्साए पति ने पत्नी की जमकर पिटाई कर दी नाराज पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी मायके वालों ने पति पर हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जाच शुरू कर दी ।सुभाषनगर थाना क्षेत्र के शांति विहार निवासी बंटू की 24 वर्षीय पत्नी प्रीति का शव कल शाम उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया प्रीति की मां कमला ने आरोप लगाया कि बंटू अक्सर उनकी बेटी प्रीति से मारपीट करता था रक्षाबंधन से एक दिन पहले प्रीति का छोटा बेटा चारपाई से गिर गया था उसे काफी चोट आई थी इस बात पर बंटू ने लापरवाही का आरोप लगाकर प्रीति की पिटाई की थी इसके कुछ देर बाद ही नाराज प्रीति में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना की सूचना मिलते ही गणेश नगर में रहने वाले मायके वाले मौके पर पहुंचे मृतका की मां कमला का आरोप है कि बंटू ने पहले प्रीति की गला दबाकर हत्या की, फिर आत्महत्या दिखाने को शव लटका दिया। प्रीति के दो बेटे हैं बड़ा बेटा दो साल का और छोटा आठ महीने का है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन के आगे कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**बरेली।** पत्नी से तंग आकर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली उसकी पत्नी ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी ।फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव हेतराम मझउआ निवासी 23 वर्षीय राकेश राज मिस्त्री का काम करता था रक्षाबंधन से पहले मंगलवार को उसकी पत्नी दोनों बच्चों को लेकर अपने मायके इज्जतनगर के गांव मुड़िया अहमदनगर गई थी फरीदपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि महिला का पड़ोसी के कोई विवाद नहीं था उसने पड़ोसी को थाने में बंद करा दिया था और उसके साथ जाने की इच्छा जताई थी रक्षाबंधन के बाद राकेश पत्नी को बुलाने के लिए गया लेकिन वह साथ नहीं आई जिससे नाराज होकर राकेश ने ट्रेन के आगे छलांग लगा दी उसकी मौके पर ही मौत हो गई लोगों ने उसकी लाश को रेलवे लाइन पर देखा और घटना की जानकारी पुरुष को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अज्ञात के रूप में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इधर जब राकेश घर वापस नहीं लौटा तब उसे तलाशने की कोशिश शुरू की गई मृतक की पत्नी ने बताया कि जब उसे पता चला कि उसके पति राकेश का शव पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद है तब वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और उसने बताया कि पड़ोसी से उनका विवाद हो गया था उन्होंने थाने में तहरीर दी थी आरोपी लगातार फैसले का दबाव बना रहे थे आरोप है कि फैसला न होने पर रंजिश में उनके पति की हत्या कर दी गई और शव को रेलवे ट्रैक पर डाल दिया पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### छात्र पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**बरेली।** लॉ कॉलेज के छात्र पर फायरिंग का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से तमंचा भी बरामद कर उसे जेल भेजा। आवला थाना क्षेत्र के गांव आसपुर निवासी अर्पित चौहान पर फायरिंग करने के आरोप में पुलिस ने गांव के रहने वाले रामू को तमंचे समेत गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । ज्ञात हो कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पता चला कि शाम के समय अर्पित चौहान जब अपने खेत पर जा रहा था तभी रास्ते में सुरेंद्र सिंह के घर के सामने रामू ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर वह मारपीट करने लगा जब अर्पित ने भागने की कोशिश की तो रामू ने उसके पीछे दौड़ते हुए तमंचे से फायरिंग कर दी लेकिन अर्पित बाल बाल बच गया इस पूरी घटना का वीडियो मोटरसाइकिल पर चल रहे किसी व्यक्ति ने बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने रात के समय रामू को गिरफ्तार कर लिया और उसकी निशान देही पर फायरिंग में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया उसे जेल भेजा गया ।

# आत्महत्या के लिए ट्रेन के आगे कूदी युवती, लोको पायलट ने बचाई जान

संवाददाता। बरेली



**आज** ऐसा रेल हादसा देखने को मिला जिसने भी देखा वह दंग रह गया ।बहेडी की एक युवती, जो कि खुद ट्रेन के आगे खुद का आत्महत्या करना चाहती थी लेकिन ट्रेन के ड्राइवर की सूझबूझ की वजह से युवती की जान बच गई। काशीपुर से बरेली की ओर आने वाली पैसेंजर ट्रेन के आगे बहेड़ी के रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक युवती ट्रेन के आगे कूद गई लेकिन ट्रेन के ड्राइवर ने इस घटना को देख लिया और देखते ही ट्रेन के इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए जब तक ट्रेन के पहिए थमे तब तक ही होती इंजन के नीचे फंस चुकी थी लेकिन गनीमत रही की इस घटना में युवती को बचा लिया गया। ट्रेन के ड्राइवर ने लोगों की मदद से घायल युवती को इंजन के नीचे से बाहर निकाला और 108 डायल एंबुलेंस को फोन करके घायल होती को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया. पहले तो लोगों को लगा कि यह एक हादसा है लेकिन जब पूछताछ की गई तो पता चला कि युवती आत्महत्या के इरादे से स्टेशन पहुंची थी और ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या करना चाहती थी लेकिन ट्रेन के ड्राइवर की सूझबूझ और समझदारी की वजह से युवक की जान बच गई फिलहाल युवती या खतरे से बाहर है और रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि युवती को परिवार के लोगों को सौंप दिया गया है और घटना की जानकारी भी पुलिस को दे दी गई है।

# आला हजरत की पुस्तकों का संग्रहालय हुआ तैयार

## ● 30 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है

संवाददाता। बरेली



**आला** हजरत इमाम अहमद रजा फाजिले बरेलवी के उर्स की तैयारियां चल रही है, दुनिया भर से आने वाले जायरीन के खाने पीने और रहने सहने की व्यवस्थाओं में समितियां लगी हुई है। मगर आला हजरत का जो सबसे बड़ा कारनामा है वो उनके द्वारा लिखी गई पुस्तकें हैं, एक अंदाजे के मुताबिक लगभग आला हजरत ने एक हजार से ज्यादा पुस्तकें लिखी है , इन पुस्तकों को एक जगह जमा करने और शेद्ध कार्य को आगे बढ़ाने की दिशा में इस्लामिक रिसर्च सेंटर स्थित दरगाह आला हजरत ने एक लाइब्रेरी स्थापित की है। संस्था के निर्देशक मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी का कहना है कि देश और विदेश से आने वाले रिसर्च स्कॉलरो को एक जगह किताबें नहीं मिल पाती थी जिसकी वजह से शेद्ध कर्ताओं को लिखने पढ़ने की समस्याओं का सामना करना पड़ता था मगर अब उन लोगों को आसानी होगी और एक जगह बैठकर रिसर्च का काम आसानी के साथ कर सकते हैं।मौलाना ने बताया कि इस लाइब्रेरी के कायम करने से देश और विदेश के उलमा और बुद्धजीवियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सऊदी अरब, मिर्स , पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल अमरीका और साउथ अफ्रीका आदि विभिन्न देशों के रिसर्च इस्कौलर सीधे तौर पर सम्पर्क में हैं। भारत के राज्यों में स्थापित विभिन्न विश्वविद्यालयों में हो रहे आला हजरत पर पीएचडी का काम करने वाले एक दर्जन से ज्यादा अब तक इस्लामिक रिसर्च सेंटर की लाइब्रेरी में आ चुके हैं।मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने ये भी बताया कि अब तक 30 से ज्यादा पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है।

# जंगल में घास काटने गए तीन बच्चे लापता

**बरेली।** जंगल में घास काटने के लिए गए तीन बच्चे लापता हो गए काफी तलाशने के बावजूद उनका कुछ पता नहीं चला पुलिस उन्हें तलाशने की कोशिश कर रही है।इज्जत नगर थाना क्षेत्र के मल्लपुर के जंगल में घास काटने गए हाफिजगंज थाने के गांव चेना मुरारपुर निवासी 14 वर्षीय हिमांशु यादव पुत्र अर्जुन यादव, 12 वर्षीय अर्जुन राम पुत्र मानदेव, 13 वर्षीय सुरेंद्र यादव पुत्र बदन सिंह शुक्रवार की शाम को जंगल में घास काटने की बात कह कर एक साथ साइकिल पर निकले थे हिमांशु घास काटने के लिए पहली बार गया था उनके पास कोई भी मोबाइल फोन नहीं था शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटे तो घर के लोग उन्हें तलाशने मे जूट गए लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला काफी देर तक तलाशने के बाद जब उनके बारे में कोई भी जानकारी नहीं मिली तो घटना की शिकायत पुलिस से कर दी गई।

# खेलों से होता है शारीरिक व मानसिक विकासः एसएचओ

## ● स्थानीय प्रतिभाओं के विकास से क्षेत्र को मिलेगा लाभ-मुलायम सिंह

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**रूरा** क्षेत्र के चिलौली गॉव में मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अन्र्तगत विशाल दॅगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गयां, कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारम्भ करते हुये नवॉगुतक रूरा एसएचओ कपिल दुबे व मुख्य अतिथि जिला बार एसोसियेशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने बताया कि परम्परागत खेलों से स्थानीय ग्रामीण प्रतिभाओं का सम्पूर्ण शारीरिक व मानसिक विकास होता है। मुख्य अतिथि ने इस मौके पर स्थानीय प्रतिभाओं को समुचित सुविधायें प्राप्त होने पर आशतीत परिणाम प्राप्त होने की बात कही। कार्यक्रम में भारी सॅख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों की मौजूदगी में जहॉ पहेलवानो ने अपने दॉवों का इस्तेमाल कर मनोरॅजन किया वहीं दस वर्षीय बालक राजा द्वारा अखाडे में बिच्छू दौड का अदभुत नजारा प्रस्तुत कर लोगों को रोमॉचित किया।


फीता काटकर दॅगल का शुभारम्भ करते एसओ कपिल दुबे

डेरापुर तहसील के रूरा थाने के अन्र्तगत आने वाले तहसील की दूसरी सबसे बडी ग्राम पॅचायत चिलौली के रूरा डेरापुर मार्ग पर समाजसेवी रामऔतार दीक्षित द्वारा विगत 70 वर्षो से अधिक समय से आयोजित किये जा रहे दॅगल का गुरूवार को अमृत सरोवर के नजदीक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ नवॉगुतक चर्चित रूरा थानाध्यक्ष कपिल दुबे व जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने फीता काटकर व सनातनधर्म के अनुयायिओं के अराध्य महाबली हनुमान का पूजन कर किया गया। इस मौके पर चिलौली के रोहित व हसनापुर के विजय, चिलौली के ही सुमित व भटौली के दीपक के बीच हुयी कुश्ती ने मौजूद हजारों लोगों को रोमॉचित कर दिया। भटौली के 10 वर्षीय बालक राजा द्वारा लगायी बिच्छू दौड ने उपस्थित भारी सॅख्या मे दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान रामनरेश, कार्यक्रम आयोजक रामऔतार दीक्षित, विनीत यादव, प्रशॉत दीक्षित मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रभावी सॅचालन राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित नवीन दीक्षित द्वारा किया गया।

# तालाब जैसा मटमैला और गंदा पानी पिला रही है पालिका, बीमारियां फैलने का खतरा

**संवाददाता।** घाटमपुर

| 42. | श्याजू मदनगोपाल नायर, कविता श्याजू नायर, 203/ए साई, ज्योत सीएचएस केबिन, रोड भयंदर ई ठाणे- 401105, एलबीडीईएल00003127276 | फ्लैट नंबर-टी9-501, 5वां तल, टॉवर-9, सनवर्ल्ड अरिस्टा, प्लॉट नंबर जीएच 01/सी सेक्टर 168, नोएडा | 07-08-2023 रु. 77,51,318/- | 02/05/ 2023 |
| 43. | वीरेंद्र कुमार उपाध्याय, प्रीति उपाध्याय, रामपुर जौनपुर जौनपुर, उत्तर प्रदेश- 222125, एलबीडीईएल00005671345 | फ्लैट नंबर 402, चतुर्थ तल, टावर टी9, आगमन-2, मुजेरी, सेक्टर-70, फरीदाबाद, हरियाणा | 07-08-2023 रु. 17,88,370/- | 30/05/ 2023 |
| 44. | सुमन चावला, मनोज कुमार चावला, 151 गीता अपार्टमेंट ब्लॉक 17, गीता कॉलोनी पूर्वी दिल्ली, दिल्ली, 110031 एलबीडीईएल00004364956 | फ्लैट नंबर 602, छठा तल, टावर सीएस-7, सुपरटेक केपटाउन, प्लॉट नंबर जीएच-01/ए, सेक्टर-74, नोएडा। | 07-08-2023 रु. 41,98,924.46/- | 06/05/ 2023 |
| 45. | तैलेंद्र तालुकदार, कबिता बर्मन, बंगला नंबर पी/224बी टाइप 4 कार्यालय, कॉलोनी लुमडिंग असम 782447, पोस्ट खानापारा पीएस दिसपुर, गुवाहाटी- 781022 खाता :- एलबीएनओडी00005265860 | प्लॉट नं.-652, ब्लॉक-बी, सेक्टर-22डी, ग्रेटर नोएडा, नोएडा | 07-08-2023 रु. 15,42,152/- | 06/05/ 2023 |
| 46. | नफीश खान मंसूरी, मंसूरी बॉडी सॉलिड एंड स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, साजिदा बेगम, बी-604, मीनाक्षी अपार्टमेंट, सेक्टर- पी1, सूरजपुर, यूपी ग्रेटर नोएडा- 201306, खाता :एलबीडीईएल00005181909 | प्लॉट नं. टी5, सेक्टर ग्राम तुगलपुर/ हल्डोना (केपी-1), (5/6ः ग्राम आबादी) जिला गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा | 07-08-2023 रु.1,10,40,786.86/- | 03/06/ 2022 |
| 47. | अरविंद कुमार, कोशल मिश्रा, मकान नंबर-1161, मारुति कुंज, भोंडसी, गुड़गांव हरियाणा-122102, गुड़गांव-122102, खाताः- एलबीजीयूआर00004409300 | दुकान नंबर जी-070, भूतल , रोफ गैलेरिया, सेक्टर 102, गुड़गांव | 07-08-2023 रु. 17,00,780/- | 06/04/ 2023 |
| 48. | नम्र किशोर, आशु रात्रा, फ्लैट नंबर 102 सेक्टर 93ए, सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट, नोएडा-201304, खाताः- एलबीएनओडी00001957480 | यूनिट नं.- केआरआई 0030901, क्रिस्टल कोर्ट, टावर-3, विशटाउन नोएडा, जेपी ग्रीन्स, एक्सप्रेसवे सेक्टर-128, नोएडा। | 07-08-2023 रु. 25,27,176/- | 02/05/ 2023 |
| 49. | अमितेश राज, निशा कुमारी, 128 प्रगति एप्स., पश्चिम पुरी, पश्चिम पुरी गुरुद्वारा के पास, नई दिल्ली दिल्ली-110063 ,खाता :-एलबीएनओडी 00001410410, एलबीएनओडी00001410410 | फ्लैट-नंबर-एस-3, द्वितीय तल, छत के अधिकार के साथ, प्लॉट नंबर-6/95, सेक्टर-6, आवासीय कॉलोनी, वैशाली, गाजियाबाद | 06-01-2023 रु. 7,96,919/- | 10-11- 2022 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 02 सितम्बर, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# भाजपा ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस की लूट से बचा सकती है : शाह

**भाषा।** रायपुर



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ शनिवार को 104 पृष्ठों का आरोप पत्र जारी किया और कहा कि केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस की लूट, अत्याचार और कुशासन से बचा सकती है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर छत्तीसगढ़ को 'गांधी परिवार का एटीएम' बनाने का भी आरोप लगाया और कहा कि उनकी सरकार ने भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। शाह ने राज्य की कांग्रेस सरकार पर वोट बैंक की राजनीति के लिए छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण नहीं रोकने का आरोप लगाया। केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कोयला, शराब, ऑनलाइन सट्टेबाजी से संबंधित कथित घोटालों की जांच को लेकर कहा कि केवल भाजपा ही छत्तीसगढ़ को कांग्रेस के घोटालों, अत्याचारों और कुशासन से बचा सकती है। शाह ने कथित अवैध सट्टेबाजी ऐप महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े धनशोधन मामले का जिक्र करते हुए कहा कि क्या छत्तीसगढ़ की जनता युवाओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी की ओर धकेलने वाली बघेल सरकार चाहती है, या युवाओं के विकास का काम करने वाली भाजपा सरकार चाहती है। भाजपा नेता ने कहा, छत्तीसगढ़ के लोगों को यह तय करना होगा कि क्या उन्हें हजारों करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार करने वाली भूपेश बघेल सरकार चाहिए या विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाली भाजपा सरकार चाहिए। लोगों को यह तय करना होगा कि क्या वे भूपेश बघेल सरकार चाहते हैं जो आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा की बात करती है लेकिन यहां धर्मांतरण फलता-फूलता है या भाजपा सरकार जो आदिवासियों और उनकी संस्कृति की रक्षा और सुरक्षा करती है।

शाह ने आरोप लगाया कि भूपेश बघेल सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यदि भाजपा सत्ता में आई तो जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है उन्हें उल्टा लटका दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने प्रशासन में ऐसी अराजकता कभी नहीं देखी जिसमें (जिला) कलेक्टर भ्रष्टाचार से पैसे इकट्ठा करने वाले बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का शासन छत्तीसगढ़ का विकास नहीं कर सकता है। भाजपा नेता ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार फिर से सत्ता में आएगी और भाजपा उससे पहले छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल तक यहां भाजपा की सरकार ने अटल जी के सपने को साकार करने का काम किया, छत्तीसगढ़ को निखारने का काम किया, लेकिन जब 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी तब उसने यहां लूट, भ्रष्टाचार और घोटालों की सरकार बनाई जिसके कारण छत्तीसगढ़ के विकास के मार्ग पर एक सवालिया निशान लग गया है। छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद दिया। तीनतीन बार यहां सरकार बनाई। 2014 के लोकसभा चुनावों में हमने 11 में से 10 सीट जीतीं और 2019 में हमने नौ सीट जीतीं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 2023 में छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने के बाद 2024 में जनता हमें सभी 11 सीट पर विजई बनाएगी। हम राज्य को विकास की पटरी पर वापस लाएंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव सिर्फ एक चुनाव नहीं है बल्कि यह छत्तीसगढ़ के भविष्य को बदलने का चुनाव है। शाह ने कांग्रेस सरकार पर राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना और जल जीवन मिशन सहित केंद्रीय योजनाओं को ठीक से लागू नहीं करने का आरोप लगाया और कहा, मैं छत्तीसगढ़ के लोगों से वादा करता हूं कि यदि भाजपा सत्ता में आती है तो दो वर्ष के भीतर हर घर में स्वच्छ पानी की आपूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल (2018 विधानसभा चुनाव से पहले) लोगों से किए गए वादे भूल गए हैं, उनके द्वारा किए गए 36 बड़े वादों में से उन्नीस अधूरे हैं जबकि अन्य वादों में से 316 अभी भी अधूरे हैं। यहां जो पांच साल से घपले-घोटालों की सरकार, अत्याचार की सरकार, वादाखिलाफी की सरकार चल रही है ।

## बैंक ऋण निधि का इस्तेमाल नरेश गोयल के निजी खर्चे के लिए किया गया: ईडी

**भाषा।** नई दिल्ली-मुंबई

**जेट एयरवेज** के संस्थापक नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों ने लिए बैंक-ऋण निधि से 1,000 करोड़ रुपए के संदिग्ध और व्यक्तिगत खर्च किए गए, जबकि एयरलाइन ने पैसा कुछ टैक्स हेवेन (ऐसे देश जहां कर की दर बहुत कम या शून्य है) में भेजा। यह आरोप प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गोयल को धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद शनिवार को लगाया।संघीय जांच एजेंसी ने गोयल (74) को दिल्ली से अपने मुंबई कार्यालय ले जाने के बाद शुक्रवार देर रात हिरासत में ले लिया था। धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए गठित एक विशेष अदालत ने शनिवार को उन्हें 11 सितंबर तक 10 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने एक बयान जारी करके दावा किया कि गोयल के समूह - जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड या जेआईएल - की कुल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) 5,951.46 करोड़ रुपए है और इसमें से नौ बैंकों के परिसंघ में से सबसे बड़ा हिस्सा (1,636.23 करोड़ रुपए) भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का है। ईडी की जांच में पाया गया है कि पेशेवर और परामर्श की आड़ में, 1,000 करोड़ रुपए के संदिग्ध खर्चों को दर्ज किया गया, नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत खर्चों को कंपनी के खर्च में दर्ज किया गया था, और बेहिसाबी लेनदेन को प्रमोटर के विदेशी खातों में जमा किया गया था। ईडी ने आरोप लगाया कि जेआईएल ने सामान्य बिक्री एजेंटों के कमीशन की आड़ में दुबई, आयरलैंड और ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह सहित अन्य टैक्स हेवेन स्थित विदेशी संस्थाओं को धन भेजा , जिसका भुगतान गोयल और उनके सहयोगियों से जुड़े संबंधित पक्षों और संस्थाओं को किया गया।एजेंसी ने कहा है कि जुलाई में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद गोयल को दो बार तलब किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए।

## क्विक न्यूज

### जी-20 सम्मेलन स्थल पर 28 फुट ऊंची नटराज की प्रतिमा स्थापित की जा रही

**नई दिल्ली।** दिल्ली में अगले सप्ताह भारत मंडपम में जी-20 शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जहां पर भगवान शिव के नटराज स्वरूप की विशाल प्रतिमा स्थापित की जा रही है। माना जा रहा है कि नटराज की यह दुनिया में सबसे ऊंची प्रतिमा होगी। सूत्रों ने बताया कि यह प्रतिमा आधार सहित 28 फुट ऊंची है और धातु ढलाई की प्राचीन मोम तकनीक का उपयोग करके इसे बनाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतिमा का निर्माण करने में प्रसिद्ध चोल कांस्य का उपयोग किया गया है। नटराज भगवान शंकर का स्वरूप है जिसमें वह ब्रह्मांड का सृजन करने और विध्वंस करने की उनकी शक्ति को तांडव मुद्रा में दिखाया गया है। सूत्रों ने बताया, हम जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल भारत मंडपम के परिसर में नटराज की अब तक की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित कर रहे हैं। जी20 नेताओं का शिखर सम्मेलन 9-10 सितंबर को प्रगति मैदान में नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र भारत मंडपम में होगा। शिखर सम्मेलन के पहले दिन, संस्कृति मंत्रालय की परिकल्पना से तैयार सांस्कृतिक गलियारे का भी भारत मंडपम में अनावरण किया जाएगा।एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सांस्कृतिक गलियारे की अवधारणा सभी 29 देशों से सर्वश्रेष्ठ और सबसे मूल्यवान कलाकृतियों को एक ही स्थान पर लाने से जुड़ी है, जो जी-20 के विषय वसुधैव कुटुंबकम की सार होगी।उन्होंने कहा कि इसके अलावा गलियारा यह भी दर्शाएगा कि संस्कृति सभी को जोड़ती है। अधिकारी के मुताबिक संस्कृति सभी को एकजुट करती है भारत की अध्यक्षता में जी20 के संस्कृति कार्य समूह का उप-विषय था। सूत्रों के मुताबिक सांस्कृतिक गलियारा - जी20 डिजिटल संग्रहालय के हिस्से के रूप में, सभी जी20 सदस्यों और आमंत्रित देशों से प्राप्त भौतिक और डिजिटल प्रारूपों में कलाकृतियों को उसी मंजिल पर प्रदर्शित किया जाएगा जहां नेताओं की बैठकें होंगी और इस गलियारे से होकर गुजरेंगे।

### सूर्य मिशन जलवायु परिवर्तन से निपटने की योजना तैयार करने में भारत की मदद कर सकता है: नायर

**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष जी माधवन नायर ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 के सफल प्रक्षेपण के साथ देश कुछ पूर्वानुमान मॉडल विकसित कर सकता है और जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए एक योजना तैयार कर सकता है। श्रीहरिकोटा से आदित्य उपग्रह को ले जाने वाले पीएसएलवी-सी57 की सफल उड़ान के बाद नायर ने कहा कि विभिन्न घटनाओं को समझने के लिए सौर सतह का अध्ययन करना बहुत महत्वपूर्ण है जो हमारी स्थानीय मौसम स्थितियों को तुरंत प्रभावित करती है। नायर ने पीटीआई-भाषा से कहा, जलवायु परिवर्तन के अध्ययन में सौर विकिरण की दीर्घकालिक परिवर्तनशीलता भी एक बहुत महत्वपूर्ण कारक है। इसलिए, इन सभी क्षेत्रों में, इस अद्वितीय मिशन के माध्यम से बुनियादी ज्ञान प्राप्त किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि उपग्रह के अपेक्षित अंतिम गंतव्य लैग्रेंज बिंदु। (एल1) से उपग्रह चौबीसों घंटे सूर्य का निरीक्षण कर सकता है और विभिन्न सौर घटनाओं के संबंध में सटीक डेटा प्रदान कर सकता है। वर्ष 2003 से 2009 तक इसरो के अध्यक्ष रहे नायर ने कहा, हम केवल कुछ (पूर्वानुमान) मॉडल बनाने की कोशिश कर सकते है, और मॉडल को इस प्रयोग के माध्यम से मान्य किया जा सकता है। यह कुछ संकेतक प्रदान कर सकता है जिसके आधार पर हम ग्रह के लिए एक लचीली योजना बना सकते है। उन्होने कहा कि जब यह एल। कक्षा की यात्रा जारी रखेगा तो विकिरण का खतरा आदित्य मिशन के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होने वाला है। नायर ने कहा कि इससे अंतरिक्ष यान में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रभावित हो सकते है और दिशा-निर्देशन या प्रणोदन प्रणाली को कोई भी नुकसान देश के पहले सूर्य मिशन को मुश्किल में डाल सकता है।

### देवभूमि रक्षा अभियान ने ऋषिकेश में दो मज़ारें तोड़ीं

**देहरादून।** सोशल मीडिया में एक वीडियो पोस्ट किया जा रहा है जिसमें एक दक्षिणपंथी संगठन के सदस्य ऋषिकेश के अमित ग्राम इलाके में हथौड़े तथा जेसीबी मशीन के जरिए दो मज़ारों को तोड़ते दिखाई दे रहे है। वीडियो मे दो युवकों को जय श्री राम के नारे लगाते हुए और हथौडों से मज़ारों को तोड़ते देखा जा सकता है। वीडियो में इसके बाद एक जेसीबी मशीन मज़ारों का मलबा हटाते दिखाई दे रही है। इसमें एक व्यक्ति यह भी कह रहा है कि राज्य में जहां कही भी इस प्रकार की अवैध मज़ारे होंगी, उन्हे तोड़ा जाएगा। उसने कहा, यह देवभूमि है, मज़ारभूमि नही। राज्य के विभिन्न हिस्सों में अतिक्रमण रोधी अभियान चल रहा है और इस अभियान के तहत कई मज़ारों को तोड़ा गया है। हालांकि इस मामले में यह तोड़-फोड़ प्रशासन ने नही बल्कि हिंदूवादी संगठन-देवभूमि रक्षा अभियान ने की है। देवभूमि रक्षा अभियान के अध्यक्ष स्वामी दर्शन भारती ने कहा कि उन्हे उन जमीन मालिकों से मज़ारे तोड़ने की अनुमति मिली है, जिनकी जमीनों पर ए बनी हुई थी। उन्होंने कहा, जिस जमीन में मज़ारें बनी है वे दो हिदुओं की है। उन्होंने हमें इसे ढहाने की अनुमति दी। हमने पुलिसकर्मियो की मौजूदगी मे यह काम किया। देवभूमि रक्षा अभियान के अध्यक्ष ने कहा, ऋषिकेश के गुमानीवाला और श्यामपुर इलाकों में ऐसी 25-30 मज़ारें है। हम उन्हें भी तोड़ेंगे। देवभूमि पर मज़ारे बनाना हमारे धर्म पर प्रहार है। उन्होंने कहा, अगर आप ए करना चाहते है तो कही और जा कर करिए, लेकिन देवभूमि को बख्श दीजिए।

### अमृतकाल में स्वदेशी नैनो तकनीकी से बन रही सड़कें

**नई दिल्ली।** भारत में संड़कों को लंबी उम्र देने के लिए उसमें नैनो तकनीकी का इस्तेमाल किया जा रहा है। साथ सड़कों को इस अमृतकाल में पानी के विष से बचाने के लिए नये-नये प्रयोग किए जा रहे हैं। भारत की स्वदेशी कंपनी ज़ाइडेक्स इंडस्ट्री ने गड्ढों से मुक्त और मौसम-रोधी सड़कों को बनाने के लिए आधुनिक तकनीक पेश की है। यह तकनीक भीड़-भाड़ से भरे ट्रैफिक का दबाव झेलने वाली सड़कों को 20 से 50 साल तक टूटने से बचाती है और अलग-अलग मौसम के असर से भी सड़को को सुरक्षित रखती है। हर किसी के लिए हरा,भरा भविष्य सुनिश्चित करने वाली सस्टेनेबल केमिस्ट्री विकसित करने के प्रति ज़ाइडेक्स की गहरी प्रतिबद्धता है। इस प्रतिबद्धता की बदौलत इसने गैर प्रदूषक और गैर.खतरनाक टेक्नो लॉजीज लागू करने में पथ प्रदर्शक की हैसियत हासिल की है। इन तकनीकों से पर्यावरण का संरक्षणए रक्षा और सुधार होता है। पर्यावरण संबंधी लाभ इससे सड़क निर्माण में मिश्रित पदार्थों और तारकोल का प्रयोग कम होता है और कार्बन फुटप्रिंट में कटौती होती है। यह यथावत निर्माण में एफडीआर टेक्नो्लॉजी, सीमेंट और ऐडिटिव्स का प्रयोग करके सड़क की परत का दोबारा इस्तेमाल करने की क्षमता प्रदान करता ह, जिससे कार्बन फूटप्रिंट में कमी आती है। तारकोल में गर्म मिश्रण सह ऐंटी स्ट्रिप ज़ाइडेक्स ऐडिटिव्स पेविंग सीजन बढ़ाता है और ईंधन की खपत तथा रख.रखाव का खर्च कम करने में मदद करता है। यह हाइवे डिजाइन पर दोबारा काम करके सड़क कीभार वहन क्षमता बढ़ाता है। विजन जीरो. दुर्घटना जनित मृत्यु और गड्ढों को कम करना ;सामाजिक मानसिकता, शिक्षित करना अनुशासान को बढ़ा देनाद्ध। ज़ाइडेक्स टेक्नो लॉजीजसडकों में पानी घुसने से होने वाली क्षति को न्यूनतम करके सडकों के लिए सस्टेनेबिलिटी समाधान पर फोकस करती है परत उघड़ने और गड्ढे बनने में कमी लाने वाली टेक्नोगलॉजी के प्रयोग द्वारा तारकोल की परतोंकी उम्र बढ़ती है। इसके साथ हीए लगभग शून्य तामपान पर काम करना संभव बनाकर कार्यशील सीजन का विस्तार करने में मदद करती है। ज़ाइडेक्स योजकों ने पीएमजीएसवाई ;प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजनाद्ध के अंतर्गत पिछले 7 साल में बनी 1, 000 किलोमीटर से अधिक लम्बी सडकों को कवच और स्थिरता प्रदान की है।

# शरिया लागू कर इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है नीतीश सरकार : गिरिराज

**भाषा।** बेगूसराय



**केंद्रीय मंत्री** गिरिराज सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूरे बिहार के स्कूलों में हिंदू त्योहारों की छुट्टियों में कटौती कर राज्य की नीतीश कुमार सरकार शरिया लागू कर इस्लामिक स्टेट स्थापित करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बेगूसराय से सांसद ने यह टिप्पणी अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के दौरान की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाया। सिंह ने कहा, यह बच्चों को सनातन संस्कृति से अलग करने की कोशिश है ताकि वे हरितालिका तीज, जन्माष्टमी और नवरात्रि जैसे त्योहारों के प्रति अनजान बने रहे। उन्होंने कहा, मैं बिहार सरकार को चुनौती देता हूं कि वह मुस्लिम त्योहारों पर होने वाली छुट्टियों में कटौती करके दिखाए। वह हिंदुओं की भावनाओं से खेलने का हौसला करती है क्योंकि यह समुदाय जातियों में बंटा है। भाजपा की पूर्व सहयोगी रही नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने भी पलटवार करते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान संसद का सत्र बुलाकर हिंदू विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन किया है। सिंह ने आरोप लगाया, हम नीतीश कुमार के मंसूबे को नाकाम करने के लिए हिंदुओं को एकजुट करेंगे जिन्होंने बिहार को पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) का गढ़ बना दिया है और उनके सहयोगी लालू प्रसाद यादव जब सत्ता में थे तब उन्होंने सिमी (स्टुडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ़ इंडिया) को फलने-फूलने दिया। भाजपा ने कहा, राज्य सरकार को हिंदू त्योहारों की छुट्टियों को रद्द करने का आदेश वापस लेना चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं करती तो हम मानेंगे की बिहार को शरिया कानून के तहत इस्लामिक स्टेट में तब्दील करने की कोशिश की जा रही है। इस बीच, पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, केंद्र सरकार की हिंदू विरोधी मानसिकता है जो गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान संसद का सत्र बुलाने से साबित होती है। उन्हें बताना चाहिए कि श्रावण महीने की किस तारीख को मंत्रिमंडल ने सत्र को मंजूरी दी। विधान पार्षद और राज्य के पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा, हमें संदेह है कि औचारिकताएं कभी पूरी नहीं की गई।

# ईडी ने कोलकता की कंपनी पर छापा मारा

● ब्रिटेन की कंपनियों को आलोचना के लिए दंडित किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने हाल ही में कोलकाता स्थित एक कंपनी पर छापा मारा, जो कथित तौर पर एक अनधिकृत कॉल सेंटर चलाती है और जिसकी सहयोगी कंपनियों को ब्रिटेन में एक अवैध स्लैमिंग के लिए दंडित किया गया था। स्लैमिंग किसी उपभोक्ता की सहमति के बिना उसके टेलीफोन सेवा प्रदाता को अवैध तरीके से बदलने को कहा जाता है। मेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक और निदेशक कुणाल गुप्ता के 11 परिसरों पर 31 अगस्त को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गए थे। एजेंसी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ईडी की जांच में पाया गया कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में फर्जी प्रौद्योगिकी सहायता प्रस्तावों, भ्रामक वेबसाइट बिक्री और नकली मोबाइल ऐप के माध्यम से फर्जी ऋण प्रस्तावों के जरिए भोले-भाले लोगों को निशाना बनाया और पीड़ितों से पर्याप्त रकम ऐंठे। इसमें कहा गया है कि गुप्ता ने ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कंपनियां स्थापित की थीं। ईडी ने कहा, यह भी पता चला है कि उनकी ब्रिटेन स्थित दो कंपनियों पर वहां के दूरसंचार नियामक ऑफकॉम द्वारा स्लैमिंग के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। एजेंसी ने कहा कि धनशोधन के जरिए कमाया गया पैसा होटल, क्लब और कैफे जैसे क्षेत्रों में लगाया गया था और यह अवैध धन को वैध बनाने की एक चाल थी। धनशोधन का यह मामला विधाननगर पुलिस की ओर से दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने कहा कि पुलिस ने कॉल सेंटर को सील कर दिया है।

### धर्मांतरण: ब्रॉडवेल क्रिश्चियन सोसाइटी के अध्यक्ष को गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले स्थित ब्रॉडवेल क्रिश्चियन हॉस्पिटल सोसाइटी के अध्यक्ष मैथ्यू सैमुअल को कथित जबरन धर्मांतरण कराने से जुड़े एक मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान की है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने सैमुअल और अन्य की ओर से इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ दायर अपील पर उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया। उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ राज्य पुलिस की ओर से दायर प्राथमिकी से संबंधित कार्यवाही निरस्त करने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा, विशेष अनुमति याचिका और हस्तक्षेप याचिका पर नोटिस जारी किया जाता है। इस बीच, उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला स्थित कोतवाली पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी संख्या 224,2022, 54,2023, 55,2023 और 60,2023 के सिलसिले में याचिकाकर्ताओं के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई नही की जाएगी।

### मोदी अगले हफ्ते जकार्ता की यात्रा करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन मे भाग लेने के लिए इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता की छह और सात सितंबर को यात्रा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मोदी 10 देशो के संगठन दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों के समूह (आसियान) के नेताओं के साथ चर्चा करेंगे। इस वार्ता के केंद्र मे आसियान के साथ भारत के बढ़ते व्यापार और सुरक्षा संबंध के रहने की संभावना है। पिछले साल दोनो पक्षो के बीच संबंधो के व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ने के बाद यह पहला आसियान-भारत शिखर सम्मेलन होगा। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान मे कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंडोनेशिया गणराज्य के राष्ट्रपति जोको विडोडो के आमंत्रण पर छह से सात सितंबर तक जकार्ता की यात्रा करेंगे। इसमे कहा गया कि प्रधानमंत्री 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेल मे शामिल होने के साथ 18वीं पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन मे हिस्सा लेंगे, जिसकी मेजबानी आसियान के मौजूदा अध्यक्ष के रूप मे इंडोनिशया कर रहा है। इसमे कहा गया कि शिखर सम्मेलन भारत-आसियान संबंधो की प्रगति की समीक्षा करेगा और सहयोग के लिए भविष्य की दिशा तय करेगा। आसियान के 10 सदस्य देश इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्यांमा और कंबोडिया है।

# रजिस्ट्रार ने धमकी भरा पत्र मिलने के बाद इस्तीफे की पेशकश की, कुलपति ने उन्हें रोका

**भाषा।** कोलकाता

● जेयू रैगिंग मौत मामला

जादवपुर विश्वविद्यालय (जेयू) के छात्रावास में रैगिंग के बाद एक छात्र की मौत को लेकर जारी विवाद के बीच, कुलसचिव स्नेहामंजू बसु ने गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी भरा पत्र मिलने के बाद इस्तीफे की पेशकश की है, लेकिन कार्यवाहक कुलपति बुद्धदेव साव के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने इस्तीफे का फैसला वापस ले लिया। विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने कहा कि कुलसचिव और संयुक्त कुलसचिव संजय गोपाल सरकार को शुक्रवार को डाक से मिले गुमनाम पत्र में, मामले के संबंध में गिरफ्तार किए गए पूर्व छात्रों में से किसी एक को कोई नुकसान पहुंचाने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। कार्यवाहक कुलपति ने पीटीआई-भाषा से शनिवार को कहा कि कुलसचिव धमकी भरे पत्र को लेकर शुरू में थोड़ी सी डरी हुई थीं और उन्होंने इस्तीफे की पेशकश करने वाला ई-मेल उन्हें भेजा था। साव ने कहा, उनके मेल को पढ़ने के बाद, मैंने उनको फोन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा का आश्वासन दिया। मुझे यकीन है कि वह वर्तमान क्षमता में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि बसु ने धमकी भरा गुमनाम पत्र मिलने के सिलसिले में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। कुलसचिव ने बाद में सवाददाताओं से कहा, जब विश्वविद्यालय कठिन दौर से गुजर रहा है तब मैं अपनी जिम्मेदारियों से भागना नहीं चाहती। मैं रैगिंग विरोधी उपायों के बारे में राज्य सरकार की तथ्य-खोज टीम के प्रश्नों के साथ-साथ इसी मामले पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने में व्यस्त हूं।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की

# आरक्षण की ऊपरी सीमा हटाने, जातिगत सर्वेक्षण पर चर्चा हुई

**भाषा।** जालना(महाराष्ट्र)



**राष्ट्रवादी कांग्रेस** पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने जालना जिले की अंबड तालुका में एक दिन पहले पुलिस कार्वाई में घायल हुए मराठा कोटा आंदोलनकारियों से शनिवार को मुलाकात की और आरक्षण पर लागू 50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा हटाने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि जातिगत सर्वेक्षण , और आरक्षण की ऊपरी सीमा हटाने पर बृहस्पतिवार और शुक्रवार को हुई विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया की बैठक में चर्चा हुई। पवार ने कहा कि आंदोलनकारियों ने उन्हें बताया कि उच्च पद पर आसीन एक व्यक्ति का फोन आने पर धुले-सोलापुर मार्ग पर अंतरवाली सराटी में प्रदर्शन स्थल पर पुलिस का रवैया बदल गया। शुक्रवार को पुलिस ने वहां एक हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया था और आंसू गैस के गोले छोड़े थे। भूख हड़ताल पर बैठे एक व्यक्ति को वहां मौजूद लोगों द्वारा कथित तौर पर अस्पताल नहीं ले जाने देने के कारण पुलिस ने यह कार्वाई की थी। यहां भड़की हिंसा के दौरान करीब 40 पुलिसकर्मी और कई प्रदर्शनकारी घायल हुए तथा इस दौरान कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। अप्रिय घटनाओं में कथित संलिप्तता को लेकर 350 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। राकांपा प्रमुख ने यहां दोपहर में एक स्थानीय अस्पताल में घायलों से बात करते हुए कहा कि मराठा समुदाय के लिए नौकरियों और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण मांग रहे लोगों को ऐसा शांतिपूर्वक करना चाहिए, संयम बरतना चाहिए और वे शांति बनाए रखें। पवार ने उन्हें अपने समर्थन का आश्वासन दिया, और शुक्रवार की पुलिस कार्वाई स्थल पर भूख हड़ताल पर बैठे कई आंदोलनकारियों से भी मुलाकात की। घायलों से मिलने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए राकांपा प्रमुख ने कहा कि (50 प्रतिशत की ऊपरी सीमा हटाने और जातिगत सर्वेक्षण के) मुद्दों पर (विपक्षी गठबंधन) की बैठक में चर्चा हुई, लेकिन अंतिम फैसले पर नहीं पहुंचा जा सका। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, हम इन मुद्दों को संसद में उठाएंगे। उन्होंने घटना के लिए राज्य के गृह विभाग को जिम्मेदार ठहराया और पुलिस कार्वाई को अमानवीय करार दिया। पवार ने संवाददाताओं से कहा, प्रदर्शनकारियों ने मुझसे कहा कि आंदोलन शांतिपूर्ण था और स्थानीय प्रशासन के साथ चर्चा जारी थी। प्रदर्शनकारी गृह मंत्री (और उपमुख्यमंत्री) देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने मुझे बताया कि पुलिस को एक उच्च पदस्थ व्यक्ति का फोन आया और फिर उसका रवैया बदल गया।

### लालू ने राहुल को अपने हाथ से बना मटन खिलाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपने हाथ का बना मटन खिलाने के साथ राजनीतिक मसाला का मतलब समझाते हुए कहा है कि नेता को संघर्ष करना चाहिए और अन्याय के खिलाफ लड़ना चाहिए। राहुल गांधी ने लालू प्रसाद के साथ अपनी दिलचस्प मुलाकात का एक वीडियो शनिवार को यूट्यूब पर जारी किया। राज्यसभा सदस्य और लालू प्रसाद की पुत्री मीसा भारती के दिल्ली स्थित आवास पर राहुल गांधी के लिए लालू प्रसाद ने मटन बनाया। वीडियो में राजद प्रमुख यह कहते है कि उन्होने यह मटन बिहार से मंगवाया है। वीडियो के मुताबिक, कांग्रेस नेता अपनी बहन प्रियंका वाड्रा के लिए भी लालू के हाथ का बना मटन लेकर गए। राहुल गांधी पूछते है कि आपने पहली बार खाना बनाना कब सीखा ? इस पर लालू प्रसाद ने जवाब दिया, छह-साल की उम्र से खाना बनाना सीखा। मेरे भाई लोग पटना मे काम करते थे, उनके साथ आया, वहीं पर हमने सीखा। वीडियो मे लालू प्रसाद यह भी कहते है कि बिहार के पकवानो के अलावा वह थाई भोजन पसंद करते है। वीडियो मे राहुल गांधी कहते है कि वह लालू प्रसाद के राजनीतिक ज्ञान का बहुत सम्मान करते है। इस वीडियो में लालू प्रसाद से राहुल गांधी पूछते है कि राजनीतिक मसाला क्या होता है। इस पर लालू प्रसाद ने जवाब दिया, राजनीतिक मसाला होता है कि संघर्ष करिए। कही अन्याय देख रहे है, तो उसके खिलाफ लड़ाई लड़िए।

# भारत में 2080 तक भूजल में तीन गुना कमी हो सकती है : अध्ययन

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत के** किसानों ने यदि मौजूदा दर से भूजल का दोहन जारी रखा तो 2080 तक तो भूमिगत जल में तीन गुना कमी हो जाएगी, जो देश के खाद्य और जल सुरक्षा को खतरा पैदा कर सकता है। एक नए अध्ययन में यह कहा गया है। अमेरिका स्थित मिशिगन विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि जलवायु के गर्म होने के कारण भारत में किसान सिंचाई के लिए भूजल का अधिक दोहन करने के लिए मजबूर हुए हैं। साइंस एडवांसेज पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, नतीजतन जल की घटी हुई उपलब्धता देश की 1.4 अरब आबादी के एक तिहाई से अधिक हिस्से की आजीविका को जोखिम में डाल सकती है, जिसके वैश्विक परिणाम हो सकते हैं। अध्ययन की वरिष्ठ लेखिका एवं विश्वविद्यालय के स्कूल फॉर इन्वायरोन्मेंट एंड सस्टेनेबलिटी में प्रोफेसर मेहा जैन ने कहा, भारत के भूजल का सबसे अधिक दोहन करने वाला देश होने और क्षेत्रीय एवं वैश्विक खाद्य आपूर्ति के लिए इसके (भूमिगत जल के) एक महत्वपूर्ण संसाधन होने चलते यह एक चिंता का विषय है। अध्ययन में, जलवायु के गर्म होने के चलते भूजल के दोहन में हालिया बदलावों का विश्लेषण किया गया है। इसके तहत भूजल के स्तर के ऐतिहासिक आंकड़ों और भारत में भूजल में कमी के भविष्य के आंकड़ों का आकलन किया गया। शोधार्थियों ने कहा कि इसके अलावा, इसने उष्ण परिस्थितियों में सिंचाई बढ़ने की जरूरत पर भी गौर किया, जिससे जल की मांग बढ़ने की संभावना है।

# बारिश ने कराया भारत और पाकिस्तान का मैच रद्द

## ● एशिया कप : ईशान और हार्दिक की उम्दा पारियां

**भाषा।** पालेकल



हार्दिक पंड्या और ईशान किशन ने शाहीन शाह अफरीदी के दिए शुरूआती झटकों से भारतीय पारी को उबारा लेकिन बारिश के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को एशिया कप का मैच रद्द हो गया और दोनों टीमों ने अंक बांटे। भारतीय टीम 48 . 5 ओवर में 266 रन पर आउट हो गई थी। ईशान ने 81 गेंद में 82 और पंड्या ने 90 गेंद में 87 रन बनाए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 141 गेंद में 138 रन की साझेदारी करके टीम को मजबूत स्कोर दिया। इस मैच के बाद पाकिस्तान ग्रुप ए में तीन अंक लेकर शीर्ष पर है और उसका सुपर फोर में पहुंचना भी तय हो गया। भारतीय टीम का यह पहला मैच था और उसके एक ही अंक है। उसे सोमवार को नेपाल से खेलना है जिसमें जीतने पर वह भी सुपर फोर में पहुंच जाएगा। मैच रद्द होने से भले ही प्रशंसकों को निराशा हुई हो लेकिन दोनों टीमों के लिए इसमें कुछ बातें सकारात्मक भी रही। भारत के लिए ईशान और पंड्या की पारी और पाकिस्तान के लिए उसके तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ़ और नसीम शाह का प्रदर्शन काबिले तारीफ था। अफरीदी और हारिस रऊफ़ ने मिलकर भारत के शीर्षक्रम के चार विकेट 14 .। ओवर में 66 रन पर निकाल दिए थे। आम तौर पर बड़े शॉट खेलने वाले ईशान और पंड्या दोनों को पाकिस्तान के तूफानी तेज आक्रमण का सामना करने के लिए संयम के साथ खेलना पड़ा। उन्होंने शॉट्स के चयन में सावधानी बरतनी पड़ी ताकि विकेट सुरक्षित रहें। अफरीदी ने 35 रन देकर चार विकेट लिए जबकि रऊफ़ ने 58 रन देकर तीन विकेट निकाले। नसीम शाह को भी तीन विकेट मिले। बड़े स्ट्रोक्स खेलना आसान नहीं था तो पंड्या और किशन ने इक्के दुक्के रन लेकर पारी को आगे बढाया। भारत के 50 रन सिर्फ 52 गेंद में पूरे हुए। साझेदारी की शुरूआत में ईशान आक्रामक थे तो पंड्या उनके सहयोगी की भूमिका निभा रहे थे। ईशान पहली बार चौथे नंबर से नीचे बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन तनिक भी विचलित नहीं दिखे। पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम ने अपने स्पिनरों शादाब खान, मोहम्मद नवाज और सलमान आगा को भी लंबे स्पैल दिए जिससे ईशान को क्रीज पर जमने में सुविधा हुई। उन्होंने अपना अर्धशतक सिर्फ 54 गेंद में पूरा किया और शतक की ओर बढते दिख रहे थे। लेकिन रऊफ़ को ऊंचा पूल शॉट खेलने के प्रयास में सर्कल के भीतर बाबर को कैच दे बैठे। उनकी पारी से हालांकि मध्यक्रम में सही संयोजन तलाश रहे भारतीय टीम प्रबंधन ने राहत की सांस ली होगी। ईशान के आउट होने के बाद पंड्या ने भारतीय पारी का दारोमदार संभाला। उन्होंने मिडविकेट पर नवाज को गगनभेदी छक्का जड़ा। अफरीदी ने हालांकि धीमी गेंद पर उन्हें एक्स्ट्रा कवर में सलमान के हाथों लपकवाया। इसके बाद जसप्रीत बुमराह ने भारत को 250 के पार पहुंचाया। भारतीय पारी का अंत होते ही बारिश फिर शुरू हो गई।

### स्कोरबोर्ड

**भारत :** रोहित बो शाहीन अफरीदी 11, गिल बो हारिस रऊफ 10,कोहली बो शाहीन अफरीदी 04 अय्यर का फखर जमां बो हारिस रऊफ 14, किशन का बाबर आजम बो हारिस रऊफ 82, पंड्या का आगा सलमान बो शाहीन अफरीदी 87, जडेजा का मोहम्मद रिजवान बो शाहीन अफरीदी 14 शार्दुल का शादाब खान बो नसीम शाह 03,कुलदीप का रिजवान बो नसीम 04, बुमराह का आगा सलमान बो नसीम शाह 16, सिराज नाबाद 01,**अतिरिक्त :** 20,**कुल योग :** 48.5 ओवर में 266 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन :**I-15, 2-27, 3-48, 4-66, 5-204, 6-239, 7-242, 8-242, 9-261 ,**गेंदबाजी :**अफरीदी 10-2-35-4,शाह 8.5-0-36-3, रऊफ 9-0-58-3,खान 9-0-57-0, नवाज 8-0-55-0, सलमान 4-0-21-0

## भारत और पाक की प्रतिद्वंदिता के बीच खिलाड़ियों में हैं मधुर संबंध

**पालेकल ( श्रीलंका )।** विराट कोहली पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ़ के पास जाते हैं, उन्हें गले लगाते हैं और फिर आपस में कुछ बातें करके हंसने लग जाते हैं। भारत और पाकिस्तान को क्रिकेट के मैदान पर चिर प्रतिद्वंदी माना जाता है लेकिन इन दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच अच्छे संबंध रहे हैं जिसकी एक बानगी कोहली और रऊफ़ की मुलाकात ने यहां पेश की। कोहली ने बाद में पाकिस्तान के उप कप्तान शादाब खान से भी मुलाकात की और उनके साथ कुछ पल बिताए। यही नहीं भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने रऊफ़ के साथ पालेकल की पिच को लेकर चर्चा की। भारत और पाकिस्तान के खिलाड़ियों के बीच इस तरह की मुलाकात के वीडियो को सोशल मीडिया पर काफी सराहा गया है। मैच के दिन भी दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल दिखा। भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल साइट स्क्रीन की परेशानी को दूर करने के लिए उस वक्त क्रीज से पीछे हट गए जब तेज गेंदबाज नसीम शाह ने गेंद डालने के लिए अपना रनअप लगभग पूरा कर लिया था। नसीम ने इसका जवाब गुस्सा दिखाने की जगह मुस्कुरा कर दिया जो दोनों देशों के इस दौर के खिलाड़ियों के बीच बेहतर रिश्ते को दर्शाता है। शाहीन शाह अफरीदी भी अपनी बलखाती गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों को छकाने के बाद चेहरे पर मुस्कान रखे हुए थे जबकि अतीत में ऐसे स्थित पर गेंदबाज बल्लेबाजों को आंख दिखाना पसंद करते थे। यह 80 और 90 के दशक के किसी क्रिकेट प्रेमी के लिए हैरानी भरा दृश्य हो सकता है क्योंकि तब इन दोनों देशों के क्रिकेटर सार्वजनिक तौर पर एक दूसरे से मिलने से कतराते थे। यह अलग बात है कि पर्दे के पीछे उनके बीच अच्छे संबंध थे। इमरान खान और वसीम अकरम व्यक्तिगत आमंत्रण पर नई दिल्ली या मुंबई आते रहते थे। यही नहीं दुबई के होटलों में उनके बीच अच्छी गपशप चलती रहती थी। लेकिन ऐसा वे सार्वजनिक तौर पर नहीं करते थे।लेकिन लगता है कि खिलाड़ियों की इस पीढ़ी ने समझ लिया है कि क्रिकेट महज एक खेल है या फिर वे इतने साहसी हो गए हैं कि इस तरह के मामलों में खुद निर्णय ले सकते हैं।

## दीक्षा की बढ़त बरकरार, चार भारतीयों ने बनाई कट में जगह

**डबलिन (आयरलैंड)।** बेहतरीन फॉर्म मे चल रही भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरिश ओपन महिला गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दौर मे तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर अपनी एकल बढ़त बरकरार रखी। दीक्षा ने अंतिम चार होल मे तीन बर्डी बनाकर दूसरे दौर का शानदार अंत किया। उन्होंने पहले दौर मे सात अंडर 65 का कार्ड खेला था। इस तरह से अब उनका कुल स्कोर 10 अंडर है। उन्होंने नीदरलैंड की ऐनी वान डैम (69-66), भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी गुरलीन कौर (66-69) और इटली की एम्मा ग्रेची (66-69) पर एक शॉट की बढ़त बना रखी है।

## पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे भुवनेश्वर और गुवाहाटी

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर और गुवाहाटी फीफा विश्व कप 2026 और एफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड दो मे भारत के पहले दो घरेलू मैचों की मेजबानी करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत को एशियाई क्वालीफायर्स मे ग्रुप ए मे कतर, कुवैत तथा अफगानिस्तान और मंगोलिया के बीच होने वाले प्रारंभिक संयुक्त क्वालीफिकेशन राउंड एक के विजेता के साथ रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 16 नवंबर को कुवैत के खिलाफ विदेश मे होने वाले मैच से करेगी।

## अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ा संदेश दिया है: जोकोविच

**न्यूयॉर्क।** नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे पहले दो सेट गंवाने के बावजूद जीत दर्ज करने के बाद कहा कि इससे उनके भावी प्रतिद्वंद्वियो के पास कड़ा संदेश चला गया है कि वह अब भी पांच सेट तक चले मुकाबले मे जीत दर्ज करने मे सक्षम है। सर्बिया के इस खिलाड़ी ने मैच के बाद कहा, निश्चित तौर पर इससे बाकी खिलाड़ियों के पास संदेश चला गया है कि मै अब भी देर रात तक पांच सेट तक खेलने मे सक्षम हूं। पहले दो सेट गंवाने के बाद जीत दर्ज करने पर भावी प्रतिद्वंद्वियो के पास हमेशा कड़ा संदेश जाता है। जोकोविच ने कहा, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मै आगे के मैचो मे इस तरह की स्थिति मे नही पड़ना चाहता हूं। मै सीधे सेटो मे जीत दर्ज करने को प्राथमिकता देता हूं। उम्मीद है कि अगले मैच मे मै ऐसा करने मे सफल रहूंगा।

## अनुबंध के उल्लंघन के लिए स्टिमक को कारण बताओ नोटिस

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ)ने शनिवार को सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक को अनुबंध के उल्लंघन के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के कुछ क्लब एशियाई खेलों, विश्व कप क्वालीफायर और एशियाई कप की तैयारी के लिए राष्ट्रीय शिविर के लिए अपने खिलाड़ियों को रिलीज नही करना चाहते जिससे स्टिमक ने इन क्लबों की आलोचना की।। स्टिमक ने कहा कि अगर भारतीय फुटबॉल को उनकी मदद की जरूरत है तो उन्हें सच बताना ही होगा। क्रोएशिया के पूर्व डिफेंडर की खुलकर की गई यह टिप्पणी एआईएफएफ के अधिकारियो को पंसद नही आई और उन्होंने कोच से इसका जवाब मांगा है। एआईएफएफ के एक करीबी सूत्र ने पीटीआई से कहा, यह महज हाल की टिप्पणी के बारे में नही है बल्कि ऐसा पिछले कुछ समय से हो रहा है। वह एआईएफएफ के साथ अपने अनुबंध की शर्तो का उल्लघंन कर रहे है।

## एशियाई खेलों और निशानेबाजी चैम्पियनशिप के लिए टीम घोषित की

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने शनिवार को आगामी एशियाई खेलों के लिए 33 और एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप के लिए 35 सदस्ईय भारतीय टीम की घोषणा की। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से चीन के हांगझोउ में होगा जबकि एशियाई चैम्पियनशिप का आयोजन 22 अक्टूबर से दो नवंबर तक दक्षिण कोरिया के चांगवोन में होगा। एशियाई निशाने चैम्पियनशिप में पेरिस ओलंपिक के लिए 24 कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे, जिसमें पिस्टल, राइफल और शॉटगन के ओलंपिक में शामिल 12 स्पर्धाओं में से प्रत्एक में दो-दो कोटा होगा। भारत एशियाई चैंपियनशिप में चार मिश्रित टीम स्पर्धाओं सहित सभी 16 स्पर्धाओं में भाग लेगा। टीम में चार अतिरिक्त निशानेबाजों रुद्राक्ष पाटिल, मेहुली घोष, सिफ्ट कौर समरा और राजेश्वरी कुमारी को शामिल किया गया है, जो सिर्फ रैंकिंग अंक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

# भारत-पाक मैच में खाली स्टेडियम से उठे सवाल



**भाषा।** पालेकल

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट में भारत और पाकिस्तान का मुकाबला सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरने वाला होता है और स्टेडियम आम तौर पर दोनों देशों के दर्शकों से खचाखच भरे रहते है लेकिन श्रीलंका में एशिया कप के दौरान नजारा इसके उलट दिखा। भारत और पाकिस्तान अपने एशिया कप 2023 ग्रुप ए मैच में एक-दूसरे का सामना कर रहे थे तब स्टेडियम के कई हिस्से खाली थे। स्टेडियम में प्रशंसक दोनों देशों का झंडा लहरा रहे थे, जयकार कर रहे थे, तालियां बजा रहे थे लेकिन उनकी संख्या में इतनी नहीं थी , जितनी अक्सर इन दोनों देशों के मैचों में होती है। यहां स्टैंड और घसियाले (बिना स्टैंड वाले) दर्शकदीर्घा में कई स्थान खाली थे जो आम तौर पर भारत-पाक क्रिकेट मुकाबले के दौरान देखने को नहीं मिलता।श्रीलंका क्रिकेट के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, जैसा कि आप देख सकते हैं, टिकटें पूरी तरह से नहीं बिकी हैं। दरअसल कैंडी और कोलंबो में कल शाम को भी टिकटों की बिक्री जारी थी। ग्रैंड स्टैंड में अधिक दाम वाले टिकटों के लिए अधिक खरीदार नहीं थे। शुरुआत में टिकटों का न्यूनतम मूल्य 20 अमेरिकी डॉलर (लगभग 6400 श्रीलंकाई रुपए) था, लेकिन बाद में इसे घटाकर 1500 श्रीलंकाई रुपए कर दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम का पाकिस्तान और नेपाल से जुड़े दोनों मैचों के लिए टिकट खरीदने पर यह 2560 श्रीलंकाई रुपए का कर दिया गया। इसके बावजूद टिकटों के लिए कोई खास भीड़ नहीं उमड़ी और कुछ प्रशंसक इससे काफी खुश थे। कोलंबो में अपना व्यवसाय चलाने वाले वरुण ने कहा, टिकट आसानी से उपलब्ध थे। वास्तव में, मुझे कल कोलंबो में टिकट मिला। हमने सोचा कि टिकट उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि यह भारत बनाम पाकिस्तान मैच है। हम इससे खुश है कि बिना किसी भीड़ के भारत बनाम पाकिस्तान मैच देख सकते हैं। इस स्थिति से मैदान के अधिकारियों को हालांकि निराशा हुई है। एक अधिकारी ने कहा, यह आश्चर्यचकित करने वाला है। मैं यह मान सकता हूं कि ग्रैंडस्टैंड के टिकट का दाम अधिक है लेकिन स्टेडियम के अन्य हिस्सों के टिकट महंगे नहीं है। यह सप्ताहांत का समय है और लोगों के लिए यहां आने का अच्छा मौका था। मुझे लगता है कि बारिश के पूर्वानुमान के कारण दर्शकों ने ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई। अनुमान से कम प्रशंसकों की भीड़ ने होटल मालिकों और टूर ऑपरेटरों को भी निराश कर दिया है। लगभग सभी होटलों में कमरे उपलब्ध थे।

## श्रीलंका क्रिकेट ने सभी घरेलू टूर्नामेंट स्थगित किए

**कोलंबो।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने उन सभी घरेलू टूर्नामेंट को तत्काल प्रभाव से अस्थाई तौर पर स्थगित कर दिया है जिनका आयोजन बोर्ड करता है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, श्रीलंका क्रिकेट ने बोर्ड द्वारा आयोजित सभी घरेलू टूर्नामेंटों को तुरंत प्रभाव से रोकने का फैसला किया है। जिन प्रतियोगिताओ को रोका गया है उनमे मौजूदा मेजर क्लब तीन दिवसीय टूर्नामेंट और इंविटेशनल क्लब टियर बी तीन दिवसीय टूर्नामेंट भी शामिल है। इसमें कहा गया है, श्रीलंका क्रिकेट स्पष्टीकरण नही मिलने का उन सभी घरेलू टूर्नामेंट को स्थगित करने के लिए मजबूर है जिनका आयोजन बोर्ड करता है। रिपोर्ट के अनुसार यह स्थिति एसएलसी के 2021 मे अपनी घरेलू प्रतियोगिताओ को नया स्वरूप देने को लेकर उठे विवाद के कारण पैदा हुई। कई पक्षो ने श्रीलंका क्रिकेट के इस कदम का विरोध किया था।

## ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका से टी20 श्रृंखला जीती

**डरबन।** कप्तान मिशेल मार्श ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी जबकि मैथ्यू शार्ट ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे आस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच मे दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर तीन मैचो की श्रृंखला मे अजेय बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया जिसने आठ विकेट पर 164 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 165 रन बनाकर 31 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। बुधवार को खेले गए पहले मैच मे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 92 रन की पारी खेलने वाले मार्श ने दूसरे मैच मे नाबाद 76 रन बनाए जबकि शार्ट ने 30 गेंदो पर 66 रन की पारी खेली। इन दोनो ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच 111 रन के बड़े अंतर से जीता था। तीसरा और अंतिम मैच रविवार को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नही रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 46 रन था। कप्तान एडेन मार्कराम (49), सलामी बल्लेबाज तेबा बावुमा (35) और ट्रिस्टिन स्टब्स (27) के प्रयासो से वह सम्मानजनक स्कोर बनाने मे सफल रहा। मार्कराम ने स्टब्स के साथ 51 रन और गेराल्ड कोएट्ज़ी (11) के साथ 41 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सीन एबोट और नाथन एलिस ने तीन-तीन विकेट लिए।

## श्रीलंका से शिकस्त के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की नजरें जीत दर्ज करने पर

**लाहौर।** एशिया कप एकदिवसीय टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में लचर बल्लेबाजी के कारण शिकस्त का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम जब अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को लीग चरण के अपने दूसरे मैच के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत दर्ज कर सुपर फोर चरण की दौड़ में बने रहने की होगी। इस मैच मे हार से बांग्लादेश पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा रहेगा। श्रीलंका के खिलाफ टीम पालेकल के मैदान पर महज 164 रन पर आउट हो गई। नजमुल हसन शंटो (122 गेंद में 89 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज योगदान देने में विफल रहा। कप्तान शाकिब अल हसन से टीम को बल्ले से योगदान की उम्मीदें थी लेकिन वह टीम के खिलाड़ियो को प्रेरित करने मे नाकाम रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्हे हालांकि मध्यक्रम मे अपनी भूमिका को अच्छे से निभानी होगी। इस विभाग मे वह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम से जिम्मेदारी साझा करने की उम्मीद करेंगे। युवा सलामी बल्लेबाजो मोहम्मद नईम और तंजीद हसन को टीम को बेहतर शुरुआत दिलानी होगी। गेंदबाजी की बात करे तो पिछले मैच मे तस्कीन अहमद प्रभावशाली लगे थे लेकिन शरीफुल इस्लाम की गेंदो मे पैनापन की कमी दिखी थी।

## बेयरस्टो और ब्रूक ने दिलाई इंग्लैंड को बड़ी जीत

**मैनचेस्टर।** सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और मध्यक्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक के अर्धशतकों के बाद गस एटकिंसन के अपने पदार्पण मैच मे चार विकेट की मदद से इंग्लैंड ने शुक्रवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे न्यूजीलैंड को 95 रन से करारी शिकस्त दी। बेयरस्टो ने 60 गेंदो पर नाबाद 86 रन बनाए जबकि ब्रूक ने 36 गेंदो पर 67 रन की तूफानी पारी खेलकर विश्वकप की टीम मे जगह बनाने के लिए अपना मजबूत दावा पेश किया। इन दोनो के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की मदद से इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 198 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब मे 13.5 ओवर मे 103 रन पर आउट हो गई। इस तरह से इंग्लैंड ने चार मैचो की श्रृंखला मे 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। इंग्लैंड ने डरहम में खेले गए पहले मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की थी। न्यूजीलैंड के केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक मे पहुंचे जिनमे से टिम सीफर्ट ने सर्वाधिक 39 रन बनाए। इंग्लैंड की तरफ से अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेल रहे तेज गेंदबाज एटकिंसन ने 20 रन देकर चार विकेट लिए जबकि स्पिनर आदिल राशिद ने 18 रन देकर दो विकेट हासिल किए। तीसरा मैच रविवार को एजबेस्टन मे खेला जाएगा।

# जोकोविच अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में



## ● कोको गॉफ चौथे दौर में, रायबाकिना बाहर

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**नोवाक जोकोविच** ने कभी हार नहीं मानने के अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश करते हुए पहले दो सेट गंवाने के बावजूद जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया। जोकोविच ने तीसरे दौर में लास्लो जेरे को साढ़े तीन घंटे तक चले मैच में 4-6, 4-6, 6-।, 6-।, 6-3 से पराजित किया। यह मैच शुक्रवार को शुरू हुआ और शनिवार को एक बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुआ। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, यकीन मानिए, यह मैच आखिरी शॉट तक तनावपूर्ण रहा। शुरू में मेरे पास कोई विकल्प नहीं था लेकिन तीसरे सेट से मैंने बेहतर खेल दिखाया। जब मैंने तीसरे सेट में ब्रेक प्वाइंट लिया तो तब मुझे लगा कि मेरे पास मौका है। यह जोकोविच के करियर में आठवां अवसर है जबकि उन्होंने पहले दो सेट गंवाने के बाद मैच जीता। अपने करियर में पांच सेट तक चले मैचों में उन्होंने 38 बार जीत दर्ज की है जबकि 11 बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इस बीच महिला एकल में अमेरिका की कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मैच में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया लेकिन चौथी वरीयता प्राप्त एलिना रायबाकिना को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और आखिरी 10 गेम जीतकर 32वीं वरीय एलिस मर्टन्स को 3-6 6-3 6-0 से हराया। पिछले साल अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली गॉफ को फिर से अंतिम आठ में प्रवेश करने के लिए 33 वर्षीय कैरोलिन वोज्नियाकी की कड़ी चुनौती से पार पाना होगा। ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2018 की विजेता वोज्नियाकी का संन्यास से लौटने के बाद यह तीसरा टूर्नामेंट है। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रायबाकिना तीसरे दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही। उन्हें सोरेना क्रिस्टिया ने तीन सेट तक चले मैच में 6-3, 6-7 (6), 6-4 से पराजित किया। क्रिस्टिया पहली बार अमेरिकी ओपन के चौथे दौर में पहुंची है। उनका अगला मुकाबला 15वीं वरीयता प्राप्त

## बोपन्ना व एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में

**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी अमेरिकी ओपन पुरूष युगल के तीसरे दौर मे पहुंच गई। उन्होंने कजाखस्तान के आंद्रेइ गोलुबेव और रूस के रोमन सफीयूलिन को सीधे सेटो मे हराया। छठी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन ने यह मुकाबला 6-3, 6-3 से जीता। अब उनका सामना ब्रिटेन की गैर वरीय हेनरी पाटेन और जूलियन कैश की जोड़ी से होगा। अंतिम 16 मे पहुंचकर उन्होने अपने लिए 58000 डॉलर ईनामी राशि भी पक्की कर ली। बोपन्ना और एडबेन ने सात मे से तीन ब्रेक प्वाइंट भुनाए जबकि विरोधी टीम एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नही कर सकी।

## भारत ने बांग्लादेश को हराकर सैफ अंडर 16 अभियान का आगाज किया


**भाषा।** थिम्पू

**भारत** की अंडर 16 पुरूष टीम ने बांग्लादेश को। - 0 से हराकर सैफ अंडर 16 फुटबॉल चैम्पियनशिप में जीत के साथ आगाज किया। अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही कोच इशफाक अहमद की भारतीय टीम को बांग्लादेश के गोलकीपर नाहिदुल इस्लाम ने खुलकर नहीं खेलने दिया। थोंगाम्बा सिंह उशाम ने विजई गोल 74वें मिनट में दागा। भारत ने आक्रामक शुरूआत की और विशाल यादव ने पहले हाफ में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 14वें मिनट में भरत लालरेंजाम को गेंद सौंपी जिसके प्रयास को इस्लाम ने बचा लिया। बांग्लादेश को भी कई मौके मिले लेकिन उन्हें वे फिनिश नहीं कर सके। दूसरे हाफ में भी भारत ने आक्रमण जारी रखा और 74वें मिनट में कामयाबी भी मिली। स्थानापन्न खिलाड़ी मनभाकुपार एम ने विरोधी से गेंद छीनकर गोल पर दागी लेकिन इस्लाम ने उसे बचा लिया।

## डूरंड कप खिताब के लिए आमने सामने होंगे चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान और ईस्ट बंगाल

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट्स रविवार को यहां डूरंड कप के फाइनल मे खिताब के लिए चिर प्रतिद्वंद्वी ईस्ट बंगाल एफसी से भिड़ेगा जो टूर्नामेंट के 2004 फाइनल का दोहराव होगा। सॉल्ट लेक स्टेडियम मे दो दिग्गज क्लबों के बीच यह मुकाबला तनाव और भावनाओ का द्वंद्व होगा। स्टेडियम दोनो टीमो के खेल प्रेमी हरे-महरून और लाल-सुनहले रंग की जर्सी से भरा होगा। दोनो टीमें 2004 डूरंड कप फाइनल मे भी एक दूसरे से भिड़ी थी जिसमें ईस्ट बंगाल ने 2-। की जीत से बाजी मारी थी। ईस्ट बंगाल और मोहन बागान 16-16 मौको पर ट्राफी जीतकर बराबरी पर है। ईस्ट बंगाल ने पिछली बार यह खिताब 2004 मे जीता था जबकि मोहन बागान ने पिछली बार यह ट्राफी 2000 मे हासिल की थी। ईस्ट बंगाल का इस साल टूर्नामेंट मे प्रदर्शन शानदार रहा है जिसने पांच मैच खेले है जिसमे उसने चार मे जीत हासिल की जबकि एक मैच ड्रा खेला। कोच कार्ल्स कुआद्रत अपनी टीम की जीत की लय से काफी खुश है लेकिन वह जीत के अंतर से थोड़ा चिंतित है। हमने ज्यादातर मैच करीबी अंतर से जीते है। काफी दफा उन्होने (ईस्ट बंगाल) गोल गंवा दिए। इसलिए यह फुटबॉल का शानदार मैच होगा जिसमे हम जीत दर्ज करने के लिए अपने सभी हथियार इस्तेमाल करने की कोशिश करेंगे। मोहन बागान की टीम खिताब के 23 साल के इंतजार को समाप्त करना चाहेगी। मौजूदा इंडियन सुपर लीग चैम्पियन होने के नाते इस मुकाबले मे उसका पलड़ा थोड़ा भारी है लेकिन ईस्ट बंगाल इतना अच्छा खेल रही है कि उसे हराना मुश्किल होगा।

# साबले पांचवें स्थान पर रहे



## ● डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**भाषा।** जियामेन (चीन)

**भारतीय** एथलीट अविनाश साबले ने शनिवार को जियामेन डायमंड लीग चरण की पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपचलेस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहकर इस महीने के अंत में अमेरिका के यूजीन में होने वाले ग्रांड फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। साबले (28 वर्ष) पिछले महीने हंगरी में विश्व चैम्पियनशिप के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे थे। उन्होंने शनिवार को आठ मिनट 16.27 सेकेंड का समय निकाला लेकिन यह उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ 8:11.63 और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 8:11.20 के समय से काफी कम रहा। ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सोफियाने एल बक्काली ने आठ मिनट 10.31 सेकेंड के समय से रेस जीती। इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु (8:11.29) दूसरे और कीनिया के अमोस सेरेम (8:14.41) तीसरे स्थान पर रहे। वर्ष 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता साबले ने रेस से चार अंक जुटाए जिससे इस सत्र की चार लीग से उनके कुल 11 अंक हो गए। इससे उन्होंने छठे स्थान से 16 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होने वाले डायमंड लीग के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

# पाकिस्तान को शूटआउट में हराकर भारत ने पहला हॉकी -5 एशिया कप जीता



**सालालाह ( ओमान )।** भारत ने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को रोमांचक शूटआउट में 2-0 से हराकर पहला पुरूष हॉकी 5 एशिया कप जीत लिया है। निर्धारित समय तक स्कोर 4-4 से बराबर था। इस जीत के साथ ही भारत ने एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 में भी प्रवेश कर लिया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। वहीं गुरजोत सिंह और मनिंदर सिंह ने शूटआउट में गोल किए। पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे। इससे पहले भारत ने शनिवार को ही सेमीफाइनल में मलेशिया को 10-4 से रौंदकर फाइनल में प्रवेश किया था। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में ओमान को 7-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। भारत को टूर्नामेंट के एलीट पूल चरण के मैच में पाकिस्तान से 4-5 से हार मिली थी।

## एशियाड में दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालना मुश्किल होगा: अमोज जैकब

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम के सदस्य अमोज जैकब को लगता है कि विश्व चैम्पियनशिप का प्रदर्शन मनोबल बढ़ाने वाला है लेकिन एशियाई खेलो मे इसे दोहराना मुश्किल होगा क्योंकि प्रतिस्पर्धिता कम होगी। जैकब, मोहम्मद अनस याहिया, मोहम्मद अजमल वारियाथोडी और राजेश रमेश ने पिछले हफ्ते दो मिनट 59.05 सेकेंड का समय निकालकर एशियाई रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारतीय पुरुष रिले टीम को विश्व चैम्पियनशिप मे पहला पदक दिलाया था। एशियाई खेलो मे यह चौकड़ी स्वर्ण पदक जीतने की प्रबल दावेदार होगी। जेएसडब्ल्यू द्वारा कराई गई ऑनलाइन बातचीत के दौरान जैकब ने कहा, निश्चित रूप से हमारे लिए दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालना मुश्किल होगा क्योंकि हमे एशियाई खेलो मे किसी से भी ज्यादा चुनौती नही मिलेगी। हर कोई हमारी ओर देख रहा होगा। जैकब ने कहा, मुझे लगता है कि जापान प्रतिस्पर्धी होगा। टाइमिंग के बारे मे नही पता, उस दिन कुछ भी हो सकता है। भारतीय टीम फाइनल मे दो मिनट 59.92 सेकेंड के समय से पांचवे स्थान पर रही। जैकब ने खुलासा किया कि हीट (क्वालीफाइंग रेस) के बाद टीम थकान महसूस कर रही थी। हीट से पहले हम दो मिनट 58 सेकेंड का समय निकालने पर ध्यान लगा रहे थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।